RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 116
फरीदाबाद, शुक्रवार, 02 जून, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



पुजारा और कोहली के बारे में बात करेगा ऑस्ट्रेलिया

पेज - 12

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 62,428 | ▼ | 193.70 |
| निफ्टी | 18,487 | ▼ | 46.65 |
| सोना | 60,250 | ▼ | 150 /10 gm |
| चांदी | 72,900 | ▲ | 150 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 35.00°C
न्यूनतम 24.00°C

## क्विक न्यूज

### कर्नाटक: चामराजनगर में आइएएफ का एयरक्राफ्ट क्रैश



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के चामराजनगर में गुरुवार को आइएएफ का सूर्य किरण एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया। यह हादसा भोगपुरा गांव के एक खुले मैदान में हुआ है। एयरक्राफ्ट की महिला पायलट समेत दोनों पायलट सुरक्षित हैं। आइएएफ अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए गए हैं। इस हादसे के बाद का एक वीडियो भी सामने आया है। आइएएफ ने बताया कि गुरुवार सुबह बेंगलुरु के एयरफोर्स स्टेशन से एक ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट ने उड़ान भरी थी। इसे तेजपाल और भूमिका उड़ा रहे थे। वे रूटीन ट्रेनिंग पर थे। किसी कारण से उन्होंने विमान से नियंत्रण खो दिया और यह हादसा हुआ। इस घटना में दोनों पायलट को मामूली चोटें आई हैं।

### शिक्षा विभाग के दो क्लर्क 55 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

**अंबाला।** हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की अंबाला टीम ने शिक्षा विभाग के दो क्लर्कों को रिश्वत के केस में गिरफ्तार किया है। उनकी गिरफ्तारी जिला शिक्षा अधिकारी के ऑफिस से हुई। इनमें हरीश कुमार नाम के क्लर्क ने रिटायर्ड प्रिंसिपल से बकाया एरियर जारी करने के एवज में 55 हजार मांगे थे। यही रकम लेते हुए एसीबी ने उसे रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में दूसरे क्लर्क राजकुमार की भी भूमिका पाई पाई। उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। अंबाला एसीबी इंस्पेक्टर बिमला देवी ने कहा कि दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर पूछताछ की जा रही है।

### उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में लैंडस्लाइड, तीर्थयात्री फंसे

**देहरादून।** उत्तराखंड में पिथौरागढ़ के लिपुलेख-तवाघाट मोटर मार्ग पर लैंडस्लाइड से सड़क बंद हो गई है। 30 मई की शाम लैंडस्लाइड में 100 मीटर से ज्यादा सड़क बह गई। इससे धारचूला और गुंजी में आदि कैलाश के करीब 200 तीर्थयात्री फंस गए हैं। बताया जा रहा है कि एक भारी चट्टान भी खिसक गई है। यह चट्टान धारचूला से लगभग 45 किमी ऊपर लखनपुर के पास सौ मीटर खिसक गई है।

### दिग्विजय चौटाला पर पूर्व सीएम हुड्डा ने तंज कसा, कहा


# 'ठाठ की तलाश में भाजपा में गए थे, अब कहां जाएंगे'

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**पूर्व मुख्यमंत्री** भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने जजपा के प्रधान महासचिव और डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के भाई दिग्विजय सिंह चौटाला पर तंज कसा है। पूर्व सीएम ने कहा कि ठाठ की तलाश में भाजपा में गए थे, लेकिन अब कहां जाएंगे। उनका यह बयान दिग्विजय के उस बयान पर आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि इस सरकार में वो ठाठ नहीं हैं जो चौधरी देवीलाल की सरकार में हुआ करते थे। या फिर हमारी पिछली 5 साल की सरकार में थे। वो ठाठ चाहिए तो अपने को 46 सीट चाहिए।

चंडीगढ़ में पत्रकार वार्ता में पूर्व सीएम ने कहा कि हरियाणा की जनता अब बदलाव चाहती है।





कांग्रेस भी जनता के बीच जा रही है। उन्होंने बताया कि 18 जून को पानीपत में पार्टी का बड़ा कार्यक्रम होगा। इसके अलावा उन्होंने विपक्ष आपके समक्ष कार्यक्रम में जानकारी देते हुए कहा कि भिवानी में होने वाला कार्यक्रम 25 जून की जगह अब नौ जुलाई को होगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है।

हरियाणा सरकार के कार्यकाल में अब तक 30 पेपर लीक हो चुके हैं। हाल यह है कि एचसीएस जैसी परीक्षा में ही 32 पुराने सवाल डाल दिए। एचपीएससी को लेकर उन्होंने कहा कि इसे डिसॉल्व कर देना चाहिए। यह भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। प्रदेश में विभिन्न विभागों में दो लाख पद खाली हैं, लेकिन सरकार भर्ती नहीं कर रही है।

### एचपीएससी भ्रष्टाचार का अड्डा बना, इसे डिजाल्व किया जाएं

पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि गन्नौर मंडी का जो टेंडर दिया गया था, उसमें भी घोटाला किया गया है। नियमों के अनुसार सबसे कम बोली देने वाले एल वन ठेकेदार को ठेका दिया जाना चाहिए था, लेकिन ज्यादा रकम की बोली लगाने वाले एल-टू ठेकेदार को ठेका दिया गया। हरियाणा सरकार बजट का भी पूरा इस्तेमाल नहीं कर रही है, हर बार बजट का बड़ा हिस्सा लैप्स हो रहा है। पूर्व सीएम ने सरकार को सूरजमुखी मुद्दे पर भी घेरा। उन्होंने कहा कि सूरजमुखी की फसल पर

### विभिन्न विभागों में दो लाख से ज्यादा पद खाली

6400 रुपये की एमएसपी है, लेकिन किसान को 4000 रुपए के रेट में अपनी फसल देनी पड़ रही है। भावान्तर किसानों को सिर्फ 1000 रुपये मिल रहा है, यानी उसे 1400 रुपये प्रति क्विंटल घाटा उठाना पड़ रहा है। प्रदेश में 17 लाख एकड़ से ज्यादा फसल खराब हुई। सरकार ने 3 लाख एकड़ के लिए ही मुआवजा दिया। कौशल रोजगार निगम को लेकर पूर्व सीएम ने कहा कि पहले युवा नौकरी में लगाए जाते हैं, फिर यह कहकर निकाल दिया जा रहा है कि विभाग के पास बजट नहीं है।

## प्रॉपर्टी आईडी का खेल: सत्ता की चाबी किसे सौंपेंगे, तय करेंगे त्रस्त मतदाता

**निरंजन** ने हरियाणा, फरीदाबाद में मौजूद अपना एक फ्लैट किसी शख्स को बेच दिया है। रुपये की सख्त आवश्यकता के चलते उन्हें यह प्रॉपर्टी बेचनी पड़ी। खरीद करारनामा के अनुसार उन्हें फ्लैट की रजिस्ट्री छह जून से पहले करनी है, नहीं तो कानूनन यह एग्रीमेंट की शर्तों का उल्लंघन होगा। रजिस्ट्री के लिए जब डॉक्यूमेंट राइटर ने टोकन लेना चाहा तो पता चला कि निरंजन के नाम जारी प्रॉपर्टी आइडी में कुछ गड़बड़ है, जिसे ठीक होने में कितना वक्त लग जाएगा, इसका जवाब बल्लभगढ़ नगर निगम कार्यालय में किसी अधिकारी-कर्मचारी के पास नहीं था। कार्यालय के चक्कर काटते हुए निरंजन को दस दिन बीत चुके हैं। उसे हर बार यही कहा जाता है कि लोकल बॉडी की साइट नहीं चल रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान की मानें तो हरियाणा में लंबे समय से महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के बाद चौथा सबसे बड़ा मुद्दा प्रॉपर्टी आइडी बनाने की आड़ में चल रहा भ्रष्टाचार का खेल है। उदयभान के मुताबिक इस बार वोटर्स और विपक्ष के हाथ में बहुत मुद्दे हैं लेकिन सरकार की नाकामी के रूप में प्रॉपर्टी आइडी की आड़ में चल रहा गंदा खेल किसी से छिपा नहीं है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान का कहना है कि प्रॉपर्टी आइडी में गड़बड़ी करने वाले बाबू और अधिकारी जिम्मेदार हैं, फिर इन्हीं गलतियों को ठीक करने की एवज में हरियाणा सरकार जनता से पांच हजार रुपये का शुल्क वसूल रही है। पहली बार प्रॉपर्टी आइडी बनवाने के लिए पहले दलाल को पैसे देने पड़ते हैं, दूसरी बार वही प्रॉपर्टी बेचें तो उसमें नाम बदलवाने के लिए फिर निगम और दलाल के चक्कर काटने पड़ते हैं। हरियाणा में एक निरंजन नहीं बल्कि ऐसे लाखों निरंजन है, जिनकी प्रॉपर्टी आइडी को निगम कार्यालय में बैठे बाबुओं ने अपने हिसाब से नाप-जोख रखा है। 80 फीसद प्रॉपर्टी आइडी में गड़बड़ियां हैं। हरियाणा में भाजपा के हाइकमान और मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर शायद इन लाखों लोगों की पीड़ा को समझ नहीं पा रहे हैं। प्रॉपर्टी खरीद फरोख्त एक बड़ी कानूनी प्रक्रिया का हिस्सा है, जिसमें लाखों रुपये का आदान प्रदान होता है। प्रदेश में लाखों लोग हैं, जो जरूरत के कारण मजबूरी में अपनी प्रॉपर्टी बेचते हैं, लेकिन प्रॉपर्टी आइडी के कारण रजिस्ट्रियां कही 15 दिन, कही एक महीना, कही दो महीने तक नहीं हो पाती। सबसे बड़ा कानूनी पेंच एग्रीमेंट की शर्तों का उल्लंघन आता है। उल्लंघन करने पर अधिकांशत: दोनों पक्षों में खटास पैदा होती है, जिसके कारण लड़ाई झगड़े, भाईचारा तक खराब हो रहा है। थाने-चौकियों में मामले पहुंच रहे हैं। इन सबका जिम्मेदार सिर्फ नगर निगम प्रशासन और ऑनलाइन कार्यप्रणाली में मौजूद खामियां हैं।

हरियाणा में विपक्ष के रूप में कांग्रेस पार्टी मौजूदा समय में बेहद कमजोर बताई जा रही है, क्योंकि वे जनहितैषी मुद्दों को उठा नहीं पा रहे। महंगाई, बेरोजगारी, टूटी सड़कें, नहर-नालों में प्रदूषण, यमुना प्रदूषण, प्रदेश के जर्जर हो चुके पुल और आरओबी, प्रॉपर्टी आइडी की आड़ में भ्रष्टाचार, ननि फरीदाबाद में दो सौ करोड़ का घोटाला इत्यादि मामलों को मुद्दा नहीं बना पा रहे। जनता के बीच सीधे संवाद नहीं कर पा रहे। यदि कोई उपरोक्त मुद्दों को तरीके से उठाएं तो निश्चित वे प्रदेश के वोटर्स को अपनी ओर आकर्षित करने में कामयाब रहेंगे। हरियाणा की जनता प्रॉपर्टी आइडी के रूप में झेल रही परेशानियों को अपने हृदय में रख चुकी हैं। यदि हरियाणा से भाजपा जाती है तो उसका एक बड़ा कारण प्रॉपर्टी आइडी को लेकर त्रस्त जनता के भीतर पनप रहा आक्रोश भी होगा।

# 2660 फर्जी कंपनियां बनाकर लगाया 10 हजार करोड़ का चूना

### जांच में एसजीएसटी सीजीएसटी और आइटी शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**नोएडा** पुलिस ने जीएसटी नंबर सहित 2660 फर्जी कंपनियां बनाने वाले एक गिरोह के महिला समेत आठ लोगों को पकड़ा है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बताया कि ये लोग सरकार को प्रति माह करीब 1000 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान और राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ कर रहे थे। अब तक करीब 10 हजार करोड़ रुपये का चूना लगाया जा चुका है। आगे की जांच के लिए एसजीएसटी और सीजीएसटी, इनकम टैक्स की टीम को भी शामिल किया गया है।

गुरुवार को खुलासा करते हुए पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बताया कि पैन कार्ड से फर्जीवाड़े की एक शिकायत कोतवाली सेक्टर-20 में दर्ज कराई गई थी। इसके बाद मामले की जांच पड़ताल शुरू की गई। रजिस्ट्रार ऑफ कंपनी से डाटा लिया गया। इसमें पता लगा कि करीब 26 सौ से ज्यादा फर्जी कंपनी बनाई गई। इनके पास 6.35 लाख लोगों के पैन कार्ड का डाटा मिला है। इसी से गिरोह के सदस्य कंपनी रजिस्टर्ड कराते थे।

### पुलिस ने आठ लोगों को किया गिरफ्तार



इनकी पहचान यासीन शेख पुत्र मो. हाफिज शेख, अश्विन पांडे पुत्र अनिल कुमार को फिल्म सिटी मेन रोड से गिरफ्तार किया गया। आकाश सैनी पुत्र ओंकार सैनी, विशाल पुत्र रविन्द्र सिंह, राजीव पुत्र सुभाष चन्द, अतुल सेंगर पुत्र नरसिंह पाल, दीपक मुरजानी पुत्र स्व. नारायण दास और एक महिला विनीता पत्नी दीपक को जीबोलो कंपनी कार्यालय मधु विहार दिल्ली से गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 12 लाख 66 हजार रुपये नकद, 2660 फर्जी तैयार की गई जीएसटी फर्म की सूची, 32 मोबाइल फोन, 24 कम्प्यूटर सिस्टम, 4 लैपटॉप, 3 हार्ड डिस्क, 118 फर्जी आधार कार्ड, 140 पैन कार्ड, फर्जी बिल, 03 लग्जरी कारें बरामद हुई हैं।

पुलिस कमिश्नर ने बताया कि यह एक संगठित गिरोह है। यह पिछले पांच सालों से फर्जी फर्म बनाकर जीएसटी नंबर से फर्जी बिल का उपयोग कर जीएसटी रिफन्ड लेता था। इससे सरकार को हजारों करोड़ के राजस्व का नुकसान हो रहा था। ये दो टीमों में काम करते थे। दोनों टीम आपस में फेस-टू-फेस मुलाकात नहीं करते हैं। अधिकांश यह वॉट्सऐप कॉलिंग एवं मेल का प्रयोग करते हैं। पहली टीम फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड, रेंट एग्रीमेंट, बिजली बिल आदि का उपयोग कर फर्जी फर्म जीएसटी नंबर सहित तैयार करते हैं। दूसरी टीम फर्जी फर्म जीएसटी नम्बर का उपयोग कर फर्जी बिल लगाकर जीएसटी रिफन्ड (आइटीसी इनपुट टैक्स क्रेडिट) प्राप्त कर सरकार को हजारों करोड़ का चूना लगाती थी।

ये लोग सबसे पहले फर्जी फर्म तैयार करने के लिए सर्विस प्रोवाइडर कंपनी जस्ट डायल के माध्यम से अवैध रूप से डेटा (पैन नम्बर) क्रय किए जाते हैं। इसके बाद कॉलोनियों एवं मोहल्लों को अशिक्षित एवं नशा करने वाले व्यक्तियों को 1000-1500 रुपयों का लालच देकर एवं भ्रमित कर उनके आधार कार्ड में पूर्व से एकत्रित किए गए फर्जी मोबाइल सिम नम्बर को रजिस्टर्ड करा लेते हैं। इसके बाद इस टीम की ओर से ऑनलाइन रेन्ट एग्रीमेन्ट एवं इलेक्ट्रीसिटी बिल को फर्जी तरीके से डाउनलोड कर लेते हैं। इसी के जरिए ये एड्रेस तैयार करते थे।

### फर्जी बिलों का प्रयोग कर जीएसटी रिफन्ड करा लेते थे

**ये लोग** क्रय की गई फर्जी फर्म जीएसटी नम्बर सहित का उपयोग बिना माल का आदान प्रदान किए, तैयार किए गए फर्जी बिलों का फर्म में उपयोग कर भारत सरकार से जीएसटी रिफन्ड करा लेते हैं। एक फर्जी फर्म जीएसटी नम्बर सहित एक माह में करीब दो से तीन करोड़ के फर्जी बिलों का उपयोग किया जाता है। जिनमें कुल धन राशि का निर्धारित जीएसटी प्रतिशत का रिफन्ड अवैधानिक रूप से प्राप्त किया जाता है। इस मामले में आंछित गोयल पुत्र प्रदीप गोयल, प्रदीप गोयल, अर्चित, मयूर उर्फ मणि नागपाल, चारू नागपाल, रोहित नागपाल, दीपक सिंघल व इनके अलावा अन्य अज्ञात व्यक्ति हैं। इस गैंग के दिल्ली में मधु विहार, शहादरा और पीतमपुरा ऑफिस संचालित किए जा रहे हैं।

### इसरो तीन जुलाई को लॉन्च करेगा चंद्रयान-3

**नई दिल्ली।** भारत का स्पेस शिप चांद पर उतरने को तैयार है। इसरो तीन जुलाई को चंद्रयान-3 लॉन्च करेगा। इसे देखते हुए रूस ने मून लैंडर मिशन को स्थगित कर दिया है ताकि चंद्रयान-3 को चंद्रमा पर उतरने का मौका मिल सके।

अगर चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग सफल रहती है तो भारत ऐसा करने वाला चौथा देश बन जाएगा। इससे पहले अमेरिका, रूस और चीन चंद्रमा पर अपने यान उतार चुके हैं। चंद्रयान-2 मिशन को 22 जुलाई 2019 को लॉन्च किया गया था। करीब 2 महीने बाद 7 सितंबर 2019 को चंद्रमा के साउथ पोल पर उतरने की कोशिश कर रहा विक्रम लैंडर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसके बाद से ही भारत चंद्रयान-3 मिशन की तैयारी कर रहा है।

## गृहमंत्री ने कुछ सप्ताह पहले जरूरी कदम क्यों नहीं उठाए : कांग्रेस

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा मणिपुर हिंसा की जांच के लिए न्यायिक आयोग बनाने और कुछ अन्य घोषणाएं किए जाने के बाद बृहस्पतिवार को कहा कि इन कदमों का स्वागत है, लेकिन ये कुछ सप्ताह पहले क्यों नहीं उठाए गए। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह सवाल भी किया कि केंद्र सरकार ने पूर्वोत्तर के इस प्रदेश को एक महीने तक जलने क्यों दिया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि मणिपुर में हुई जातीय हिंसा की जांच के लिए उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश स्तर के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक न्यायिक आयोग का गठन किया



जाएगा। लगातार तीन दिनों तक राज्य के विभिन्न हिंसाग्रस्त इलाकों का दौरा करने और राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों से चर्चा के बाद यहां संवाददाता सम्मेलन में शाह ने मणिपुर की राज्यपाल अनुसुईया उइके की अध्यक्षता में एक शांति समिति के गठन की घोषणा की। साथ ही उन्होंने हिंसा में मारे गए लोगों के परिजनों के लिए मुआवजे व राहत और पुनर्वास पैकेज का भी ऐलान किया।

### गुरुग्राम में लॉरेंस गैंग के 10 शार्पशूटर पकड़े पुलिस वर्दी में थे

**गुरुग्राम।** पुलिस की क्राइम यूनिट ने कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के 10 मोस्ट वांटेड शूटर्स को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से सात पुलिस यूनिफॉर्म, चार मॉडर्न पिस्टल, 25 जिंदा कारतूस और 2 गाड़ियां बरामद की गई हैं। जिस वक्त इन्हें पकड़ा गया, इनमें से 7 शूटर पुलिस की वर्दी में थे। गिरफ्तार बदमाशों में भिवानी का जोगिंदर उर्फ जोरावर पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला मर्डर के मास्टरमाइंड गोल्डी बराड़ के टच में था। वह गोल्डी बराड़ से ही ऑर्डर लेकर किसी बड़ी डकैती या किडनैपिंग की प्लानिंग में था। गिरफ्तार बदमाशों में पंजाब का मोस्ट वांटेड बदमाश हरजोत उर्फ लीला, राजस्थान के जोगिंदर उर्फ जोगा, सचिन भिवानी, राजस्थान के राकेश, प्रदीप, सुंदर पाल उर्फ बिट्टू, महेंद्र प्रिंस उर्फ गोलू, अजय सरवानिया उर्फ पंजाबी भोंडसी शामिल हैं। इन लोगों की पहनी यूनिफॉर्म में एक सब इंस्पेक्टर और एक एएसआई स्तर के अधिकारी की थी। तीन अन्य को सोहना बस अड्डे से काबू किया गया है। इनकी पहचान अभी पुलिस ने सार्वजनिक नहीं की है। पुलिस इनकी प्लानिंग के बारे में पूछताछ कर रही है।

विस्तृत खबर पेज-4 चार पर

### सरकार ने मई में जीएसटी से 1.57 लाख करोड़ जुटाए



**नई दिल्ली।** सरकार ने मई 2023 में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स यानी जीएसटी से 1.57 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं। ये एक साल पहले यानी मई 2022 के मुकाबले 12 फीसद ज्यादा है। तब जीएसटी से 1.40 लाख करोड़ रुपये जुटाए गए थे। वहीं एक महीने पहले अप्रैल में सरकार ने 1.87 लाख करोड़ रुपये जुटाकर जीएसटी कलेक्शन का रिकॉर्ड बनाया था। वित्त मंत्रालय ने कहा, मई 2023 में जीएसटी रेवेन्यू एक लाख 57 हजार 90 करोड़ रहा है। इसमें सीजीएसटी 28,411 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 35,828 करोड़, आईजीएसटी 81,363 करोड़ रुपये (माल के आयात पर कलेक्ट किए 41,772 करोड़ रुपये सहित) और सेस 11,489 करोड़ रुपये रहा है। सेस में माल के आयात से मिले 1,057 करोड़ रुपये शामिल हैं।

## पंजाब, दिल्ली में मान को सीआरपीएफ कर्मियों की जरुरत नहीं

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर कहा है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान को पंजाब और दिल्ली में जेड-प्लस सुरक्षा में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) कर्मियों की आवश्यकता नहीं है। हालांकि, पंजाब सरकार ने कहा कि केंद्र पंजाब और दिल्ली के अलावा अन्य राज्यों में मान को सीआरपीएफ सुरक्षा प्रदान कर सकता है। यह घटनाक्रम देश और विदेश से संभावित खतरों के



मद्देनजर मान को गृह मंत्रालय द्वारा जेड-प्लस श्रेणी की सशस्त्र सुरक्षा प्रदान करने के एक सप्ताह बाद सामने आया है। पंजाब पुलिस पहले से ही पंजाब और दिल्ली में मुख्यमंत्री मान को सुरक्षा मुहैया करा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने केंद्र से दूसरे राज्यों में मान की सुरक्षा के लिए सीआरपीएफ कर्मियों को मुहैया कराने को कहा है। 49 वर्षीय मान की सुरक्षा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के वीआईपी सुरक्षा दस्ते द्वारा की जानी थी।

मान को शीर्ष श्रेणी का जेड-प्लस सुरक्षा घेरा पूरे भारत में प्रदान किया जाएगा और गृह मंत्रालय ने हाल ही में इसके लिए मंजूरी दी है।

### 150 करोड़ से अधिक का मादक पदार्थ जब्त

**राजौरी।** जम्मू में मादक पदार्थ की तस्करी के एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को बताया कि आरोपियों के पास से 22 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद किया गया, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 150 करोड़ रुपये से अधिक है। उन्होंने बताया कि गिरोह के पंजाब के दो सदस्यों को बुधवार को आईटीआई सुंदरबनी के समीप गिरफ्तार किया गया। राजौरी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमृतपाल सिंह ने कहा, बुधवार देर शाम को दो संदिग्धों के एक वाहन से राजौरी से जम्मू की ओर जाने के बारे में सटीक खुफिया सूचना मिली।

## मणिपुर के पुलिस चीफ बने राजीव सिंह

**एजेंसी।** इम्फाल

**मणिपुर** हिंसा में अब तक 80 लोगों की जान जा चुकी है। इस बीच पुलिस नेतृत्व में बड़ा फेरबदल हुआ है। पुलिस चीफ पी. डोंगल को हटा दिया गया है। वहीं, अब उनकी जगह राजीव सिंह को नियुक्त किया गया है। उधर, गृहमंत्री अमित शाह राज्य के चार दिन के दौरे पर हैं।

गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। शाह ने कहा कि हाइकोर्ट के रिटायर्ड जज से हिंसा की जांच कराई जाएगी। इसके लिए एक कमेटी का गठन किया



जाएगा। इसके अलावा हिंसा से जुड़े छह मामलों की जांच सीबीआइ करेगी। शाह ने कहा कि मणिपुर हाईकोर्ट के एक जल्दबाजी भरे फैसले की वजह से यहां हिंसा हुई है। दरअसल, 29 अप्रैल को हाइकोर्ट ने मैतेई समुदाय को एसटी में शामिल करने पर विचार करने के आदेश जारी किए थे।

# पहलवानों को जाति में बांट रही सरकार, राष्ट्रपति से मिलेंगे खाप प्रतिनिधि: टिकैत

**पायनियर समाचार सेवा।** मुजफ्फरनगर

**मुजफ्फरनगर** में हुई खाप पंचायत में तय किया गया कि भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआइ) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह और पहलवानों के विवाद में खाप प्रतिनिधि राष्ट्रपति से मिलेंगे। उनसे मिलकर मामले में एक्शन न होने की शिकायत की जाएगी।

खाप में किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा- खिलाड़ियों को सरकार के लोग जाति में बांटने की कोशिश कर रही है। हम बता दें कि इनकी जाति तिरंगा है और इनकी लड़ाई सभी समाज के लोग मिलकर लड़ रहे हैं। हम राष्ट्रपति और सरकार से मिलेंगे। खाप और पहलवान हारेंगे नहीं। उन्होंने बताया- बाकी फैसले दो जून को कुरुक्षेत्र में होने वाली महापंचायत में लिए जाएंगे।

पहलवान अपने मेडल गंगा में बहाने के लिए मंगलवार को हरिद्वार के हर की पौड़ी पहुंचे थे। राकेश टिकैत के बड़े भाई और भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष नरेश टिकैत ने यहां पहुंचकर पहलवानों से उनके मेडल ले लिए थे। उन्होंने



कहा था कि पहलवान अपने मेडल बहाएं नहीं। पांच दिन में अगर एक्शन नहीं हुआ तो हम (खाप और किसान) आंदोलन करेंगे।

नरेश टिकैत का पांच दिन का अल्टीमेटम रविवार को खत्म हो जाएगा।

इस बीच भाजपा के दिवंगत नेता गोपीनाथ मुंडे की बेटी और सांसद पंकजा मुंडे पहलवानों के समर्थन में आईं हैं। उन्होंने गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि एक सांसद के तौर पर ही नहीं बल्कि एक महिला के तौर पर भी मेरी उन महिला खिलाड़ियों में दिलचस्पी है। जब इस तरह के आरोप लगे हैं तो इसकी समय पर जांच होनी चाहिए थी, सच सामने आना चाहिए था। सरकार की तरफ से किसी ने भी उन महिला खिलाड़ियों से संपर्क नहीं किया, जो होना चाहिए था।

### पहलवान लगातार अपनी शर्त बदल रहे: बृजभूषण

**गोंडा** में डब्ल्यूएफआइ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने गुरुवार को फिर कहा कि दिल्ली पुलिस मामले की जांच कर रही है। पहले पहलवानों की मांग कुछ और थी और बाद में मांग कुछ और हो गई। ये लगातार अपनी शर्तों को बदल रहे हैं। मैंने पहले दिन कहा था कि अगर एक भी प्रकरण मेरे ऊपर साबित हो जाएगा तो मैं फांसी पर लटक जाऊंगा। मैं आज भी अपने उसी बात पर कायम हूं। मेरा सभी से अनुरोध है कि आप पुलिस की जांच का इंतजार कीजिए।

## विद्यार्थियों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया



**फरीदाबाद।** सराय ख्वाजा फरीदाबाद स्थित राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में मेंस्टुअल हाइजीन अवेयरनेस दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। मनचंदा ने कहा कि विकाससील भारत के गांव और शहरों में रहने वाली लाखों महिलाएं आज भी मेंस्टुअल हाइजीन से जुड़ी आवश्यक जानकारियों से अनभिज्ञ हैं और उन्हें पता भी नहीं कि उनकी थोड़ी सी अनभिज्ञता उन्हें हेपेटाइटिस बी, सर्वाइकल कैंसर, संक्रमण जैसी गंभीर बीमारियों की ओर ले जा सकती है। इसका प्रभाव महिलाओं पर शारीरिक ही नहीं अपितु मानसिक रूप से भी लंबी आयु तक परेशान कर सकता है। प्राचार्य ने एनएचपीसी एवं चिकित्सकों की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता और स्वच्छता सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित भी करनी है।

## बच्चों को साइबर अपराध से बचाने के लिए अभिभावक हों जागरूक : टंडन

### जीवा पब्लिक स्कूल में साइबर सुरक्षा और जागरूकता पर प्रशिक्षण सत्र का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेक्टर 21बी** स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में साइबर सुरक्षा और जागरूकता पर एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया। इस सत्र में जिले के कई स्कूलों के शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण सत्र का उद्देश्य साइबर हमलों और खतरों के प्रति जागरूक होना एवं इस तरह के अपराधों से स्वयं व अन्य लोगों को सतर्क करना है।

साइबर प्रशिक्षण सत्र आज के समय में बहुत महत्वपूर्ण विषय हैं, क्योंकि यह दुनियाभर में इंटरनेट और प्रौद्योगिकी के लगभग दो बिलियन उपयोगकर्ताओं को डिजिटल और तकनीकी पहलुओं की आवश्यक जानकारी प्रदान करते हैं। ऐसे सत्र डिजिटल कार्यबल की मांगों को पूरा करने के लिए साइबर सुरक्षा मानसिकता को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्र का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान, उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहान, प्रधानाचार्या अपर्णा शर्मा एवं मुख्य अतिथि डॉ. रक्षित टंडन के साथ एसएस गोसाईं व अन्य लोग उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते हुए। फोटो : राजेश पुंजानी

डॉ रक्षित टंडन ने बताया कि आज का दौर तकनीकी शिक्षा एवं पद्धति पर आधारित है। अधिकतर कार्य ऑनलाइन होते हैं, परंतु दुख की बात यह है कि इस तकनीक का दुरूपयोग भी एक बड़ी चुनौती बन गई है। आज भांति भांति के अपराध सामने आ रहे हैं। यह सभी अपराध सोशल मीडिया और इंटरनेट के माध्यम से हो रहे हैं। जिसका शिकार बच्चे, वृद्ध, महिलाएं यहां तक कि पढ़े लिखे लोग भी हो रहे हैं। कार्यक्रम में रक्षित टंडन ने इन्हीं विषयों को उजागर किया एवं इनसे सुरक्षित रहने के उपाय भी बताए। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों को साइबर क्राइम से बचने के लिए अध्यापकों को सजग एवं सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों पर तकनीकी प्रयोग के दौरान नियंत्रण रखें। इसके अलावा उन्होंने बताया कि अभिभावकों को अनेक उपाय भी बताए। उन्हें बताया कि एक निश्चित समय तक ही उन्हें सोशल मीडिया पर एक्टिव होने का समय दे सकते हैं। कार्यक्रम के प्रायोजक किप्स पब्लिकेशन रहे। उनके एरिया मैनेजर मोहित टंडन, असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट अंकित शर्मा, रीजनल मैनेजर सलमान खान इस कार्यक्रम में शामिल रहे। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान ने कहा कि हमें अपने बच्चों को इसी प्रकार के जीवंत उदाहरण देकर ही समझाना चाहिए एवं पाठ्य योजनाओं में इन विषयों को अवश्य ही सम्मिलित करना चाहिए।

# रिवाजपुर में 15 साल के लड़के ने फंदा लगाकर दी जान

### ग्रामीणों ने धरनास्थल पर शव रखकर किया रोष प्रदर्शन

### मां बोली, घर तोड़ने का नोटिस आया, इस डर से बेटे ने मौत को गले लगाया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



धरनास्थल पर शव रखकर रोष प्रकट करते ग्रामीण।



बीके अस्पताल में शोकाकुल परिजन। इनसेट में मृतक अजय का फाइल फोटो।

**रिवाजपुर** इलाके में बुधवार रात 15 वर्षीय लड़के ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर केस दर्ज कर लिया है। वहीं मृतक की मां ने प्रशासन अधिकारियों पर भड़ास निकालते हुए उनके नोटिस को बेटे की मौत के लिए जिम्मेदार बताया।

विरोध स्वरूप इलाके के लोग एकत्रित हुए और केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए। बता दें कि रिवाजपुर इलाके में प्रशासन द्वारा डंपिंग यार्ड बनाए जाने का फैसला लिया गया है। इस फैसले के खिलाफ इलाके के लोगों में भारी रोष देखने को मिल रहा है। लोग लगभग 40 दिन से डंपिंग यार्ड बनाए जाने के विरोध में धरने पर है। जिला प्रशासन द्वारा रिवाजपुर इलाके में बनी लगभग 70 से 80 घरों की कॉलोनी को तोड़ने के लिए घरों के बाहर नोटिस चस्पा किए गए हैं।

वहीं बार-बार प्रशासन कॉलोनी के लोगों पर मकान खाली करने का दबाव बना रहा है। उनसे जबरन लिखित स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है कि वह यह लिखकर दें कि उन्हें कूड़ा घर बनाए जाने पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन कॉलोनी के लोग यह लिखने को तैयार नहीं हैं। लोग कूड़ा घर का विरोध कर रहे हैं, इसलिए इसके लिए उनके मकानों को तोड़ दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि लोग केंद्रीय राज्यमंत्री कृणपाल गुर्जर से लेकर के जिले के तमाम बड़े अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन किसी ने सुनवाई नहीं की। इसी परेशानी के चलते किशोर साइकिल पर यह कहते हुए अपने घर गया कि नगर निगम और पुलिस की गाड़ी आ गई। इसके बाद वह अपने घर में फंदे पर झूलता मिला।

## बल्लभगढ़ सेक्टर-3 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के घर में लगी भीषण आग

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बल्लभगढ़** में गुरुवार सुबह एक घर में भीषण आग लग गई। जिसमें पूजा घर जलकर राख हो गया। फायर ब्रिगेड ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं पुलिस ने आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, सेक्टर-3 स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में एक मकान में एक महिला नैना अपनी बेटी कविता के साथ रहती है। गुरुवार सुबह मां घर के मंदिर में पूजा करने गई। इसके कुछ देर बाद ही मंदिर में आग लग गई। पूरा मंदिर धू-धू कर जलने लगा। आग देखकर मां-बेटी घर से बाहर आई। शोर मचने पर पड़ोसी दौड़े आए और फायर ब्रिगेड व डायल 112 को कॉल किया। सूचना मिलते ही सेक्टर-3 थाना पुलिस मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी तुरंत आईं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।



मां-बेटी के अनुसार, शायद मंदिर में जलाई गई धूपबत्ती से आग भड़की। वहीं लोगों का कहना है कि घटना के दौरान सेक्टर-3 पुलिस का रवैया काफी उदासीन नजर आया। जहां दमकल कर्मी आग बुझाने में जुटे रहे, वहीं पुलिस मूकदर्शक बनकर देखती रही।

## कर्मचारियों ने पहलवानों के समर्थन में डीसी कार्यालय पर किया प्रदर्शन



**फरीदाबाद।** केंद्रीय ट्रेड यूनियन व संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर गुरुवार को बृजभूषण सिंह की गिरफ्तारी और महिला पहलवानों के खिलाफ दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज किए गए मुकदमे वापस लेने की मांग को लेकर कर्मचारियों ने डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सुभाष लांबा, नरेश शास्त्री ने कहा कि सरकार भाजपा सांसद को बचाने में जुटी हुई है। सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद हुई एफआईआर के बाद उन्हें गिरफ्तार करने की बजाय जांच के नाम पर मामले को लटकाया जा रहा है। जिससे पहलवानों व जनता में आक्रोश बढ़ रहा है। पहलवानों को अपने मेडल हरिद्वार में गंगा में विसर्जित करने जैसा कठोर फैसला लेने पर मजबूर होना पड़ा।

## रावल इंस्टीट्यूशंस के बीएड के छात्रों की स्कूल टीचिंग प्रेक्टिस का समापन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**रावल** इंस्टीट्यूशंस का मुख्य उद्देश्य छात्र अध्यापकों में शिक्षण की गुणवत्ता को विकसित करके राष्ट्र के विकास में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना रहा है। बीएड के द्वितीय वर्ष में स्कूल अनुभव कार्यक्रम बीएड पाठ्यक्रम का एक अभिन्न अंग है।

स्कूल अनुभव कार्यक्रम में छात्र अध्यापकों को स्कूल के वास्तविक वातावरण में शिक्षण करने का अवसर प्रदान किया जाता है, ताकि वहां के अनुभव को प्रयोग करके छात्र अध्यापक एक अच्छे अध्यापक बन सके। इस कार्यक्रम के तहत रावल कॉलेज ऑफ एजुकेशन द्वारा छात्र अध्यापकों को विभिन्न सरकारी स्कूलों में शिक्षण करने का अवसर प्रदान किया गया। जहां पर उन्होंने उत्तम शिक्षण के कौशल को अपने अंदर विकसित किया। साथ ही साथ छात्र अध्यापकों ने अनेक पाठ्य सहगामी क्रियाओं का भी आयोजन किया। गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ओल्ड फरीदाबाद में वैशाखी के अवसर पर एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सराय ख्वाजा में पृथ्वी दिवस के अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर 28 में अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस के अवसर पर



एकल नृत्य और ग्रुप नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रावल कॉलेज ऑफ एजुकेशन द्वारा इन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजेताओं को प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए। रावल कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्रधानाचार्या डॉ. सोनल छाबड़ा ने कहा कि स्कूल अनुभव कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र अध्यापकों में शिक्षण की क्षमता, शिक्षक संवेदनशीलता और छात्र-शिक्षकों की निरंतर भागीदारी का विकास करना। रावल इंस्टीट्यूशंस के प्रशासक अनिल प्रताप सिंह ने कहा कि रावल कॉलेज ऑफ एजुकेशन छात्र अध्यापकों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण की क्षमता विकसित कर व्यक्तित्व का बहुमुखी विकास करता है।

## समाजसेवा में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी सराहनीय

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**समाजसेवा** में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी सराहनीय है। यह बात विधायक नरेंद्र गुप्ता ने सेक्टर-7 आर्य समाज मंदिर में प्रोत्साहन चेरिटेबल ट्रस्ट की महिलाओं द्वारा प्याऊ के शुभारंभ पर बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर संस्था द्वारा शर्बत की छबील लगाई गई तथा भंडारे का आयोजन भी किया गया।

नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नेतृत्व में महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक योजनाएं बनाई गई हैं। इसी का परिणाम है कि आज महिलाएं परचम लहरा रही हैं। इस मौके पर प्रोत्साहन चेरिटेबल ट्रस्ट की महिलाओं ने विधायक नरेंद्र गुप्ता का स्वागत करते हुए उनसे प्रसाद वितरण भी करवाया। इस मौके पर विधायक ने विधानसभा क्षेत्र में चल रही विकास योजनाओं को लेकर जानकारी दी और कहा कि उनका मकसद विधानसभा क्षेत्र के लोगों को स्थाई विकास देना है, इसलिए वे गुणवत्तायुक्त विकास कार्य करवा



कार्यक्रम के मौके पर विधायक के साथ मौजूद स्थानीय महिलाएं।

रहे हैं। इसमें देरी जरूर संभव है, परंतु लोगों को सालोंसाल इसका लाभ मिलेगा। इस मौके पर संस्था की ओर से मधु गुप्ता, नम्रता मित्तल, बबीता गोयल, रंजना गर्ग, रिक्की चौधरी, रेखा जिंदल, आभा शर्मा, वंदना मदान, पूजा बंसल, प्रभा गोयल, इंदु केजरवाल उपस्थित रहीं। वहीं विशेष रूप से मनमोहन गुप्ता, रणवीर चौधरी, विनोद मित्तल, राजकिशोर गोयल, सतबीर शर्मा, सुधीर चौधरी, राकेश गुप्ता, अजय भाटिया, राजेंद्र मेंहदीरत्ता सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## हार्ट अटैक की रोकथाम व हार्ट केयर पर दिए टिप्स

### रोटरी क्लब फरीदाबाद मिडटाउन और डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा कार्यक्रम आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**हमारी** जीवन शैली में सरल सा परिवर्तन हमें हार्ट अटैक जैसी गंभीर बीमारी से बचा सकता है। वास्तविकता यह है कि वर्तमान में हमारे जीवन में स्ट्रेस और स्पीड ने हमारे जीवनशैली को प्रभावित कर दिया है।

यदि हम इन दोनों पहलूओं पर ध्यान दें, तनाव को अपने मन मस्तिष्क पर हावी न होने दें और जल्दबाजी से बचें तो हम घातक रोगों से बच सकते हैं। यह विचार व्यक्त करते हुए क्लीनिकल एंड प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी के चेयरमैन व मेदांता के वरिष्ठ और प्रतिष्ठित कार्डियोलोजिस्ट डॉ. रवि कासलीवाल ने कहा कि रोकथाम हमेशा इलाज से बेहतर है। हमें अपनी जीवनशैली को व्यवस्थित रूप देना चाहिए, जल्दबाजी व बिना कारण स्पीड या गति से बचना चाहिए।

अपनी जीवन शैली में खान-पान पर ध्यान देना चाहिए और ईलाज की बजाए बचाव पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया। जिसमें उपस्थितजनों ने अपने सवाल पूछे। कार्यकम में अर्जित चावला, भूपिंदर सिंह, महेश गोयल, जेपी मल्होत्रा, दिनेश जांगिड़, अमरजीत लांबा सहित विजय राघवन, विजयलक्ष्मी, अमरजीत लांबा, पंकज गर्ग, मनोहर पुनियानी, सचिन, श्रुति, दिनेश जांगिड़, हेमा, सतिंदर सिंह, मनीष कपूर, परवीन शुक्ला, जेपी मल्होत्रा प्रधान, अरजीत सिंह चावला उपप्रधान, भूपिंदर सिंह महासचिव, महेश गोयल कोषाध्यक्ष, बिलाल यश प्रिंट, जेसी अहलावत, एसएन दुआ, शोभा, सोनिया चौहान, कुलदीप सिंह, एसके लूथरा, डीके लूथरा, लक्ष्मण, नेहा, हरिंदर सिंह, प्रदीप सिंह सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103



**नज़रिया**

**दिनेश रघुवंशी, कवि**

वतन के नाम हँसते-हँसते अपनी ज़िंदगी करना
मगर उस पर भी सरकारों का हम से बेरुख़ी करना
व्यथा किस से कहें आख़िर हमारे ही तो हिस्से है
लडाई भी, शहादत भी, यहाँ पर ख़ुदकुशी करना

## निगम कर्मचारियों ने आंदोलन तेज करने के लिए कमर कसी

### नगर निगम कार्यालय के बाहर इकट्ठा होकर की नारेबाजी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**नगर** निगम के कर्मचारियों ने आंदोलन को तेज करने के लिए कमर कस ली है। शुक्रवार को सभी विभागों के कार्यकर्ताओं की बैठक कर आंदोलन तेज करने का निर्णय लेंगे। कर्मचारियों ने कहा कि वे नगर निगम के बाहर पिछले 21 दिनों से भोजन अवकाश के समय लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन नगर निगम प्रशासन है कि कर्मचारियों की मांगों के प्रति पूर्ण रूप से उदासीन रवैया अपनाते हुए मौन धारण किए हुए है। जिससे कर्मचारियों में प्रशासन के प्रति गुस्सा पनप रहा है।

कर्मचारियों ने गुरुग्राम व पुन्हाना के कर्मचारियों की हड़ताल के प्रति एकजुटता प्रदर्शित करते हुए उनकी मांगों एवं आंदोलन का पुरजोर समर्थन करने का भी ऐलान किया है। कर्मचारियों ने कहा है कि यदि गुरुग्राम व पुन्हाना के कर्मचारियों के साथ तानाशाही की गई तो फरीदाबाद के कर्मचारी भी हड़ताल पर चले जाएंगे। विरोध सभा की अध्यक्षता नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान दलीप सिंह बोहत ने की तथा मंच का संचालन सफाई कर्मी नेता ने किया। विरोध सभा में मुख्य रूप से नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, उप प्रधान कमला व राज्य सचिव अनूप चिंडालिया भी उपस्थित रहे।

नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि प्रदेश भर में अलग-अलग पालिकाओं, परिषदों, नगर निगमों व अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों के आंदोलन चल रहे हैं, लेकिन सरकार व स्थानीय प्रशासन कर्मचारियों के मांग एवं मुद्दों का समाधान करने के लिए गंभीर नहीं। श्री शास्त्री ने गुरुग्राम व पुन्हाना सहित दर्जनों शहरों में चल रहे आंदोलन का समर्थन करने का ऐलान करते हुए कहा कि सरकार राज्यस्तरीय आंदोलन करने के लिए कर्मचारियों को मजबूर कर रही है। संघ आगामी 10 व 11 जून को कुरुक्षेत्र में कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर प्रशिक्षण शिविर के मंच से ही आगामी आंदोलन का ऐलान करेगा। विरोध सभा को नेता ललिता देवी, सुरेश देवी, शकुंतला, कमला माया, रघुवीर चौटाला, कृष्ण चिंडालिया, राकेश चिंडालिया, सुरेश मेलंदा, दर्शन सोया, सुदेश कुमार, अनिल चिंडालिया, नानक चंद खेरालिया आदि ने संबोधित किया।

## पैसे दोगुने करने का लालच देकर व्यवसायी से पांच लाख ठगे

### पुलिस ने मामले में दो लोगों को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** थानाक्षेत्र पल्ला में एक व्यवसायी को पैसे दोगुने करने का लालच देकर पांच लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

बसंतपुर गांव निवासी अमन ने पुलिस को इस बारे में शिकायत दी है। अमन का बिल्डिंग मैटीरियल का काम है। अमन ने अपने एक कमरे को गुलाम रसूल को दो साल से रहने के लिए दिया हुआ था। गुलाम रसूल उत्तर प्रदेश के सुतौली गांव का रहने वाला है। गुलाम ने कुछ दिन पहले अमन को बताया कि उनके पहचान वाले दो व्यक्ति है, जो तांत्रिक विद्या का ज्ञान रखते हैं, जो तांत्रिक विद्या के जरिये पैसे डबल कर देते हैं। अमन ने उनकी बातों पर विश्वास कर लिया। अमन ने उसे दोनों को बुलाने के लिए कहा। 17 मई को गुलाम ने अमन को बताया कि वह दोनों तांत्रिक आज आ रहे हैं, इसलिए तुम पैसे का इंतजाम कर लो। अमन पांच लाख रुपये लेकर गुलाम रसूल के कमरे पर पहुंच गए, जहां वह दोनों व्यक्ति उसे मिले। दोनों ने तांत्रिक विद्या से अमन को डबल पैसे करने की बात कही। इसके बाद दोनों तांत्रिक विद्या करने लगे और अमन ने उन्हें पांच लाख रुपये दे दिए। उसी दौरान दोनों ने अमन व गुलाम को एक-एक लड्डू खाने के लिए दिया, जिससे दोनों बेहोश हो गए। इसके परिजन अमन को डॉक्टर के पास ले गए, जहां डॉक्टर ने अमन का इलाज किया, लेकिन उन्हें होश नहीं आया। 18 मई को अमन और गुलाम होश में आए। गुलाम ने अमन को बताया कि उसकी जान पहचान केवल मोबाइल तक थी और वह उनके नाम जानता है।

# बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए लगाई जा रही हैं हॉबी क्लास

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बाल भवन में ग्रीष्म अवकाश के दौरान शाम को दो घंटे कराई जा रहीं अनेक गतिविधियां**

**एनआईटी** स्थित बाल भवन में गर्मी की छुट्टियों के दौरान हॉबी क्लास लगाई जा रही हैं। यह कक्षाएं जिला बाल कल्याण परिषद की तरफ से चलाई जा रही हैं। जिला बाल कल्याण अधिकारी सुंदर लाल खत्री ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास और नई चीजों को सीखने की जिज्ञासा के लिए इन कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। इन कक्षाओं में छात्राओं को ड्राइंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, डांस, जूडो कराटे, सिलाई एवं कढ़ाई प्रशिक्षण, स्केटिंग व ब्यूटीशियन प्रशिक्षण और योगा कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। यह कक्षाएं शाम चार बजे से छह बजे तक चलाई जाती हैं। इसके लिए जिले के छात्र बाल भवन से ही अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से बच्चों की कला को निखारने के उद्देश्य से रुचिकर कक्षाएं शुरू की गई हैं।



विभिन्न गतिविधियों में भाग लेते बच्चे।

छुट्टियों के रंग बच्चों के संग कार्यक्रम में छह से 18 वर्ष तक के बच्चों की प्रतिभा को निखारने का मौका दिया जा रहा है। बाल भवन में चल रहीं इन गतिविधियों में लगभग 50 बच्चे अलग-अलग विधाओं की कला सीख रहे हैं। बच्चों को कोरियोग्राफर अनिल ठाकुर, जूडो-कराटे प्रशिक्षक दुर्गा प्रसाद शर्मा, आर्ट एंड क्राफ्ट की प्रशिक्षक कंवलजीत तथा स्केटिंग का प्रशिक्षण आशा दे रही हैं।

"**जिला** उपायुक्त के आदेशानुसार अभी यह कक्षाएं डेढ़ महीने तक चलेंगी। इसके बाद भी अगर बच्चों ने कक्षाओं में रुचि दिखाई तो इन कक्षाओं को आगे बढ़ाया जा सकता है। अभिभावक बच्चों की कला निखारने पर ध्यान दें। इच्छुक लोग बाल कल्याण परिषद कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।



**सुंदरलाल खत्री, जिला बाल कल्याण अधिकारी**

# पपला गुर्जर व जसराम गैंग को करते थे हथियार सप्लाई, तीन दबोचे

**राजस्थान में सरपंच को मारने का था प्लान**

**पपला गैंग ने हरियाणा व राजस्थान में हत्या सहित कई संगीन अपराधों को दिया है अंजाम**

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



पुलिस द्वारा अवैध हथियार सहित पकड़े गए आरोपी।

**डिटेक्टिव** स्टाफ ने हथियार सप्लाई करने वाले नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पपला गुर्जर व जसराम गैंग को हथियार सप्लाई करने वाले तीन आरोपियों को दबोचा है। डिटेक्टिव स्टाफ पलवल प्रभारी हनीश खान ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी।

हनीश खान के अनुसार टीम ने सूचना पर टोंका नहर पुल पर नाकाबंदी करते हुए राजस्थान नंबर की बाइक पर तीन युवक मोनू निवासी खरथल मंडी हाल गुत्ती थाना बहरोड जिला अलवर राजस्थान, बीच में बैठे नरेंद्र उर्फ लाल निवासी जैनपुर बांस थाना बहरोड जिला अलवर राजस्थान एवं सबसे पीछे बैठे मंजीत उर्फ ऋषि निवासी गुती थाना बहरोड जिला अलवर राजस्थान को काबू किया था। नरेंद्र की पीठ पर लटके हुऐ काले बैग की तलाशी में तीन देशी कट्टा व तीन कारतूस जिंदा, मोनू की तलाशी में दो जिंदा राउंड एवं आरोपी मंजीत की तलाशी में दो जिंदा रोंद बरामद हुए।

गहन पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनके द्वारा अवैध हथियार गांव भंडीयारा राजस्थान से लाए गए हैं, जिन्हें हथियारों की डिमांड पर सप्लाई करना था, लेकिन पुलिस की कार्रवाई ने अवैध हथियारों की सप्लाई के मंसूबों पर पानी फेर दिया। डीएसपी ने बताया कि बरामद अवैध हथियार के स्रोत व नेटवर्क का पता लगाने के लिये आरोपियों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। रिमांड अवधि के दौरान आरोपियों से दो अवैध हथियार बरामद हुए। गहन पूछताछ में आरोपियों ने ये हथियार विक्रम उर्फ पपला गुर्जर गैंग एवं उसके साथी जसराम गैंग को सप्लाई करना बताया, जिन्हें पपला गैंग द्वारा आपराधिक वारदातों में इस्तेमाल किया जाना था। इससे पूर्व भी समय-समय पर उनके द्वारा अवैध हथियार मुहैया कराना सामने आया है। डीएसपी के मुताबिक अपराधिक रिकॉर्ड में पपला गुर्जर पर हरियाणा के महेंद्रगढ, नारनौल, नांगल चौधरी तथा बहरोड राजस्थान में विभिन्न थानों में हत्या, जानलेवा हमला, चोरी, अवैध हथियार रखना, प्रिसन एक्ट के 17 संगीन मामले दर्ज होने पाए गए हैं। इसके अलावा यह भी सामने आया है कि आरोपी नरेंद्र से बरामद हथियार द्वारा अपने गांव के सरपंच को मारने की भी योजना बनाई हुई थी। इस गैंग में करीब 40 गुर्गे शामिल हैं। जिन के संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश जा रही है। नेटवर्क से जुड़े किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। तीनों गिरफ्तार आरोपियों की गिरफतारी की सूचना संबंधित थानों को अलग से दी गई है। आरोपियों को पेश अदालत किया गया।

# पीएम वाणी के तहत पाएं फ्री वाई-फाई के साथ रोजगार और स्वरोजगार



पीएम वाणी फ्री वाई-फाई योजना का शुभारंभ करते विधायक।

**फरीदाबाद।** जिले के सबसे बड़े गांव तिगांव में बुधवार को पीएम वाणी के तहत फ्री वाई-फाई योजना का शुभारंभ हुआ। जिसका शुभारंभ तिगांव क्षेत्र के विधायक राजेश नागर ने रिबन काटकर किया। तिगांव में रवि नागर की ओर से शुरू की गई इस योजना के बारे में राजेश नागर ने कहा कि देश तरक्की की रफ्तार पकड़कर आगे बढ़ रहा है और टेक्नोलॉजी भी दिन प्रतिदिन अपनी रूपरेखा बदलती जा रही है। ऐसे में देश के सभी सार्वजनिक स्थानों पर वाई-फाई सुविधा उपलब्ध कराने वाली प्रधानमंत्री वाईफाई एक्सेस नेटवर्क इनिशिएटिव योजना के तहत तिगांव में इस केंद्र की शुरूआत हुई है। पीएम वाणी के सह संस्थापक गौरव सिंह ने बताया कि लोग वाई फाई सेंटर एवं डाटा केंद्र की शुरुआत कर इसे रोजगार और स्वरोजगार का साधन बना सकते हैं। राशन की दुकान पर सस्ते गेहूं-चावल के साथ ही अब सस्ता इंटरनेट भी मिलेगा। दुकानदार बाहरी व्यक्ति को वाईफाई की सुविधा देकर प्रति व्यक्ति से रोजाना पांच रुपये के हिसाब से शुल्क लेगा। घनी आबादी वाले और दूर दराज के इलाके में यह योजना विक्रेताओं के लिए लाभकारी होगी। पीएम वाणी योजना का मुख्य उद्देश्य सभी सार्वजनिक स्थलों पर वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध करवाना है। इस योजना से अब पूरे देश के प्रत्येक नागरिक इंटरनेट से कनेक्ट किया जाएगा। जिससे वह बहुत सारी ऑनलाइन सुविधाएं प्राप्त कर सकेंगे। इस योजना के अंतर्गत इंटरनेट की सुविधा देने के लिए सार्वजनिक डाटा कार्यालय स्थापित किए जा रहे हैं। सार्वजनिक वाई-फाई नेटवर्क को सार्वजनिक डाटा कार्यालय द्वारा प्रदान किया जाएगा। यह सार्वजनिक डाटा कार्यालय पूरे देश में स्थापित किए जा रहे हैं। योजना के तहत दुकानों से 200 मीटर की परिधि में जितने भी नागरिक आते हैं, उन्हें इस योजना का लाभ मिल पाएगा। इस अवसर पर ऑल इंडिया कॉर्डिनेटर ओमप्रकाश सिंह, सरपंच विक्रम प्रताप सिंह, पूर्व पार्षद राजेश तंवर, दयानंद नागर, सुंदर नागर, रोहित नागर सहित अन्य मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सीजेएम सुकीर्ति गोयल ने किया बाल सुधार गृह का निरीक्षण



**फरीदाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश कम चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यशवीर सिंह राठौर के दिशानिर्देश अनुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुकीर्ति गोयल ने बाल सुधार गृह व प्लेस ऑफ सेफ्टी एनआईटी फरीदाबाद का निरीक्षण किया। उन्होंने बाल सुधार गृह के किचन का निरीक्षण किया गया, जो ठीक पाया गया। इसके साथ साथ शिकायत बॉक्स को भी खोला गया ,जिसमें कोई शिकायत पत्र नहीं मिला। सीजेएम बाल सुधार गृह में रह रहे 68 किशोरों और प्लेस ऑफ सेफ्टी में रह रहे 152 किशोरों से रूबरू हुईं। उन्होंने उनकी समस्याओं को जाना और उनका समाधान करने के बारे में अधिकारियों को दिशानिर्देश भी दिए। सीजेएम ने साथ ही किशोरों से कहा कि यदि उन्हें अलग से कोई अपनी समस्या बतानी है तो वे भी बता सकता हैं। लेकिन किसी किशोर ने कोई समस्या नहीं बताई। सुकीर्ति गोयल ने कहा कि जाने अनजाने में जो किशोर यहां आ गया है। वह अपने को सुधारकर समाज में जाकर मुख्यधारा से जुड़ सकता है। इस अवसर पर सुपरिटेंडेंट चंद्रपाल, ऑफिस इंचार्ज प्रमोद शर्मा, पैनल अधिवक्ता रविंद्र गुप्ता, राजेंद्र गौतम भी मौजूद रहे।

### जन्मदिन की पार्टी में हलवाई को गोली मारी, मामला दर्ज

**फरीदाबाद।** जन्मदिन की पार्टी में लोगों के लिए खाने का इंतजाम करने आए हलवाई को एक युवक ने गोली मार दी। घायलावस्था में उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने उसके बयान पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गांव रजापुर राघव डेयरी शास्त्रीनगर गाजियाबाद निवासी प्रवेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह हलवाई का काम करता है। बुधवार को उसने व साथी मनोज ने सैनिक फार्म अमीपुर तिगांव में जन्मदिन पार्टी का काम लिया हुआ था। उसने सुबह से करीब 11 बजे सैनिक फार्म हाउस पर खाना बनाने का काम शुरू कर दिया था और शाम तक पार्टी में आए लोग खाना खा रहे थे। उसी समय एक संजय नाम का युवक जो केयर टेकर का काम करता है, खाना लेने के लिए आया। उसने कहा कि 10 से 12 आदमी का खाना पैक कर दे। हलवाई ने उसी समय सब्जी आदि पैक कर दी थी और रोटी के लिए कहा कि तंदूर गरम होते ही आपको रोटी दे देंगे। इसी बात को लेकर उसके साथ गाली-गलौज की और अपनी जेब से पिस्तौल निकाली व उसपर सीधे दो फायर कर दिए। जिसमें वह बच गया। इसके बाद उसने फिर उस पर फायर किया और गोली दाहिने पैर में लगी। हलवाई के शोर मचाने पर वह गाड़ी लेकर भाग गया। लोगों ने हलवाई को इलाज के लिए नोएडा के निजी अस्पताल में दाखिल कराया।

### सीहा के स्कूल में फन कैंप फूड प्लाजा प्रतियोगिता आयोजित



**पलवल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहा में फन कैंप के अंतर्गत फूड प्लाजा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की अध्यक्षता प्रधानाचार्य दीपिका द्वारा की गई। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पर प्रतियोगिता के कोऑर्डिनेटर डीओसी योगेश सौरोत ने बताया कि विद्यार्थियों को व्यवसाय कौशल, सृजनात्मक और व्यवहारिक ज्ञान कराने के लिए चार ग्रुप में फूड प्लाजा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें लक्ष्मीबाई ग्रुप ने प्रथम, कल्पना चावला ग्रुप ने द्वितीय, चंद्रशेखर ग्रुप ने तृतीय तथा भगत सिंह ग्रुप ने चतुर्थ स्थान प्राप्त करके अपने कौशल का परिचय दिया है। सभी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए प्रधानाचार्य ने कहा निश्चित तौर पर इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। विद्यार्थियों ने विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों के माध्यम से हरियाणवी संस्कृति को प्रस्तुत किया है। इस अवसर पर अभिभावक-अध्यापक मीटिंग के अंतर्गत आए हुए अभिभावकों ने व्यंजन चखते हुए विद्यार्थियों के कार्य की सराहना की। निर्णायक मंडल की भूमिका राजकुमार, रामगोपाल, जोगिंदर, समय सिंह, मान सिंह, रामेश्वर, श्री कृष्ण, देवेंद्र, दिनेश, करतार तथा जसराम द्वारा निभाई गई।

### सेक्टर-10 में खाली प्लॉटों में कूड़े के ढेर से पनप रहीं बीमारियां



**फरीदाबाद।** सेक्टर-10 में खाली प्लॉट होने की वजह से उसमें ट्रकों से शहर का कूड़ा कचरा डाला जा रहा है। जिसकी वजह से इन रिहायशी प्लॉटों में कूड़े के ढेर लग गये हैं। इसकी बदबू आसपास के लोगों को परेशान कर रही है। सेक्टर वासियों ने इसकी सूचना स्थानीय पूर्व विधायक राजेंद्र बीसला व वरिष्ठ अधिवक्ता शिवदत्त वशिष्ठ को दी। जिन्होंने मौके पर जाकर देखा कि ट्रकों से वहां कूड़ा डाला जा रहा है। उन्हें देखकर ट्रक चालक दूर से ही अस्पताल की तरफ ट्रक को ले भागा। उन्होंने बताया कि कूड़े के ढेर से अनेक बीमारियां फैलने का खतरा बन गया है। जबकि इन प्लॉटों के पास बड़ा अस्पताल स्थित है। ये कूड़े कचरे के ढेर, प्रशासन की नाक के नीचे डाला जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन रिहायशी खुले प्लॉटों में कई बार लोग शौच करते देखे जा सकते हैं। शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने कहा कि जल्द ही ये मुद्दा ग्रीवेंस कमेटी की मीटिंग में रखा जाएगा और इस पर पूर्णतया पाबंदी लगाने के लिए मांग की जाएगी। जो लोग वहां गंदगी डाल रहे हैं, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जल्द ही ब्लॉक डी-2 के निवासियों की बैठक बुलाई जायेगी। जिसमें सभी प्लॉटों के मालिकों से कहा जायेगा कि वो प्लॉटों की चारदीवारी करें, जिसकी वजह से इनमें कूड़ा न डाला जाए।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत

**पलवल।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला नागरिक अस्पताल भिजवाया और पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को दे दिया। मृतक के पुत्र की शिकायत पर ट्रैक्टर के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। मुंडकटी थाना प्रभारी सचिन कुमार के अनुसार, कोट मोहल्ला पलवल निवासी दिनेश कुमार ने शिकायत दी है। दिनेश ने बताया कि उसके पिता कमल सिंह किसी निजी काम से होडल गए थे। जब होडल से वापस पलवल की तरफ आ रहे थे तो राजमार्ग पर बंचारी गांव के पास फ्लाईओवर से गुजरे। इस दौरान दिल्ली की तरफ से ट्रैक्टर लेकर आ रहे चालक ने लापरवाही से ड्राइविंग करते हुए पिता की बाइक पर सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगने से पिता उछलकर सड़क पर गिर गए और सिर में चोट लगने की वजह से उनकी मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर लेकर आरोपी फरार हो गया। दिनेश के अनुसार हादसे की सूचना लोगों ने पुलिस को दी।

# सुधा रुस्तगी कॉलेज में तंबाकू निषेध दिवस मनाया



**फरीदाबाद।** मौखिक स्वास्थ्य समग्र स्वास्थ्य, कल्याण और जीवन की गुणवत्ता का एक प्रमुख संकेतक है। तंबाकू का सेवन मौखिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। तंबाकू पर निर्भरता प्रमुख मौखिक स्वास्थ्य समस्याओं जैसे मसूढ़े के रोग और मौखिक कैंसर का कारण बन सकती है। जो समग्र स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर प्रस्तावित विषय के अनुसार खाना उगाओ, तंबाकू नहीं सुधा रुस्तगी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च, फरीदाबाद ने परिसर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। कर्मचारियों को तंबाकू के सेवन के दुष्प्रभाव और पौष्टिक आहार लेने के महत्व के बारे में बताया। आम जनता को मौखिक स्वास्थ्य शिक्षा सामग्री भी प्रदान की गई। धरमवीर गुप्ता अध्यक्ष, दीपक गुप्ता सचिव, डॉ. सीएम मढ़िया प्रिंसिपल और डॉ. विशाल जुनेजा सीईओ के मार्गदर्शन में जनस्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

# मानव रचना में नशामुक्ति स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**100 से अधिक सहायक कर्मचारियों के लिए व्यक्तिगत परामर्श कार्यक्रम और स्मोकराइजर परीक्षण**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



कार्यक्रम में भाग लेते स्टाफ सदस्य।

**मानव** रचना डेंटल कॉलेज में टोबैको सेसेशन सेंटर डिपार्टमेंट ऑफ ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी के तहत विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवलोकन में दुनिया भर के स्वास्थ्य पेशेवर शामिल हुए।

शिविर का उद्देश्य तंबाकू सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करना और तंबाकू समाप्ति के लिए व्यक्तिगत परामर्श कार्यक्रम प्रदान करना था। इस आयोजन की प्रमुख विशेषताओं में से एक स्मोकराइजर परीक्षण था, जिसने प्रतिभागियों को अपने शरीर में कार्बन मोनोऑक्साइड के स्तर को नापने की अनुमति दी। जिससे उन्हें धूम्रपान से होने वाले नुकसान की वास्तविक समय की समझ मिली। शिविर में कुल 102 कर्मचारियों ने भाग लिया, जिसमें 77 पुरुष और 25 महिलाएं शामिल थीं। धूम्रपान करने वाले परीक्षण ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, कई प्रतिभागियों को बाद में तंबाकू समाप्ति केंद्र में अनुवर्ती कार्रवाई करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. एनसी वाधवा, महानिदेशक, एमआरईआई, डॉ. संजय श्रीवास्तव, वीसी, एमआरआई आईआरएस, डॉ. पुनीत बत्रा, प्रिंसिपल एमआरडीसी, लेफ्टिनेंट जनरल (डॉ.) आरके आनंद, महानिदेशक, एमआरआईआईआरएस, ब्रिगेडियर विजय कुमार आनंद ने शिविर की शोभा बढ़ाई और सहायक कर्मचारियों को संबोधित करते हुए विश्व तंबाकू निषेध दिवस के महत्व पर जोर दिया। तंबाकू नियंत्रण के उद्देश्य पर एक नुक्कड़ नाटक ने दर्शकों को अच्छी तरह से जोड़ा और बहुत आवश्यक जागरूकता पैदा की। रेडियो मानव रचना 107.8 एफएम पर तंबाकू नियंत्रण पर एक जागरूकता वार्ता का सीधा प्रसारण भी किया गया। डॉ. मीना जैन के नेतृत्व में जन स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग ने तंबाकू मुक्त मानव रचना नामक एक अभियान चलाया। जिसमें सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम की धारा 4 और 6 को लागू करने की पहल की गई।

# छात्रों को अंग्रेजी भाषा में पारंगत करेगी ब्रिटिश काउंसिल

**श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय और ब्रिटिश काउंसिल के बीच हुआ एमओयू**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



एमओयू का आदान प्रदान करते श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के प्रो. आरएस राठौड़ और ब्रिटिश काउंसिल के मैनेजिंग डायरेक्टर डंकन विल्सन।

**श्रीविश्वकर्मा** कौशल विश्वविद्यालय और ब्रिटिश काउंसिल के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू साइन हुआ है। विद्यार्थियों को अंग्रेजी के माध्यम से रोजगार के क्षेत्र में सक्षम बनाना इसका सबसे बड़ा उद्देश्य है। ब्रिटिश काउंसिल अंग्रेजी में महारत के लिए जानी जाती है। इस एमओयू हस्तांतरण के दौरान श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की ओर से प्रो. आरएस राठौड़ और ब्रिटिश काउंसिल की तरफ से मैनेजिंग डायरेक्टर डंकन विल्सन मौजूद रहे।

श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय भाषाई कोर्स के ऊपर विशेष ध्यान केंद्रित कर रहा है और इसमें दुनिया भर में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली अंग्रेजी महत्वपूर्ण है। ब्रिटिश काउंसिल इंग्लिश भाषा के पेशेवर प्रशिक्षण के लिए विख्यात है। अब ब्रिटिश काउंसिल श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के साथ मिलकर विद्यार्थियों को अंग्रेजी में पारंगत करेगी। इसी उद्देश्य के साथ यह एमओयू किया गया है।

ब्रिटिश काउंसिल इंग्लिश ऑनलाइन सेल्फ स्टडी कोर्स के माध्यम से विद्यार्थियों की सामाजिक एवं पेशेवर उन्नति के लिए अपने कौशल का योगदान देगी। ब्रिटिश काउंसिल के मैनेजिंग डायरेक्टर डंकन विल्सन ने बताया कि ब्रिटिश काउंसिल ने अभी तक चार लाख से भी ज्यादा लोगों को 47 देशों में अंग्रेजी का प्रशिक्षण दिया है। उन्होंने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के साथ मिलकर इस कोर्स के माध्यम से अधिक से अधिक विद्यार्थियों को अंग्रेजी में सक्षम और निपुण बनाया जाएगा। प्रो. आरएस राठौड़ ने कहा कि भाषा व्यक्तित्व के विकास के साथ-साथ पेशेवर उन्नति में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अंग्रेजी का पूरी दुनिया में प्रसार है और इसके माध्यम से विद्यार्थी अपने करियर को और अधिक सुदृढ़ बना सकते हैं। इसी उद्देश्य के साथ श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय अपने परिसर में अंग्रेजी, जर्मन और जापानी भाषा के कोर्स चला रही है। अब ब्रिटिश काउंसिल के साथ जुड़ने के बाद अंग्रेजी के भाषाई कोर्स में और अधिक गुणवत्ता आएगी।

डंकन विल्सन ने बताया कि ब्रिटिश काउंसिल का विश्वसनीय मूल्यांकन समाधान एप्टीस पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। इसे कॉमन यूरोपियन फ्रेमवर्क ऑफ रेफरेंस में मैप किया गया है। यह परीक्षण ब्रिटिश काउंसिल के मूल्यांकन विशेषज्ञों द्वारा विकसित किया गया है। इस अवसर पर ब्रिटिश काउंसिल की ओर से तानिया सभरवाल, कपिल मित्तल, अंकित वर्मा और श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की ओर से संयुक्त निदेशक विनीत सूरी, सहायक उप निदेशक डॉ. नीता सिंह और डॉ. नकुल सिंह मौजूद थे।

# तीन जून को धूमधाम से मनेगा सांवरिया सरकार का वार्षिकोत्सव

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सांवरिया** सरकार परिवार सेवा ट्रस्ट द्वारा तीसरा श्रीश्याम वार्षिकोत्सव तीन जून को अग्रवाल कॉलेज तिगांव रोड में धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम से एक दिन पहले संस्था के द्वारा सभी श्रीश्याम प्रेमियों के साथ मिलकर श्रीश्याम प्रभु की विशाल निशान यात्रा दो जून को पथवारी मंदिर से मुख्य बाजारों से निकालकर उत्सव स्थल तक जायेगी।

इस कार्यक्रम की ज्यादा जानकारी देते हुए संस्था के प्रधान सेतु मित्तल ने बताया कि इस श्याम बाबा वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में भव्य दरबार, पुष्प वर्षा, 56 भोग, श्याम रसोई, बाबा का मनोहरी श्रृंगार और अखंड ज्योति मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे। बाबा के प्रेमियों को बाबा के लिए अधिष्ठा, अनुष्का, मध्य प्रदेश से शुभम, रूपम कोलकाता, आयुष सोमानी जयपुर, मनीष श्याम लाडला फरीदाबाद, सोनू सांवरिया सोनीपत, नितिन श्याम दीवाना फरीदाबाद से बाबा के भजनों का गुणगान करेंगे। इस कार्यक्रम का मंच संचालन सुशील गौतम करेंगे। श्रीश्याम वार्षिकोत्सव में राधा कृष्ण की मनमोहक झांकियां व महारास विक्की सुनेजा द्वारा की जाएगी।

उन्होंने बताया कि इस महोत्सव के दौरान महामंडलेश्वर महंत भैया जी महाराज का पावन सानिध्य भक्तों को प्राप्त होगा। श्रीश्याम वार्षिक उत्सव के दौरान श्याम प्रभु की कृपा से इस संकीर्तन में आए भक्तों को लकी ड्रॉ के माध्यम से चांदी का निशान उपहार स्वरूप दिया जाएगा।

आयोजन में सांवरिया सरकार परिवार सेवा ट्रस्ट रजिस्टर्ड के पदाधिकारी कपिल मित्तल, गुलशन मित्तल, कुणाल वैष्णव, राम शर्मा, दीपांशु गुप्ता, पुनीत गोयल, मनीष गर्ग, आकाश गुप्ता, श्यामसुंदर मित्तल, विकास गुप्ता, कृष्ण मित्तल, नितिन अग्रवाल, सुनील चौहान, नरेंद्र मित्तल, नमन सिंगला आदि लोगों का सहयोग रहेगा।

# डा. इंदु राव बनीं राजकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या



**गुरुग्राम।** राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 में कई वर्ष तक प्रोफेसर रहीं इंदु राव ने गुरुवार को इसी महाविद्यालय में प्राचार्या का पद संभाल लिया। यहां प्राचार्य रहे डा. रमेश गर्ग एक दिन पूर्व सेवानिवृत हुए हैं। महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्या डॉक्टर रंजना लाल, डॉक्टर पूजा खुल्लर, डॉक्टर कमला चौधरी, डॉक्टर रमेश गर्ग, एचएस यादव तथा डॉक्टर कृष्णा आदि इस अवसर पर मौजूद रहे और डा. इंदु राव को शुभकामनाएं दीं। अन्य राजकीय महाविद्यालयों में कार्यरत प्राचार्य डॉक्टर महाश्वेता देवी, डॉक्टर प्रीति देसवाल, डॉक्टर अनुपमा यादव, डॉक्टर सुनीता मलिक, डॉक्टर अनुपमा यादव और डॉक्टर शर्मिला यादव भी उनके कार्यभार ग्रहण के अवसर पर उपस्थित हुए। महाविद्यालय की उप-प्राचार्या डॉक्टर सविता महेंद्रू समेत कॉलेज काउंसिल के सदस्य, विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों ने भी डाक्टर इंदु राव को अपनी शुभकामनाएं दीं।

# यूपीएससी में चयनित अभ्यर्थियों को डीसी निशांत यादव ने दिए टिप्स

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**संघ** लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों रूहानी, अंजली गर्ग, पूजा यादव, प्रांशु शर्मा, अभिनव सिवाच, अनरक्षा यादव, सार्थक सिंह, सुनील, अवधेश व मन्नत से डीसी निशांत कुमार यादव ने मुलाकात कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

डीसी निशांत कुमार यादव ने प्रशासनिक सेवाओं के संबंध में उनका मार्गदर्शन किया। इस दौरान सोहना के एसडीएम प्रदीप सिंह भी

## डीसी ने प्रशासनिक सेवाओं के संबंध में चयनित अभ्यर्थियों का किया मार्गदर्शन

उपस्थित रहे। चयनित अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा को देश की सबसे कठिन परीक्षाओं की श्रेणी में सर्वोच्च माना गया है। ऐसे में इस परीक्षा को उत्तीर्ण कर भारतीय प्रशासनिक सेवा में आपका चयन आपकी अथक मेहनत व कठिन परिश्रम का



यूपीएससी परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों से मुलाकात के दौरान डीसी निशांत कुमार यादव।

परिणाम है। उन्होंने कहा कि इस चयन के साथ ही देश सेवा की एक बड़ी जिम्मेदारी अब आपके कंधों पर है। ऐसे में आप सभी की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि आप अपनी ड्यूटी के दौरान यह सुनिश्चित करें कि प्रशासन द्वारा आमजन के लिए जो भी सेवाएं दी जा रही हैं वे लक्षित वर्ग तक पूरी पारदर्शिता व तय समय सीमा में पहुंचे। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को ट्रेनिंग के दौरान भारत दर्शन यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि यह लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में भविष्य के सिविल सेवकों के प्रशिक्षण का एक मूलभूत हिस्सा है। डीसी ने भारतीय प्रशासनिक सेवाओं में जिला स्तर के कार्यक्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रशासनिक सेवाओं में जिला स्तर का कार्यकाल सबसे महत्वपूर्ण होता है। जिला स्तर की कार्यशैली व्यवस्थाओं के प्रबंधन में आपकी निर्णय लेने की क्षमता को और अधिक मजबूती प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सेवाओं में फील्ड विजिट का बड़ा महत्व है। व्यवस्था प्रबंधन में आपकी सहायता के लिए एक पूरा सिस्टम मौजूद रहेगा लेकिन एक अच्छा अधिकारी वही है जो जनता के बीच जाकर संवाद स्थापित करता है।

उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का हल जल्द से जल्द हो इसके लिए आपको सदैव आमजन के साथ जुड़ाव रखना होगा। इस अवसर पर सोहना के एसडीएम प्रदीप सिंह ने प्रशासनिक सेवा में अपने अनुभव सांझा करते हुए कहा कि एक अधिकारी की आम जन के मध्य छवि उनके उत्कृष्ट कार्यों से बनती है।

# कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई व गोल्डी बराड़ गिरोह के 10 शूटर पकड़े

## बंधक बनाकर डकैती व अपहरण करके फिरौती लेने की वारदात करने की फिराक में थे शूटर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**कुख्यात** गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई व गोल्डी बराड़ गिरोह के 10 शूटर को बंधक बनाकर डकैती करने की वारदात को अंजाम देने की योजना बनाते हुए गुरुग्राम पुलिस ने दबोचा है। इनमें से 7 एक जगह से और 3 दूसरी जगह से गिरफ्तार किए गए। इनकी योजना थी कि पुलिस की वर्दी पहनकर वारदात को अंजाम देंगे।

सात आरोपियों में शामिल राकेश कुमार उर्फ अनिल (24) हरजोत सिंह उर्फ लीला (23), अजय इशरवालिया उर्फ पंजाबी (20) प्रिंस उर्फ गोलु



पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई व गोल्डी बराड़ गिरोह के शूटर।

(18), जोगिन्द्र उर्फ जोगा (31), संदीप उर्फ दीप (23) व सिंदरपाल उर्फ बिट्टू (33) को महेंद्रवाड़ा भौंडसी से काबू किया गयो। इनसे पूछताछ के बाद इन्ही के 3 अन्य साथियों धर्मेंद्र उर्फ धर्मा (27) दीपक उर्फ दिलावर (26) व भरत पुत्र करण (24) को गुरुग्राम के राजीव चौक के निकट देवीलाल स्टेडियम के पास से अवैध हथियारों समेत काबू किया गया।

आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में स्वीकार किया कि वे सभी कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई व गोल्डी बराड़ गैंग के सक्रिय शूटर हैं। गुरुग्राम में डकैती व अपहरण की बड़ी वारदात को अंजाम देने आए थे। डकैती व अपहरण की वारदात को अंजाम देने के लिए जोगिन्द्र उर्फ जोगा पुलिस इंस्पेक्टर बनेगा। अन्य सदस्य भी पुलिस की वर्दी पहनेंगे और वारदात को अंजाम देंगे। पकड़े गए 7 आरोपियों के खिलाफ भौंडसी थाना में और 3 के खिलाफ सदर थाना गुरुग्राम में विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

**आरोपियों से पुलिस की ड्रेस समेत कई सामान बरामदः** गुरुवार को यहां पत्रकार वार्ता में एसीपी वरुण दहिया ने कहा कि सभी आरोपियों ने यह भी कबूला है कि वे विदेश में बैठे गोल्डी बराड़, रोहित गोदारा व वीरू के इशारे पर ही वारदात करते हैं। गुरुग्राम में की जाने वाली इस वारदात को अंजाम देने के लिए ये पुलिस की वर्दी, बेल्ट, जूते आदि लेकर आए थे। ये विदेश में बैठे गोल्डी बराड़ आदि से लगातार संपर्क में थे। उन्हीं के निर्देश पर गुरुग्राम से एक व्यक्ति का अपहरण करके उससे करोड़ों रुपये की फिरौती वसूल करनी थी। पुलिस टीम ने आरोपियों के कब्जे से कुल 4 पिस्टल, 28 जिन्दा कारतूस, 2 गाड़ियां (एक स्कॉर्पियो व एक होंडा सिटी), एक डंडा, एक टॉर्च व 7 पुलिस की ड्रेस बरामद की गई हैं। होंडा सिटी गाड़ी इन्होंने दिल्ली से चोरी की थी। आरोपियों के खिलाफ लूट, डकैती, हत्या के प्रयास, चोरी, मारपीट, धमकी देने, अवैध हथियार रखने इत्यादि अपराधों के हरियाणा के विभिन्न जिलों भिवानी, पंचकूला, सिरसा, अम्बाला, गुरुग्राम सहित मोहाली (पंजाब), राजस्थान में कई केस दर्ज हैं।

# तेज रफ्तार गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**सोहना।** गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग के टोल पर रॉंग साइड से तेज गति में आई फॉरच्यूनर गाड़ी ने सामने आ रही बाइक को सीधी टक्कर मार दी। बाइक पर सवार युवक गंभीर लगी चोटों के कारण सड़क पर गिर गया। जिससे गुरुग्राम के अस्पताल में डॉक्टरों ने मृतक घोषित कर दिया।

भौंडसी थाना के गांव अलीपुर निवासी समशेर ने पुलिस को बताया कि बुधवार की शाम करीब सवा 6 बजे वह गुरुग्राम से बाइक पर अपने घर आ रहा था। वह जब मारुति कुंज मोड़ पर पहुंचा तो वहा उसे उसकी मौसेरा भाई मोहित निवासी गांव खुटपुरी थाना सदर सोहना अपनी बाइक पर मिला। वे दोनों अपनी-अपनी बाइक पर घामडौज टोल की तरफ चल दिए। उसके आगे मोहित अपनी बाइक पर चल रहा था। घामडौज टोल पार करने के बाद रॉंग साइड से तेज गति से गाड़ी आई और उसके चालक ने लापरवाही बरतते हुए मोहित की बाइक को सीधी टक्कर मार दी। मोहित बाइक समेत सड़क पर गिर गया।

# साउथ ईस्ट एशिया टूर्नामेंट से गोल्ड लाए लक्षित को नवीन गोयल ने किया सम्मानित

## सेक्टर-52 में आयोजित कार्यक्रम खिलाड़ी को किया गया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर-52 में खिलाड़ी लक्षित को सम्मानित करते नवीन गोयल।

**साउथ** ईस्ट एशिया टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल जीतकर लौटे खिलाड़ी लक्षित को यहां पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने सम्मानित किया। सेक्टर-52 में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित करने के साथ उन्होंने लक्षित के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम के आयोजक निवर्तमान पार्षद कुलदीप बोहरा रहे।

कुलदीप बोहरा ने कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि नवीन गोयल समेत सभी अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम में आरडब्ल्यूए प्रधान प्रदीप बोहरा, रिषी अग्रवाल, रामअवतार, दलीप सिंह, राजीव गुप्ता, संदीप गुप्ता, विजयपाल यादव समेत अनेक लोग मौजूद रहे। नवीन गोयल ने कहा कि हमारे युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं हैं। उन्हें रुचि अनुसार खेलों में हिस्सा लेने व आगे बढ़ाने के लिए हम सभी को प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने खिलाड़ियों के लिए जो सुविधाएं दी हैं, वे पहले कभी किसी सरकार में नहीं मिली। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल लाने वाले खिलाड़ियों को सरकार ने मालामाल किया है। नवीन गोयल ने कहा कि हरियाणा की खेल पॉलिसी अन्य राज्यों की अपेक्षा बहुत बेहतर है। खिलाड़ियों को नकद इनाम के साथ उन्हें प्लॉट आदि पुरस्कार स्वरूप दिए जाते हैं। हरियाणा के खिलाड़ियों को समाज में रोल मॉडल बनाकर सरकार की ओर से सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रस्तुत किया जाता है। खेलों में मेडल लाने के अलावा राज्य स्तर पर भी खिलाड़ियों को बड़े अवार्ड सरकार की ओर से भेंट किए जाते हैं।

नवीन गोयल ने कहा कि खेलों में भी बेहतर भविष्य होता है, बशर्ते खिलाड़ी के भीतर अच्छा खेलने की भावना और क्षमता होनी चाहिए। सरकार हर कदम पर खिलाड़ियों के साथ खड़ी है। उन्होंने गुरुग्राम के हर क्षेत्र में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि वे समय-समय पर अपने जिले का नाम रोशन करते हैं। नवीन गोयल ने खिलाड़ी लक्षित को सम्मानित करके आशीर्वाद देते हुए कहा कि भविष्य में भी वे अच्छा खेलकर वे गुरुग्राम का नाम रोशन करें।

# उद्यमी बोले, क्या अब नगर निगम से काम कराने को सड़कों पर आना होगा...

## सेक्टर-37 औद्योगिक क्षेत्र में चार महीने से भरा सीवर का पानी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सेक्टर-37** औद्योगिक क्षेत्र में पिछले चार माह से सीवर ओवरफ्लो की समस्या को लेकर उद्यमियों ने कहा है कि क्या नगर निगम से काम कराने को उद्योगपतियों को सड़क पर उतरना पड़ेगा। सीवर की समस्या विकराल रूप ले रही है और नगर निगम लापरवाही कर रहा है। यहां सड़कों पर लगातार सीवर का पानी भरा हुआ है, जिससे उद्योगों का काम भी प्रभावित हो रहा है।

फेडरेशन आफ इंडियन इंडस्ट्री गुरुग्राम के महासचिव डॉक्टर एसपी अग्रवाल का कहना है कि बरसात के दौरान यह समस्या और भी गंभीर हो गई है। नगर निगम गुरुग्राम के अधिकारियों और कर्मचारियों से इस बारे में कई बार शिकायत करने का भी कोई असर नहीं दिख रहा है। क्या नगर निगम के अधिकारी औद्योगिक क्षेत्रों में बुनियादी समस्याओं का समाधान ना करने की कसम खा चुके हैं।

डॉ. अग्रवाल ने कहा कि क्या अब नगर निगम से संबंधित बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए उद्यमियों को भी सड़क पर उतरना होगा, क्या तभी उनकी बात सुनी जाएगी। प्रदेश सरकार औद्योगिक बेहतरी के लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को प्रोत्साहित करने का काम कर रही है। वहीं नगर निगम गुरुग्राम की लचर



गुरुग्राम के औद्योगिक क्षेत्र सेक्टर-37 में भरा गंदा पानी।

कार्यप्रणाली के कारण सेक्टर-37 जैसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र की हालत बद से बदतर होती जा रही है। फेडरेशन की ओर से सीवर ओवरफ्लो और सड़कों पर हो रहे जलभराव की समस्या के समाधान के लिए बुधवार को निगमायुक्त गुरुग्राम को ईमेल के माध्यम से लिखित शिकायत भी दी गई है। फेडरेशन के पदाधिकारियों का कहना है कि उनकी ओर से सीवर ओवरफ्लो के संबंध में जेई अंकित और कार्यकारी अभियंता गोपाल कलावत से कई बार शिकायत की जा चुकी है, फिर भी मामला जस का तस है।

# पंजाबी बिरादरी महासंगठन ने 24 स्थानों पर पिलाया शरबत

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**गुरुवार** को निर्जला एकादशी पर पंजाबी बिरादरी महासंगठन के प्रधान बोधराज सीकरी की अगुवाई में 24 स्थानों पर शरबत का वितरण किया गया। सुबह 10.30 बजे से नये और पुराने गुरुग्राम में अलग-अलग मंदिर और संस्थाओं द्वारा मीठा शरबत का वितरण पंजाबी बिरादरी के सहयोग से किया गया।



गुरुग्राम में निर्जला एकादशी पर शरबत वितरण कार्यक्रम में मौजूद पंजाबी बिरादरी महासंगठन के पदाधिकारी।

## बोध राज सीकरी ने सभी को इस नेक कम के लिए साधुवाद किया

इन सभी स्थानों पर महा संगठन द्वारा आम जनता और उपवास करने वालों के लिए भी 10 हजार से अधिक लोगों के लिए आलू-पूरी के प्रसाद की व्यवस्था की गई। यह कार्य संगठन के वरिष्ठ उपप्रधान ओमप्रकाश कथूरिया और महा मंत्री रामलाल ग्रोवर द्वारा किशोरी लाल डुडेजा की सहायता से किया गया। प्रसाद वितरण का कार्य नरेश चावला, किशन चावला और अनिल कुमार द्वारा सकुशल किया गया। सुरेंद्र कुमार खुल्लर प्रधान श्रीकेंद्रीय सनातन धर्म सभा (गुरुग्राम) और उनकी टीम का मार्गदर्शन मिला। पालम विहार एरिया का संचालन यदुवंश चुग और उनकी टीम द्वारा किया गया।

चौबीस स्थानों पर समय पर प्रसाद को एक समय में पहुंचाना प्रशंसनीय कार्य रहा। बोध राज सीकरी ने सभी को इस नेक कम के लिए साधुवाद किया।

# नप चैयरपर्सन अंजू देवी की सेंशन कोर्ट से भी जमानत याचिका खारिज

## इससे पूर्व उपमंडलीय कोर्ट ने अंजू देवी की जमानत याचिका कर थी खारिज

## अब राजस्थान हाई कोर्ट में जमानत याचिका का दायर करने का बचा है विकल्प

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद चैयरपर्सन अंजू देवी की दूसरे दिन भी राजस्थान की राजगढ़ सैशन अदालत ने जमानत याचिका को खारिज किया। इससे पहले बुधवार को स्थानीय इसी अदालत में उपमंडलीय कोर्ट ने अंजू देवी की जमानत याचिका को खारिज कर दिया था।

फर्जी स्कूल प्रमाण पत्र में राजस्थान की जयपुर जेल में बंद नगर



नप चैयरपर्सन अंजू देवी।

परिषद चेयरपर्सन अंजू देवी को गुरुवार को एक और बड़ा झटका लग गया है। अंजू देवी की गुरुवार को राजगढ़ की सेशन कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज कर दिया। लगातार दो दिन में दो जमानत याचिकाएं खारिज होने से अंजू देवी की परेशानियां और बढ़ गई हैं। सूत्रों के अनुसार अंजू देवी अब राजस्थान हाई कोर्ट में अपनी जमानत याचिका का दायर कर सकती हैं।

**सोशल मीडिया पर खारिज का संदेश :** गुरुवार को राजगढ़ की सैशन कोर्ट में भी नगर परिषद चेयरपर्सन अंजू देवी की फर्जी स्कूल प्रमाण पत्र मामले में जमानत याचिका खारिज होने की चर्चा शहर में आग से भी तेज फैल गई। वहीं अदालत में आज होने वाली याचिका पर सुनवाई को लेकर एक-एक पल पर शहरवासी टकटकी लगाए बैठे रहे। सूत्रों से जैसे ही याचिका खारिज होने की सूचना मिली। वैसे ही सोशल मिडिया पर यह संदेश वायरल हो गया।

**राजनीतिक गतिविधियां हुई तेज :** नगर चेयरपर्सन अंजू देवी की दूसरे दिन भी जमानत याचिका खारिज होने के बाद राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। अब सभी की नजरें अंजू देवी द्वारा राजस्थान हाई कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल कराने या न कराने पर लगी हैं।

**मामले में सलिप्त दो आरोपी फरार :** अंजू देवी फर्जी स्कूल प्रमाण पत्र मामले में सलिप्त राजस्थान निवासी हेमन्त उपाध्याय, हेमन्त के पिता भगवान शाह उपाध्याय और हेमन्त के चाचा मुकेश उपाध्याय आरोपी हैं। मुकेश उपाध्याय और भगवान शाह उपाध्याय अभी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। जबकि हेमन्त उपाध्याय को करीब दो माह जेल में रहने के बाद हाई कोर्ट से जमानत मिल चुकी है।

# मिंत्रा की ईओआरएस-18 6000 से ज्यादा ब्रांड्स के 20 लाख स्टाईल्स के साथ शुरू हुई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**फैशन,** ब्यूटी एवं लाइफस्टाइल के लिए भारत के अग्रणी डेस्टिनेशन, मिंत्रा ने सोमवार को बताया कि यह अपने ऐप पर नॉन-मेट्रो शहरों से 15 मिलियन नए यूज़र्स का स्वागत करने वाला है क्योंकि देश में लाखों ग्राहकों के लिए मिंत्रा की अर्द्धवार्षिक एंड ऑफ रीजन सेल (ईओआरएस) 1 जून से शुरू होने वाली है, जिसमें 6,000 से ज्यादा अग्रणी घरेलू, अंतर्राष्ट्रीय और डी2सी ब्रांड्स के 20 लाख से ज्यादा फैशन, ब्यूटी और लाईफस्टाइल उत्पाद उपलब्ध होंगे।

कंपनी सबसे ज्यादा भीड़ के वक्त एक साथ 9 लाख ग्राहकों को संभाल सकेगी। मिंत्रा पर 17,000 से ज्यादा किराना पार्टनर्स का मेग्सा नेटवर्क पूरे देश में सुगम डिलिवरी संभव बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मिंत्रा की सीईओ, नंदिता सिन्हा ने कहा, "मिंत्रा के अग्रणी टेक इन्वेस्टमेंट्स और फीचर्स द्वारा हम ग्राहकों के हर वर्ग, चाहे जैनजी हो या मिलेनियल्स या फिर टियर 2 और 3 शहरों से हमारे ग्राहक या फिर सौंदर्य प्रसाधन सामग्री के चाहने वाले, हर तरह के ग्राहकों को हम अतुलनीय

## सीईओ, नंदिता सिन्हा ने कहा, "ईओआरएस फिल्म्स में सुपर स्टार्स की मौजूदगी शॉपिंग महोत्सव में लुभाएगी।"

ऑफर और बेहतरीन शॉपिंग का अनुभव प्रदान करना चाहते हैं।" उन्होंने कहा, "हमारी ईओआरएस फिल्म्स में शाहरुख खान जैसे सुपरस्टार्स की मौजूदगी विभिन्न आयु समूह और क्षेत्रों में इस शॉपिंग महोत्सव की ओर रुझान को बढ़ाती है।" ईओआरएस 18 में उपभोक्ताओं का ज्यादा रुझान मेन्स कैज्युअल वियर, वीमेंस एथनिक, वीमेंस वेस्टर्न वियर, ब्यूटी एवं पर्सनल केयर, वॉच एवं वियरेबल्स, होम एवं फर्निशिंग, समर एसेंशियल्स, वर्क वियर और किड्स वियर की ओर होने की उम्मीद है।

इस प्लेटफॉर्म ने स्पोर्ट्स फुटवियर, होम एवं फर्निशिंग और एक्सेसरीज जैसी श्रेणियों का विस्तार किया है ताकि ग्राहक लाइफस्टाइल के क्षेत्र में नए सलेक्शन खोज सकें।

ईओआरएस स्पेशल्स के अंतर्गत, मिंत्रा ने ईओआरएस से पहले अपने कलेक्शन में कन्वर्स फुटवियर शामिल किया है, और नाईक जॉर्डन्स, एयर फोर्स, एवं डंक्स के कलेक्शन बढ़ाए हैं। ग्राहक अब अद्वितीय सेलिब्रिटी लाईन जैसे प्यूमा एक्स अनुष्का, क्लब ओरिजनल्स, तापसी एक्स रीबॉक, और प्यूमा कलर ब्लॉक्ड स्टाईल भी खरीद सकेंगे। इसके अलावा मिंत्रा के ट्रेंडी सलेक्शन में फकक, बेबे, कैनेथ कोल, और बूहूमैन जैसे ब्रांड हैं, जो फैशनप्रेमी ग्राहकों का दिल जीत लेंगे। ग्राहकों को लुभाने के लिए हाउस ऑफ ब्रांड्स से कुछ घरेलू ब्रांड्स में एचआरएक्स, एनूक और रोडस्टर आदि शामिल हैं।

होम सेक्शन में दो लाख से ज्यादा स्टाईल्स के साथ ईओआरएस में ग्राहकों को होम फर्निशिंग, किचन, और डेकोर में स्पेसेज़, ट्राइडेंट, डी डेकोर, रेमंड, मिल्टन, सैलो,वंडरशेफ, होम सेंटर, एचएंडएम, होमटाउन, मार्क्स एंड स्पेंसर, जेसी कलेक्शन आदि जैसे अग्रणी ब्रांड्स के सर्वश्रेष्ठ कलेक्शन उपलब्ध होंगे। ईओआरएस 18 में वॉच और वियरेबल्स श्रेणी में 300 से ज्यादा अग्रणी ग्लोबल, घरेलू और फैशन ब्रांड्स के 20,000 से ज्यादा उत्पाद मिलेंगे।

# छह युवकों ने व्यक्ति को लाठी से पीटते-पीटते किया बेहोश

**सोहना।** सदर थाना के गांव खेड़ला निवासी को स्थानीय निवासी छह युवकों ने बिना किसी कारण के लाठी से पीटते-पीटते हुए बेहोश कर दिया। होश आने पर घर पहुंचे व्यक्ति को परिजनों ने अस्पताल में दाखिल कराया। पीड़ित द्वारा मारपीट के नौ दिन बाद दी शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। खेड़ला निवासी ओमप्रकाश ने बताया कि 22 मई की सुबह साढ़े चार बजे वह अपने कुत्ता को लोहे की बेल में बांधकर सड़क पर घुमा रहा था। आवारा कुत्तों से सुरक्षा के उद्देश्य से वह अपने साथ लाठी लेकर गया था।

सड़क पर गांव के ही निवासी अजय, हनी, टपली उर्फ प्रवीन, आकाश, सतबीर उर्फ पीले व भूरा बैठे हुए थे। जब वह उनके पास से कुत्ता को लेकर निकल रहा था। तभी सभी आरोपी उसके सामने खड़े हो गए और गालियां देने लगे। इसी तू तड़ाक होने आरोपियों ने उसकी लाठी को छिन लिया। उसी लाठी से उसे पीटना शुरु कर दिया। आरोपी जब तक लाठी से उसके ऊपर वार करते रहे। जब तक वह बेहोश होकर जमीन पर गिर न गया।

# अमेजन इंडिया को सबसे अधिक मांग गद्दों को अपग्रेड करने के लिए देखने को मिली है : केएन श्रीकांत, डायरेक्टर, ओएचएल, अमेजन इंडिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**1. हमें अमेजन इंडिया के होम, किचन और आउटडोर बिजनेस के बारे में बताइए?**

अमेजन इंडिया में होम, किचन और आउटडोर हमारे सबसे तेजी से विकसित होते बिजनेस में से एक हैं। ये बिजनेस कैटेगरी ग्राहकों को किचन एप्लायंसेस, फर्नीचर, होम डेकोर, बाथरूम फिटिंग्स, स्पोर्ट्स और गार्डनिंग इक्विपमेंट जैसे कई तरह के उत्पाद उपलब्ध कराकर दैनिक जीवन के आसान कामों को पूरा करने में मदद करती है। इस कैटेगरी में हमारे पास 2 लाख से ज्यादा विक्रेता हैं, जो 12.8 लाख से अधिक ब्रांड्स के 22.4 करोड़ से ज्यादा उत्पादों के विस्तृत चयन की पेशकश करते हैं।

**2. Amazon.in ग्राहकों को होम, किचन और आउटडोर कैटेगरी के उत्पाद खरीदने के लिए कौन सी अनूठी पेशकश कर रहा है?**

Amazon.in अपने क्वालिटी वेरीफाइड प्रोग्राम के जरिए अपने ग्राहकों को विश्वसनीय फर्नीचर और गद्दे आसानी से खरीदने की सुविधा प्रदान करता है। यह कार्यक्रम 3पी, जो हैं एनएबीएल प्रमाणि प्रयोगशालाएं, कारीगरी, उत्पाद कार्यक्षमता और मजबूती आदि जैसे 20 से ज्यादा क्वालिटी पैरामीटर्स से गुजरते हैं, के जरिए गुणवत्ता आश्वासन के साथ एक चिंता मुक्त खरीदारी की पेशकश करता है। ग्राहक इस कार्यक्रम के तहत न्यूनतम एक साल की वारंटी का अतिरिक्त लाभ उठा सकते हैं, जिससे उनकी खरीदारी में और अधिक मूल्य जुड़ जाता है।

होम इम्प्रूवमेंट कैटेगरी में किचन और बाथ फिटिंग्स का तेजी से विकास हो रहा है। हमारे पोर्टफोलियो में अब बाथ फिटिंग्स (नल, शावर, मिक्सर, डायवर्टर, सिस्टर्न टैंक, टॉयलेट सीट, वाल्व), सेनेटरीवेयर (टॉयलेट बाउल, बेसिन) और बाथ एक्सेसरीज (टॉवेल होल्डर, टॉवेल बार, शेल्फ, मिरर, वैनिटी, टॉयलेट पेपर होल्डर, सॉप डिस्पेंसर) की पूरी रेंज ग्राहकों के चयन के लिए अमेजन पर उपलब्ध है।

खरीदारी के बाद परेशानी मुक्त अनुभव सुनिश्चित करने के लिए, Amazon.in सभी पात्र उत्पादों के लिए देश भर में मुफ्त फर्नीचर



इंस्टॉलेशन/वर्चुअल डेमॉन्स्ट्रेशन की पेशकश करता है। ग्राहक असाधारण मूल्य वर्धित सेवाओं का भी लाभ उठा सकते हैं, यह केवल यहीं तक सीमित नहीं है इसमें विस्तारित वारंटी, फर्नीचर रखरखाव योजना और आसान वारंटी दावा शामिल हैं। पंखा, इन्वर्टर, वाटर प्यूरीफायर और वाटर हीटर जैसे कई उपकरण इंस्टॉलेशन पर निर्भर हैं। एक सहज ग्राहक अनुभव सुनिश्चित करने के लिए, अमेजन इन उत्पादों पर ब्रांड संचालित या इन हाउस इंस्टॉलेशन सेवाएं प्रदान करता है। हमने गजेबो/कैनोपी, आउटडोर स्विमिंग पूल और गार्डन/प्रमोशनल अम्ब्रेला जैसी नई आउटडोर कैटेगरी में दिलचस्पी को बढ़ता हुआ देखा है। हाल ही में, हमने लॉन और गार्डन के लिए ब्रांड पोर्टफोलियो का और विस्तार किया है और उगाओ (ugaoo) जैसे शीर्ष डी2सी ब्रांड को शामिल किया है।

**3. फर्नीचर कैटेगरी के मामले में Amazon.in पर देखे गए कुछ दिलचस्प उपभोक्ता रुझान हमारे साथ साझा करें?**

Amazon.in पर प्रीमियम फर्नीचर सेगमेंट कैसा प्रदर्शन कर रहा है? डिजिटल तरीके से फर्नीचर खरीदारी के साथ, फर्नीचर जैसे उच्च विचार वाले उत्पादों (आमतौर पर 8 हजार रुपए से अधिक औसत बिक्री मूल्य) के लिए एक सहज ऑनलाइन खरीदारी अनुभव प्रदान करने की आवश्यकता बढ़ गई है। फर्नीचर कैटेगरी (सोफा, वार्डरोब, रेक्लाइनर और बेड) आश्चर्यजनक रूप से साल दर साल 1.3 गुना की रफ्तार से बढ़ रही है, जहां ग्राहक बेस्ट डील और छूट चाहते हैं। इसके अलावा, हम ऑफिस फर्नीचर में नए चलन के रूप में गेमिंग कुर्सियों की मांग को 1.2 गुना सालाना बढ़ते हुए देख रहे हैं चूंकि ग्राहक अच्छे गद्दे के महत्व को समझ रहे हैं, इसलिए बड़े और आरामदेह गद्दे की मांग बढ़ रही है; टियर 2 और टियर 3 शहरों में गद्दों को अपग्रेड करने की सबसे अधिक मांग है।

# बीडीपीओ नरेंद्र ढुल को नहीं मिली अग्रिम जमानत

## सेशन कोर्ट से लेकर हाईकोर्ट तक नहीं मिल सकी कोई राहत

## पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने जुलाई माह में अगली तारीख निर्धारित की

रिजवान कासिम। मेवात

**पंचायत** विभाग के कर्मचारी के साथ नशे की हालत में मारपीट करने, जाति सूचक शब्द कहने तथा एक अन्य मामले में अपने ही मातहत कर्मचारी से रिश्वत मांगने के आरोपों में घिरे बीडीपीओ नरेंद्र ढुल की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं।

इंडरी खंड के बीडीपीओ नरेंद्र ढुल के खिलाफ रोजका मेव थाने में अलग-अलग धाराओं में दो अलग-अलग मामले दर्ज हैं। दोनों ही मामलों में नूंह पुलिस को बीडीपीओ नरेंद्र ढुल की सरगर्मी से तलाश है। बीडीपीओ को दबोचने के लिए नूह पुलिस ने कई जगह छापेमारी की, लेकिन अभी तक पुलिस की गिरफ्त से नरेंद्र ढुल दूर है। इन मामलों से अपने आप को बचाने के लिए बीडीपीओ नरेंद्र ढुल ने सेशन कोर्ट नूंह में बीते सप्ताह अग्रिम जमानत की अर्जी दायर की थी, लेकिन राहत नहीं मिली। राहत


बीडीपीओ नरेंद्र ढुल।

नहीं मिलने के बाद बीडीपीओ नरेंद्र ढुल ने पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट का रुख किया और अग्रिम जमानत के लिए अर्जी दायर की, लेकिन गत 31 मई को बीडीपीओ नरेंद्र ढुल को हाईकोर्ट से भी कोई राहत नहीं मिली। उनकी अग्रिम बेल की अर्जी कोर्ट ने खारिज कर दी। अब इस मामले में पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने जुलाई माह में अगली तारीख निर्धारित की है। नूंह पुलिस बीडीपीओ नरेंद्र ढुल को खोजने के लिए कोशिश कर रही है, लेकिन खंड विकास एवम पंचायत अधिकारी नरेंद्र ढुल पुलिस को चकमा देकर अग्रिम जमानत के लिए जी तोड़ कोशिश कर रहा है, लेकिन उसे एक के बाद एक मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। अग्रिम जमानत नहीं मिलने की सूरत में बीडीपीओ नरेंद्र ढुल को जेल की हवा खानी पड़ सकती है। जब इस बारे में जितेंद्र राणा डीएसपी से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि बीडीपीओ नरेंद्र ढुल की अग्रिम जमानत खारिज होने की खबर मिली है। रोजकमेव पुलिस आरोपी बीडीपीओ नरेंद्र ढुल को जल्दी ही गिरफ्तार करेगी।

# हथियार बनाने की अवैध फैक्ट्री से सात देशी पिस्टल, सात मैगजीन बरामद

## आरोपी गुरुदेव सिंह बरनाला की निशानदेही पर मध्य प्रदेश के जंगल में पकड़ी फैक्ट्री

रिजवान कासिम। मेवात



**पुलिस** अधीक्षक नूंह वरुण सिंगला ने प्रेस वार्तालाप के दौरान बतलाया कि जिला नूह पुलिस अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने में लगातार प्रयासरत है। जो इसी कड़ी में अदालत से सात दिन के पुलिस हिरासत रिमांड पर लिए अंतरराज्यीय अवैध असलाह तस्कर गुरुदेव सिंह बरनाला पुत्र बराड सिंह बरनाला निवासी खकनार पचोरी, जिला बुरहानपुर मध्य प्रदेश हथियारों की एक अवैध फैक्ट्री को पकड़वाया है। आरोपी की निशानदेही पर जिला नूह पुलिस की अपराध शाखा तावडू टीम ने गत 31 मई को गांव पचोरी जिला बुरहानपुर मध्य प्रदेश के जंगल से एक अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का पर्दाफाश किया। छापे के दौरान फैक्ट्री से 07 अवैध देशी पिस्टल, 07 मैगजीन व अवैध हथियार बनाने के औजार बरामद करने में बड़ी सफलता हासिल की।

पुलिस अधीक्षक नूह ने कहा कि 20 सितंबर 2022 को उपनिरीक्षक विजयपाल अपनी टीम के साथ गश्त में होडल-पुन्हाना रोड पर मौजूद थे। उसी समय गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि आसिफ पुत्र आशु उर्फ आस मोहमद निवासी बिछौर अपने पास अवैध पिस्टल रखता है। देशी पिस्टलों को बेचने के लिये अपने घर से कहीं जाएगा। जिस सूचना पर दबिश देकर आसिफ को काबू किया। जिसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जा से 2 पिस्टल और 2 मैगजीन बरामद हुई। जिनको कब्जा पुलिस में लिया गया। जिस संबंध में थाना बिछौर में सम्बंधित धाराओं के तहत एक अभियोग अंकित करके आरोपी आसिफ को मुकदमा में गिरफ्तार करके गहनता से पूछताछ की गई। पूछताछ पर आरोपी आसिफ के स्वीकृति कथन अनुसार सह आरोपी सहनवाज उर्फ सैनी पुत्र ईसूब निवासी सिरौली नंगला जिला मथुरा (यूपी) को गत 19 मई 2023 को मुकदमा में गिरफ्तार किया गया। आरोपी सहनवाज उर्फ सैनी से पूछताछ पर उसके स्वीकृति कथन अनुसार गत 23 मई 2023 को आरोपी गुरुदेव सिंह बरनाला पुत्र बराड सिंह बरनाला निवासी गांव उमरती तहसील वरला बड़वानी मध्यप्रदेश हाल निवासी पचोरी थाना खकनार जिला बुरहानपुर मध्य प्रदेश को दोई फोडिया जिला बुरहानपुर मध्यप्रदेश से काबू किया। काबू करने उपरांत आरोपी के पिट्ठू बैग की तलाशी लेने पर उसमें 14 अवैध देशी पिस्टल व 14 मैगजीन बरामद हुई। जिनको कब्जे पुलिस में लिया गया। आरोपी के खिलाफ आगे की जांच जारी है ताकि अवैध हथियार सप्लाई के पूरे नेटवर्क का पता लगाकर इसमें शामिल लोगों को सख्त से सख्त सजा दिलाई जा सके। पहाड़ी क्षेत्र में यह अवैध फैक्ट्री चल रही थी।

पुलिस अधीक्षक ने अपराध शाखा तावडू प्रभारी सुरेन्द्र सिद्धू व उनकी टीम द्वारा बरामद हथियारों के जखीरे सहित आरोपियों को पकड़ने व अवैध हथियारों की फैक्ट्री का पर्दाफाश करने पर जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आरोपी गुरदेव सिंह बरनाला से गहनता से पूछताछ की जा रही है ताकि हथियारों की सप्लाई के इस पूरे नेटवर्क को खंगाला जा सके।

# सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट परिसरों में हरियाली बढ़ाएं : पीसी मीणा


बहरामपुर व धनवापुर एसटीपी का दौरा करते जीएमडीए के सीईओ पीसी मीणा।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीसी मीणा ने गुरुवार को अधिकारियों की टीम के साथ बहरामपुर तथा धनवापुर में स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांटों का दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों से एसटीपी संचालन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली तथा मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पीसी मीणा ने अधिकारियों से कहा कि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांटों के परिसर में हरियाली को और अधिक बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि प्लांट की चारदीवारी के साथ अधिक ऊंचाई वाले पेड़ लगवाएं। एसटीपी से शोधित पानी के डिस्चार्ज प्वाईंट पर फ्लो मीटर लगाने तथा वहीं पर ही गुणवत्ता जांच मीटर स्थापित करवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। मीणा ने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करते रहें कि निर्धारित गुणवत्ता मापदंडों को पूरा किए जाने के बाद ही शोधित पानी ड्रेन में डिस्चार्ज किया जाए। जीएमडीए द्वारा बहरामपुर में 50 एमएलडी तथा 120 एमएलडी क्षमता के दो सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट संचालित किए जा रहे हैं। 100 एमएलडी क्षमता का एक अतिरिक्त सीवरेज ट्रीटमेट प्लांट स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। इसके अलावा धनवापुर में 100 एमएलडी, 68 एमएलडी तथा 50 एमएलडी क्षमता के तीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट चल रहे हैं। यहां पर 350 एमएलडी क्षमता के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट प्रस्तावित हैं तथा प्रथम चरण में 100 एमएलडी क्षमता के एसटीपी का निर्माण किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मेवात में गैंग की कमर तोड़ने में जुटी खाकी



**मेवात।** नूह जिले में गैंग की कमर तोड़ने का काम किया जा रहा है। पुलिस लगातार इन पर सख्त कार्रवाई कर रही है। धरपकड़ कर रही है। जैसे ही गैंगवार में शामिल अपराधी जेल से बाहर आते हैं। उनके पीछे सर्विलांस शुरू हो जाती है। वर्ष 2023 के पिछले पांच महीनों में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। कुल आठ गैंग पर कार्रवाई हुई है। तीन व्हीकल चोर गैंग, दो हथियार सप्लाई, दो एनडीपीएस, एक लूट का गैंग है। इनके द्वारा धरपकड़ की गई है। कुल 9 मोस्टवांटेड या इनामी बदमाश अब तक गिरफ्तार किए गए हैं। पिछले 5 महीने में 127 पीओ गिरफ्तार किए गए हैं। 36 बेल जंपर गिरफ्तार किए गए हैं। एक अभियान चलाकर इन मामलों में धरपकड़ की गई है। पुलिस को विशेष उपलब्धि मिली है कि जो पीओ की प्रॉपर्टी है, तीन पीओ की प्रॉपर्टी 18 लाख रुपये से अधिक की अटैचमेंट कराने की कार्रवाई की गई है। अन्य 9 पीओ की संपति कुर्क कराने के लिए कार्रवाई चल रही है, उसमें सफलता मिली है। पुलिस कप्तान वरुण सिंगला ने कहा कि पीओ की संपत्ति कुर्क कराने के लिए नियम अनुसार कार्रवाई कराई जा रही है। कुल मिलाकर पिछले कुछ सालों से अपराध की दुनिया में सक्रिय रहने वाले लोगों के लिए अब खाकी पूरी तरह सख्त दिख रही है। भगोड़े अपराधियों की तो जीवनभर की कमाई पर भी कुर्की की तलवार लटक गई है।

### पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति जागरूकता जरूरी

**नूह।** मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज, नूह में पर्यावरण संरक्षण एवं इसके सतत विकास को दृष्टिगत रखते हुए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दैनिक मानवीय गतिविधियों द्वारा हमारे आसपास के पर्यावरण को हो रही क्षति के सन्दर्भ में विस्तृत चर्चा की गई। पर्यावरण के प्रदूषित होने से भविष्य में होने वाली परेशानियों पर भी प्रकाश डाला गया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित पंकज कुमार ने बिंदुवार पर्यावरणीय समस्याओं पर प्रकाश डाला। सोनू कौशिक ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता सन्देश दिया। इस कार्यक्रम का आयोजन हरियाणा अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (हरेड़ा) एवं बीईई के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक डॉ ख्वाजा एम रफी साहब ने की। कार्यक्रम में उपस्थित स्टॉफ एवं छात्र-छात्राओं के साथ पर्यावरण संरक्षण को लेकर अपने विचार साझा किए। कॉलेज में भी पर्यावरणीय संरक्षण उपकारणों की उपयोगिता पर बल दिया। मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज की तरफ से एक्सपर्ट वक्ता के तौर पर डॉ शाहीन खान ने कार्यक्रम में उपस्थित स्टॉफ एवं छात्रों को पर्यावरण को प्रदूषित करने वाले कारकों जैसे औद्योगिकीकरण द्वारा जल एवं वायु के प्रदूषित होने से पर्यावरण को होने वाले नुकसानों से अवगत कराया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। कॉलेज स्टॉफ की तरफ से डॉ शमशाद अली, डॉ शाहिद कुरैशी, डॉ चमन, डॉ अफजाल फातिमा, साहिना, सुल्ताना, साकिर हुसैन सहित कॉलेज के छात्र उपस्थित रहे।

### आबादी क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित प्लांट से जनता परेशान

**तावडू।** उपमंडल के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-919 के साथ गांव धुलावट सीमा में अवैध रूप से संचालित एक मिक्सर प्लांट द्वारा वातावरण को प्रदूषित करने का मामला सामने आया है।वार्ड नंबर दो के जिला पार्षद ने इस पर संज्ञान लेते हुए प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायत देकर कार्यवाही की मांग की है। तो वहीं प्रशासन की ओर से जांच का भरोसा दिलाया गया है। वार्ड नंबर दो से निर्वाचित जिला पार्षद हैदर अली ने दी शिकायत में बताया कि धुलावट गांव की सीमा में आबादी क्षेत्र के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 919 के साथ एटलस कंस्ट्रक्शन के नाम से तारकोल रोड़ी आदि का एक मिक्सर आरएमसी प्लांट अवैध रूप से संचालित है। जिससे भारी मात्रा में वातावरण प्रदूषित और जहरीला होता जा रहा है। प्लांट से निकलने वाली जहरीली एवं प्रदूषित हवा से लोगों को परेशानी होती है। पार्षद ने कहना है कि मिक्सर प्लांट के नजदीक ही एक ढाणी बसी हुई है। जहां के निवासी इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। प्लांट की जहरीली हवा गंदगी और बदबू से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है तो उन्हें विभिन्न प्रकार की बीमारियों का भी खतरा है। यह एनजीटी के आदेशों का खुलेआम उल्लंघन कर वातावरण को प्रदूषित कर रहा है।उन्होंने बताया कि प्लांट से भारी संख्या में ओवरलोड वाहन निकलते हैं,जिसके कारण मार्ग पर कई बार जाम की स्थिति बन जाती है। यह प्लांट संचालक सरकारी आदेशों की परवाह किए बगैर मनमर्ज़ी कर रहा है।उन्होंने अंदेशा जताते हुए कहा कि ग्राम पंचायत धुलावट सहित कुछ लोगों के सरंक्षण से अवैध रूप से यह प्लांट संचालित है। इस मामले को लेकर उन्होंने तावडू उपमंडल अधिकारी एवं जिला उपायुक्त को शिकायत दी है। तावडू उपमंडल अधिकारी संजीव कुमार का इस बारे में कहना है कि वह इस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करेंगे। वहीं प्लांट संचालक से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने मीटिंग में होने की बात कहकर फोन काट दिया।

# ग्रामीण भारत खेल महाकुंभ में हरियाणा टीम ने जीता रजत पदक

**तावडू।** नूंह जिले के तावडू उपमंडल में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। तावडू क्षेत्र से संबंध रखने वाले कई युवा खिलाड़ी राज्य स्तर से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। हाल ही में गांव जोरासी के रहने वाले एक युवा खिलाड़ी ने हरियाणा हॉकी टीम को मध्यप्रदेश में आयोजित एक प्रतियोगिता में जीत दिलाने में विशेष भूमिका निभाई थी। तो अब तावडू निवासी व हरियाणा कबड्डी टीम के सदस्य रजत सहरावत ने गुरुग्राम में आयोजित ग्रामीण भारत खेल महाकुंभ में टीम को विजय दिलाने में अपना योगदान दिया है। क्षेत्र के लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए रजत को बधाई दी है।

25 मई से 28 मई के बीच गुरुग्राम के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम ने दिल्ली की टीम को पराजित कर रजत पदक हासिल किया। इसमें अहम भूमिका निभाने वाले तावडू के सर छोटू राम नगर में रहने वाले सामान्य परिवार के रजत सहरावत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार छह प्वाइंट अर्जित किए। जिसके चलते हरियाणा की टीम को विजय प्राप्त हुई। इससे पहले हरियाणा की टीम ने गुजरात की टीम को बुरी तरह पछाड़ा था। रजत की इस उपलब्धि पर परिजनों सहित क्षेत्र के लोगों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# किसानों के साथ धोखा, सरकार ने मुआवजा लिया वापस

## सरकार के प्रति मेवात क्षेत्र के किसानों में बढ़ रहा है भारी रोष

शौकीन कोटला। नूह

**मेवात** क्षेत्र के किसान इन दिनों बेहद परेशान हैं। उनकी परेशानी की वजह यह है कि मार्च में सरकार ने उनको उनकी फसल खराब होने का मुआवजा भेज दिया था, लेकिन 31 मार्च को वापस ले लिया। सरकार एक तरफ किसानों की हितैषी होने की बात करती है। सरकार का यह नारा चल रहा है। सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास लेकिन मेवात के किसानों को यह नारा सरकार का बिल्कुल भी रास नहीं आ रहा है। मेवात क्षेत्र के शिक्षित गांव चंदेनी के वरिष्ठ समाजसेवी जमील अहमद ने बताया कि पिछले साल जिले में जो किसानों की फसल खराब हुई थी। सरकार ने उसका मुआवजा मार्च में ही भेज दिया था, लेकिन किसानों तक नहीं पहुंचा और सरकार के वापस जमा हो गया। मेवात क्षेत्र के किसानों ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि सरकार मुआवजे को जल्द से जल्द भेजें ताकि किसान परेशान ना हो।

> “**किसानों** को मुआवजे का पैसा आ गया था लेकिन सरकार के पास 31 मार्च को वापस जमा हो गया है, लेकिन डिमांड भेजी जा चुकी है जल्द किसानों को पैसा मिलने की संभावना है।
>
> 
>
> **नरेश कुमार**
> **जिला राजस्व अधिकारी नूह।**

# धोखाधड़ी कर पागल युवती से शादी कराने का आरोप

**तावडू।** नगर के एक युवक ने बिचोला दंपत्ति सहित तीन लोगों पर धोखाधड़ी कर अस्सी प्रतिशत दिमागी रूप से पागल युवती से शादी कराने का आरोप लगाया है। पीड़ित की ओर से इस मामले में करीब एक महीने पहले पुलिस को शिकायत दी गई, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। तावडू नगर निवासी अनुज मंगला ने बताया कि राधे नगर तावडू निवासी एक दंपत्ति और खेड़की बाघनकी निवासी एक व्यक्ति ने मध्यस्थता करते हुए गांव मोठूका बनार सीकर नीमकाथाना निवासी पूजा से रिश्ता तय कराया था।उन्होंने शादी में किसी प्रकार की कोई दहेज की मांग नहीं रखी।

# सोहना को जलभराव संकट से छुटकारा दिलाने के लिए कवायद तेज

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**एसडीएम** के नेतृत्व में गठित जलभराव कमेटी में शामिल प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने शहर को जलभराव के संकट से मुक्ति दिलाने के लिए कवायद शुरू कर दी है। जलभराव टीम ने दमदमा मार्ग और अंबेडकर बाईपास चौक के निकट बरसाती पुलिया का निरीक्षण किया। दमदमा मार्ग के साथ बना राम तालाब से लाखूवास नहर में बरसाती पानी को डाला जाएगा।

पुराने शहर की 20 से 25 हजार आबादी वाले पुराने शहर को जलभराव संकट से छुटकारा दिलाने के लिए गठित कमेटी में शामिल नगर परिषद के एक्सईएन विक्की सिंह, जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सइएन प्रेम सिंघल, एसडीओ ओमप्रकाश, नगरपरिषद के एसडीओ, सफाई इंस्पेक्टर सतेन्द्र यादव, जेई दिगम्बर सिंह और बीएंडआर विभाग के कर्मचारी ने मिलकर दमदमा मार्ग पर बंद बरसाती नाला व अंबेडकर बाईपास चौक पर स्थित बरसाती पुलिया को निरीक्षण किया। टीम ने दमदमा मार्ग पर बना रामतालाब और गुरुग्राम मार्ग तक और रामतालाब से लाखूवास नहर के बीच बरसाती नाले पर हो रहे अवैध कब्जा को देखा।


दमदमा मार्ग पर बना रामतालाब से आगे बरसाती पानी को निकाले का तरीका खोजते जलभराव कमेटी के अधिकारी।

जिसके कारण बरसात का पानी लाखूवास नहर तक न जाने के कारण शहर में जलभराव की समस्या विकराल रूप ले रही है।

**बरसाती नाले से हटेंगे अवैध कब्जे :** टीम ने बरसाती नाले का औचक निरीक्षण करने के बाद हो रहे अवैध कब्जा का सफाया कराने का फैसला लिया है। जिसको लेकर शुक्रवार से जलभराव कमेटी बरसाती पानी की निकासी का रास्ता बनाने की कवायद शुरू करेगी। राम तालाब से लाखूवास नहर तक तुरन्त प्रभाव से कच्चा नाला बनाया जाएगा।

**नालों में कूड़े-कचरे पर लगेगी रोक :** शहर के अंदर गंदे व बरसाती पानी की नालियों से लेकर नालों पर लोहे के जाल लगाए जाएंगे। जिससे पानी के साथ बहकर आने वाला कूड़ा-कचरा को रोका जा सके। जाल वाले स्थानों पर इकट्ठा होने वाला कचरा की रोजाना सफाई की जाएगी।

> “**शहर** में होने वाले जलभराव की समस्या से निपटने के लिए बीएंडआर विभाग और जनस्वास्थ्य विभाग अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को निभाते हुए नगर परिषद प्रशासन के साथ समस्या का समाधान करेंगे। दमदमा मार्ग पर बंद बरसाती पानी की निकासी को फिर से शुरू किया जाएगा।
>
> **प्रेमसिंघल**
> **( एक्सएन नगर परिषद )**

# विश्व का पहला ऐसा शहर गुरुग्राम, जहां पब्लिक ट्रांसपोर्ट में मुफ्त मिलेंगे सेनेटरी पैड

## स्कॉटलैंड में महिलाओं को दिए जाते हैं सेनेटरी पैड पर पब्लिक ट्रांसपोर्ट में नहीं

## रिअर्थ लाइफ एनजीओ ने महिलाओं के लिए की है ऐसी अनूठी पहल

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में सिटी बस व उसमें सेनेटरी पैड्स के लिए बॉक्स लगाती संस्था की कार्यकर्ता।

**मिलेनियम** सिटी गुरुग्राम विश्व का पहला ऐसा शहर बन गया है, जहां के पब्लिक ट्रांसपोर्ट में महिलाओं को नि:शुल्क सेनेटरी पैड उपलब्ध कराए जाएंगे। रीअर्थ लाइफ नाम एनजीओ की ओर से यह पहल की गई है। शहर में चलने वाली गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन सिटी बस लिमिटेड की बसों में सेनेटरी पैड के लिए बॉक्स लगाए गए हैं। रीअर्थ लाइफ संस्था की ओर से दावा किया गया है कि इस कार्य के बाद गुरुग्राम विश्व का पहला मेंसुरेशन कम्फर्ट सिटी बन गया है। रिअर्थ लाइफ संस्था की ओर से अब से पूर्व शहर में ऑटो, टैक्सी में सेनेटरी पैड्स के बॉक्स लगाए गए हैं। इनका युवतियों, महिलाओं को काफी फायदा हुआ है। किसी भी समय यात्रा करने वाली महिलाएं ऑटो, टैक्सी से सेनेटरी पैड्स आसानी से ले सकती हैं। पिछले करीब एक साल से ऑटो, टैक्सी में यह सुविधा दी जा रही है। खास बात यह है कि इस कार्य को सुचारू रूप से चलाने में संस्था के साथ जुड़ी महिलाएं बड़ी मेहनत से काम कर रही हैं। ऑटो, टैक्सी के बाद अब यह सेवा गुरुग्राम में चलने वाली सिटी बसों में भी शुरू कर दी गई है। गुरुवार को बसों में एनजीओ के सदस्यों ने बॉक्स आदि लगाकर उनमें सेनेटरी पैड्स रखे।

गुरुवार को सिटी बसों में ऋतुराज, पूजा, मंजू, कुसुमलता, कर्नल भल्ला, सुनील, गौतम व सिद्धार्थ आदि ने सेनेटरी पैड्स के लिए बॉक्स लगवाने में सहयोग किया। इस अवसर पर सुप्रिया देवबर्मन ने कहा कि एक महिला होने के नाते में खुद समझ सकती हूं कि अगर सफर में माहवारी शुरू हो जाये और हमारे पास पैड न हो तो कितनी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। ऐसे में प्रयास है कि हर सार्वजनिक वाहन में फर्स्ट एड किट के साथ मेसुरेशन किट भी मौजूद हो।

**एक साल पहले ऑटो, टैक्सी से की थी शुरुआत:** इसकी शुरुआत संस्था ने ऑटो और टैक्सी से की थी, जिसमें ऑटो यूनियन व टैक्सी यूनियन के साथ ऑपरेटर्स का सहयोग रहा। इस सुविधा को अब गुरुग्राम की सिटी बस में भी शुरू किया गया है। संस्था की ओर से सर्च इंजन गूगल से मिली जानकारी को साझा करते हुए दावा किया गया है कि सार्वजनिक ट्रांसपोर्ट में सेनेटरी पैड्स की नि:शुल्क सुविधा वाला गुरुग्राम विश्व का पहला शहर बन गया है। इससे पूर्व स्कॉटलैंड में नि:शुल्क पैड्स से दिए जाते हैं, लेकिन पब्लिक ट्रांसपोर्ट में यह सुविधा नहीं है। इस कार्य में गुरुग्राम महानगर सिटी बस लिमिटेड (जीएमसीबीएल) के अधिकारियों का पूरा सहयोग मिला। अब हम गर्व से कह सकते है कि गुरुग्राम विश्व का पहला मेसुरेशन कम्फर्ट सिटी है। इस मौके पर राकेश (हुक्मा का पोता) ने कहा कि माहवारी एक प्राकृतिक साइकल है। रिअर्थ लाइफ का उद्देश्य है कि माहवारी को लेकर समाज में व्याप्त मिथ्याओं को खत्म करना और इस नेचुरल साइकल में महिलाओं की मदद करके उन्हें बीमारियों से बचाना है।

पायनियर क्लासीफाइड

NAME CHANGE

I, Dharmandara Kumar S/o Jug Pal Singh R/o H. No. 86 Vill. Kanakpur Post Pikhauwa Ghaziabad U.P. informs that Dharmandara Kumar & Dharmander Kumar both are one & same person. My correct name is Dharmandara Kumar for all future purposes.

LOST & FOUND

I Neeraj Bajaj S/o Sadanand Bajaj Residence of 560, Sector 16A Kheri Kalan(113), Faridabad, Haryana, 121002 have lost first receipt (Gatta Copy) of 40 lakhs (Cheque No. 172966 of IDBI Bank for TDI Infracorp India Ltd. If found contact at above address.

बेदखली सूचना

मैं, श्रीमती प्रेम लता अरोडा (आधार नम्बर 5154 7530 7713) पत्नी स्वर्गीय श्री कवल नैन अरोडा निवासी मकान नम्बर 1जी-61, वार्ड नम्बर 12, कल्याण सिंह चौक के पास, एनआईटी, फरीदाबाद हरियाणा 121001 ब्यान करती हूँ, कि प्रवेश अरोड़ा आधार नम्बर 6913 8700 0631 मेरा सगा पुत्र हैं, उसकी पत्नी निधि बागा आधार नम्बर 4345 9820 0640 है, वह दोनों मेरी आज्ञा में नहीं हैं, मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी सभी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ, भविष्य में इन दोनों से कोई व्यक्ति लेन-देन करता हैं, तो वह उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा, तथा उनके द्वारा किए गये किसी कार्य, झगड़ा, मार-पीट, पुलिस केस, कोर्ट केस, आदि से मेरा व मेरे परिवार के किसी भी कोई सदस्य का कोई सम्बन्ध नहीं होगा, इनसे मेरा भविष्य में कोई भी मतलब नहीं होग।

PUBLIC NOTICE

We, Durgosh son Shivraj and Wife Kusum R/o Ram Nagar, Palwal Tehsil and Distt. Palwal declare that our son Manish Lavania does not listen to us and keeps on fighting day in and day out. Being fed up with this, we have evicted our son Manish Lavania from our movable and immovable property and he himself will be responsible if he does any kind of transaction with anyone in future. There will be no responsibility for me and my family.

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : विजय प्रकाश सिंह, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# गहलोत-पायलट टकराव

## सुलह की आशा

**कांग्रेस** को उम्मीद है कि वह राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व पूर्व उप-मुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच जारी टकराव दूर करने में सफल होगी। जॉन एफ. कैनेडी ने कहा था, 'विजय के हजारों समर्थक होते हैं, वे उसका एकसाथ पोषण करते हैं तथा उसे मजबूत बना कर विश्वास से भर देते हैं।' हाल ही में कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की शानदार विजय ने देश की सबसे पुरानी पार्टी में अनेक प्रकार से उत्साह भर दिया है। निश्चित रूप से इसने राजस्थान में पार्टी में सड़न व टकराव का दुष्चक्र तोड़ने में भी सहायता की है। सोमवार को आलाकमान ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तथा उनके राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी व पूर्व उप-मुख्यमंत्री सचिन पायलट को दिल्ली बुलाया था। राहुल गांधी तथा पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व इन दोनों के बीच चार घंटे चर्चा हुई। वरिष्ठ पार्टी नेता के.सी. वेणुगोपाल ने बैठक के बाद बिना कोई विस्तृत विवरण दिए खुलासा किया कि 'दोनों नेताओं ने एकमत से एकसाथ काम करने तथा निर्णय आलाकमान पर छोड़ने का फैसला किया।' सरसरी तौर से देखने पर तो यह सामान्य बयान लगता है, लेकिन कांग्रेस के नेताओं ने बड़े लंबे समय बाद राहत की सांस ली होगी कि दोनों 'परस्पर असहमत' नेता एकसाथ बैठे। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि राजस्थान में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं और राज्य में हर पांच साल में सरकार बदलने की परंपरा रही है। गहलोत व पायलट की बीच जारी बेलगाम जंग ने राज्य में पार्टी की छवि खराब की है। कुछ समय पहले पार्टी को कर्नाटक में भी राजस्थान जैसे टकराव का भय सता रहा था। लेकिन अब मुख्यमंत्री



सिद्धारमैया तथा राज्य पार्टी अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार के बीच समझौता करवा कर कांग्रेस राजस्थान में कर्नाटक दुहराने का प्रयास कर रही है।

हालांकि, यह कांग्रेस के लिए आसान नहीं होगा क्योंकि गहलोत व पायलट के बीच टकराव बहुत तीखा था और उसमें अनेक सीमारेखायें तोड़ी गई थीं। गहलोत ने पायलट के खिलाफ अनेक अशोभनीय टिप्पणियां की थीं। पायलट ने अपनी ओर से गहलोत सरकार की निन्दा की थी कि उसने वसुंधरा राजे सिंधिया के नेतृत्व वाली पूर्व भाजपा सरकार के खिलाफ कथित भ्रष्टाचार आरोपों पर कोई कार्रवाई नहीं की थी। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि क्या गहलोत व पायलट 'दुश्मनी' भूलने को तैयार होंगे? न केवल कांग्रेस, बल्कि पूरा विपक्ष यही चाहता है क्योंकि ऐसा न होने पर न केवल कांग्रेस आगामी राज्य विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को चुनौती देने की बेहतर स्थिति में नहीं होगी, बल्कि 2024 के आम चुनाव में भी उसकी स्थिति अच्छी नहीं होगी। गहलोत-पायलट टकराव समाप्त होने से पूरे विपक्ष की शक्ति बढ़ेगी। अनेक विपक्षी नेता भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ गठबंधन बनाने का प्रयास कर रहे हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में कुछ दिनों में एक बैठक बुलाई है तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता शरद पवार भी इस दिशा में काम कर रहे हैं। कांग्रेस में पैदा नए विश्वास के साथ ये सारे प्रयास विपक्ष के पक्ष में गणित को बेहतर बना सकते हैं। लेकिन इतना काफी नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाजपा के एकमात्र ट्रंप कार्ड नहीं हैं। भाजपा ने एक राजनीतिक बहस तेज करने में सफलता पाई है जिसका संबंध 'शक्तिशाली राष्ट्रवाद', हिंदुत्व तथा अभूतपूर्व ढांचागत विकास से है। विपक्ष के पास फिलहाल इसका कोई उपयुक्त 'विकृप' नहीं है, जबकि भाजपा अपनी नौ साल की उपलब्धियों का देशव्यापी प्रचार करने के लिए मैदान में उतर गई है।

# मोदी की 'भारत प्रथम' नीति

'भारत प्रथम' नीति राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था विस्तार को नई दिशा दे रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ढांचागत विकास पर विशेष जोर दिया है।



**तरुण चुग**
(लेखक, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव हैं।)




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले नौ साल में 'भारत प्रथम' प्रशासन को बढ़ावा दिया है। प्रशासन के हर क्षेत्र में भारत प्रथम को निर्देशक सिद्धान्त बनाया गया है। भारत के राष्ट्रीय हित अब प्रशासन को निर्देशित करते हैं। पिछले नौ साल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'हां, हम कर सकते हैं' दृष्टिकोण अपनाया है। इसने आश्चर्यजनक नतीजे दिखाए हैं। भारत अब दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। विकसित दुनिया भारत को अपने साथ लेना चाहती है। दूसरी ओर गरीब देश भारत को उम्मीद भरी नजरों से देखने लगे हैं। प्रशांत, हिंद महासागर, कैरीबियन व अन्य स्थानों पर छोटे द्वीपीय देश भारत को अपना रक्षक मानते हैं। अफ्रीकन और लैटिन अमेरिकन देशों ने भयानक विनाश व लाखों लोगों की मौत का कारण बनने वाली कोविड-19 वैश्विक महामारी के समय में भारतीय सहायता का अनुभव किया है। प्रधानमंत्री मोदी 2014 में 28 साल बाद आस्ट्रेलिया की यात्रा करने वाले भारतीय प्रधानमंत्री थे। इस यात्रा ने दोनों देशों के बीच संबंध बेहतर बनाए।

अब भारत और आस्ट्रेलिया रणनीतिक सहयोगी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पापुआ न्यू गाइना समेत अनेक देशों की यात्रा की जो अनेक वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा थी। यह दृष्टिकोण भारतीय विदेश नीति में आमूल परिवर्तन का प्रतीक बना जिसने भारत को दुनिया भर में अनेक मित्र व शुभचिंतक बनाने में सहायता की। अब दुनिया के किसी भी हिस्से में भारतीयों का हार्दिक स्वागत होता है। भारतीय पासपोर्ट को दुनिया के सभी आप्रवास कार्यालयों में महत्व मिला है। अब दुनिया के सभी लोग भारतीय तिरंगे को अच्छी तरह पहचानते हैं। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'भारत प्रथम' रणनीति का प्रभाव है। इस प्रकार उन्होंने प्राचीन भारतीय दर्शन के 'वसुधैव कुटुम्बकम' को मूर्त रूप प्रदान किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में युवाओं की उद्यमी शक्ति को भी मुक्त किया है। इसके लिए उन्होंने अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में भारत प्रथम नीति को लागू किया है। सरकारी ई-मार्केटप्लेस या जेम पोर्टल ने बिचौलियों को तगड़ा धक्का दिया है। इससे बिजनेसमैनों को बिना किसी पूर्वाग्रह व बाधा के सरकारी विभागों द्वारा की जाने वाली खरीद में हिस्सा लेने का अवसर दिया है। इससे बिजनेसमैनों में बहु-प्रतीक्षित विश्वास पैदा हुआ है कि वे बिना रिश्वत दिए देश की आर्थिक गतिविधियों में सहभागी बन सकते हैं। नौजवानों में आत्मविश्वास का व्यापक प्रसार हुआ है। हालिया वर्षों में लगभग एक लाख स्टार्टअप सामने आए हैं। इनमें 100 से अधिक यूनीकार्न शामिल हैं जिनका मूल्य 1 बिलियन डालर से अधिक है।

हैदराबाद के ऐसे ही एक स्टार्टअप ने अपना छोटा उपग्रह भी बनाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भारत प्रथम नीति के कारण सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र को भी निजी क्षेत्र के लिए खोल दिया है। अब इस क्षेत्र को खोले जाने का लाभ उठाते हुए सैकड़ों स्टार्टअप अंतरिक्ष क्षेत्र में कार्यरत हैं। भारत प्रथम मंत्र ने 'अमृत काल के पंच प्राण' को स्थापित किया है। इनका अर्थ विकसित भारत का लक्ष्य, औपनिवेशिक सोच के सभी अंशों को समाप्त करना, अपनी जड़ों के प्रति गर्व करना, सभी भारतीयों के बीच एकता स्थापित करना तथा सभी नागरिकों में दायित्व बोध पैदा करना है। पंच प्राण या पांच निर्देशक सिद्धान्तों का समुचित कार्यों से समर्थन किया गया है और वे नतीजे दिखाने लगे हैं। भारत की 'बिजनेस सुगमता' सूचकांक में रैंकिंग में काफी सुधार हुआ है। 2014 में उसका इस रैंकिंग में स्थान 142वां था, जबकि यह 2019 में 63वां हो गया। वर्तमान समय में भारत की बिजनेस सुगमता रैंकिंग में 43 हो गई है। बिजनेसमैनों में विश्वास बढ़ाने के लिए कंपनी कानून में अनेक अपराधों का अब 'वि-अपराधीकरण' किया गया है। इसका अर्थ है कि अब ऐसी कमियों या गलतियों को अपराध नहीं माना जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लागू की गई भारत प्रथम नीति के चलते देश में बेरोजगारी में भारी कमी आ रही है। जनवरी, 2020 में जहां बेरोजगारी दर 7.2 प्रतिशत थी, वहीं यह जनवरी, 2023 में गिर कर 6.5 प्रतिशत रह गई। इस योजना के अंतर्गत भारतीय नौजवानों को कौशल प्रदान करने का काम तेज किया गया है। युवाओं को कौशल प्रदान करने के लिए अनेक विकसित देशों से द्विपक्षीय समझौते किए गए हैं। इससे युवाओं को कुशल बनाने की गति में और तेजी आई है। राज्य सरकारों ने भी अब अच्छी तरह समझ लिया है कि नौजवानों को कुशल बनाने के लिए उनको अपने संसाधन खर्च करने चाहिए। इससे पूरे देश में नौजवानों में आत्मविश्वास और बढ़ रहा है। यह भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भारत प्रथम नीति का परिणाम है कि भारत मोबाइल फोनों के उत्पादन में दुनिया में दूसरे स्थान पर आ गया है। इसके साथ ही भारत में आटोमोबाइल क्षेत्र में भी तेज प्रगति की है। भारत प्रथम नीति ने एलेक्ट्रानिक चिपों के निर्माण में भी नीतियों को तेजी से मजबूत व गतिशील किया है। भारत चिपों के निर्माण में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। गुजरात व कर्नाटक में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश से दो बड़े उद्यम स्थापित किए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'भारत प्रथम' नीति के अंतर्गत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता अभियान शुरू किया है। उल्लेखनीय है कि 2014 से पहले भारत दुनिया के सबसे बड़े हथियार आयातकों में शामिल रहा है, पर प्रधानमंत्री मोदी ने सत्ता में आते ही देश के घरेलू उद्योगों को रक्षा उत्पादन से जोड़ने की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए।

इसके कारण आज देश लगातार न केवल रक्षा उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर हो रहा है, बल्कि उसका रक्षा निर्यात भी तेजी से बढ़ रहा है। रक्षा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर अभियान के चलते अनेक प्रकार के आयुधों, गोला बारूद, उपकरणों व अन्य सामग्रियों का देश में अनिवार्य रूप से उत्पादन हो रहा है, जबकि अतीत में इनका निर्यात किया जाता था। इस नीतिगत परिवर्तन के परिणामस्वरूप रक्षा क्षेत्र में जीवन्त रूप से निजी क्षेत्र के अनेक उद्यम सक्रिय हो गए हैं। इसके साथ ही अनेक स्टार्टअप भी रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर अभियान में शामिल हुए हैं। मोदी सरकार ने रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान व शोध पर भी बहुत जोर दिया है। इसके परिणामस्वरूप शोध एवं विकास की सरकारी एजेंसियों को निजी क्षेत्र से जोड़ा गया है। ये एजेंसियां निजी उद्यमों की लगातार सहायता कर रही हैं। इससे रक्षा क्षेत्र में कार्यरत निजी उद्यमों को अपनी प्रतियोगिता क्षमता बढ़ाने में मदद मिली है, वे प्रतियोगिता में सक्षम फर्मों का गठन कर रही हैं तथा दुनिया में सर्वोत्तम उत्पादों के निर्माण में प्रतियोगिता कर रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई भारत प्रथम नीति ने अर्थव्यवस्था के विस्तार में महत्वपूर्ण दिशा दी है। मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने ढांचागत संरचनाओं के विकास पर खास जोर दिया है। देश की अधिकांश राज्य सरकारों ने भी ढांचागत संरचनाओं के विकास को महत्व दिया है। भाजपा शासित राज्य सरकारें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से अपने स्तर पर भी ढांचागत विकास को बहुत बढ़ावा दे रही हैं जिससे आधुनिकतम संचार, परिवहन व अन्य सेवायें सुदूर गांवों तक पहुंच रही हैं। ढांचागत परियोजनाओं के विकास में बिजली क्षेत्र को भी प्राथमिकता मिली है जिससे देश के आजादी के बाद से 2014 तक छूटे अनेक क्षेत्रों तथा सुदूर व दुर्गम क्षेत्रों का तेजी से विद्युतीकरण हुआ है। ढांचागत विकास में 'पीएम गति शक्ति' योजना एक प्रमुख हस्तक्षेप के रूप में सामने आई है जिससे लाजिस्टिक खर्च काफी कम हुआ है।

भारत पर्यटकों के लिए भी सर्वोच्च वैश्विक लक्ष्य बन रहा है। जी 20 की अध्यक्षता के साथ भारत ने दुनिया के अनेक देशों में अपनी छवि में आमूल परिवर्तन किया है। अब दुनिया के अनेक देशों के लोगों में भारत के बारे में जिज्ञासा बढ़ी है। प्रधानमंत्री मोदी की भारत प्रथम नीति को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि नीतिगत रूप से अनेक ऐसे क्षेत्रों पर ध्यान दिया जा रहा है जिन पर पहले कभी ध्यान नहीं दिया गया था। इससे देश की अर्थव्यवस्था के तेजी से विकास के नए आयाम विकसित हो रहे हैं।

# एक राष्ट्र का फलना-फूलना

> "यह अत्यधिक गर्व और खुशी का विषय है कि हम अपनी आजादी के 75वें वर्ष में विश्व पटल पर इतनी शानदार स्थिति में खड़े हैं।"



**सद्गुरु जग्गी वासुदेव**
(लेखक, आध्यात्मिक उपदेशक हैं।)

हम आज एक नए भारत की दहलीज पर खड़े हैं, जो दुनिया पर अपनी छाप फिर से स्थापित करने के लिए शानदार ढंग से तैयार है।

भारत वर्तमान में दुनिया भर में जो सम्मान हासिल कर रहा है, वह एक ऐसी दृष्टि से उपजा है, जो व्यापक है न केवल राष्ट्र के लिए विकास और उन्नति पर केंद्रित है, बल्कि भारत के मूल, हमारे आध्यात्मिक लोकाचार को पुनर्स्थापित करने और पुनर्जीवित करने पर भी समान रूप से केंद्रित है।

मैं इन महत्वपूर्ण पहलुओं पर भारत को आगे बढ़ाने में उनके समर्पित प्रयास और नेतृत्व के लिए देश के नेताओं और माननीय प्रधानमंत्री की सराहना करता हूं।

### *योग की विरासत*

भारत समृद्ध आध्यात्मिक विरासत समेटे हुए है, एक ऐसी परंपरा जो धर्म, विश्वास, संप्रदाय या समुदायों की सीमाओं तक सीमित नहीं है। यह एक ऐसी संस्कृति है जिसने अनगिनत संतों, मुनियों और मनीषियों को जन्म दिया है जिन्होंने मानव चेतना की गहराई का पता लगाया है और योग के विज्ञान के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति को अपनी उच्चतम क्षमता खोजने के तरीके और उपाय बताए हैं। योग के महत्व और प्रभाव को विश्व स्तर पर उस हद तक समझा जा रहा है,जितना पहले कभी नहीं समझा गया, भारत को इसके स्रोत के रूप में स्वीकार किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 2014 में किए गए प्रस्ताव के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की घोषणा होना और 177 सदस्य देशों द्वारा स्वीकार किया जाना, इस संबंध में एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम था। हर साल, यह दिन योग के लाभों को उजागर करने, इसके अभ्यास को प्रोत्साहित करने और व्यक्तियों और समुदायों के बीच स्वास्थ्य, सद्भाव और शांति को बढ़ावा देने के अवसर के रूप में कार्य करता है।

### *आध्यात्मिक पुनर्जागरण*

अंतरराष्ट्रीय पटल पर योग की स्थापना के अलावा, हमारी समृद्ध विरासत और संस्कृति के गौरवशाली केंद्रों के पुनरुद्धार की अगुआई में प्रधानमंत्री श्री मोदी के बारे में जानना विशेष रूप से हृदयस्पर्शी रहा है।

काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की स्थापना के साथ काशी का परिवर्तन, मेगा चार धाम परियोजना जिसमें केदारनाथ और बद्रीनाथ मंदिरों का विकास शामिल है, गुजरात में प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर और उज्जैन में महाकाल मंदिर का जीर्णोद्धार ऐसे प्रयास हैं, जिनसे देश के नागरिक लाभान्वित होंगे और वैश्विक मंच पर आध्यात्मिक शिक्षा और विकास के लिए भारत एक जीवंत केंद्र के रूप में सुदृढ़ होगा।

### *प्रकृति के साथ तालमेल*

भारतीय आध्यात्मिक परंपरा व्यक्ति और ब्रह्मांड के बीच संबंधों पर एक अनूठा दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है। इन्हें अलग-अलग संस्थाओं के रूप में देखने के बजाय, परंपरा ने हमेशा सभी चीजों की परस्पर संबद्धता और अस्तित्व की मौलिक एकता पर बल दिया है। इसके परिणामस्वरूप सभी जीवन के लिए सम्मान होता है, जो सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण का आधार बन जाता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी के कार्यकाल के दौरान कई पर्यावरणीय पहलकदमियां फली-फूली हैं। देश में बहने वाली 13 नदियों के कायाकृप के लिए 19,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया जाना, कावेरी पुकारे आंदोलन का प्रभाव, भारत की आबादी के लिए जल सुरक्षा के लिए आवश्यक है। प्रदूषण को कम करने पर जोर देने के साथ गंगा नदी को साफ करने के लिए नमामि गंगे कार्यक्रम, का आगाज़ किया जाना, भारत की सबसे पवित्र नदी को संरक्षित करने की प्रतिबद्धता है। हम सभी को खड़े होना चाहिए और पर्यावरण को संरक्षित करने और भारत के लिए हरित भविष्य को बढ़ावा देने के लिए अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए।

### *समावेशी विकास*

हमारे प्यारे भारत जैसे असंख्य पहलुओं वाले विशाल देश में, एक ऐसा विकास अनिवार्य है जो बहु-आयामी होने के साथ-साथ सर्व-समावेशी, सुलभ और टिकाऊ भी हो। माननीय प्रधानमंत्री को आर्थिक विकास को बढ़ावा देने वाली पहल करने के साथ-साथ सभी के समग्र कृयाण के लिए दुनिया भर में मान्यता प्राप्त है।

एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी की पहल ने भारत को डिजिटल युग में आगे बढ़ाया है, समावेशी विकास और पारदर्शी शासन के लिए प्रौद्योगिकी का समुचित रूप से लाभ उठाते हुए, यह सुनिश्चित करने के लिए काम किया जा रहा है कि समाज के सभी वर्गों को देश की वित्तीय वृद्धि में शामिल कर सहभागी बनाया जा सके। इंफ्रास्ट्रक्चर और विकास परियोजनाएं, स्वच्छ भारत अभियान जैसी सामूहिक जागरूकता परियोजनाओं का उद्देश्य देशभर में लोगों के जीवन में तेजी से बदलाव लाना है।

### *75 साल, राइजिंग इंडिया*

यह अत्यधिक गर्व और खुशी का विषय है कि हम अपनी आजादी के 75वें वर्ष में विश्व पटल पर इतनी शानदार स्थिति में खड़े हैं। यह हमारे लिए, विशेष रूप से भारत की जी20 की अध्यक्षता वाले वर्ष में, मिट्टी की उर्वरता और जलवायु परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण एजेंडा में नेतृत्व करने का एक जबरदस्त अवसर है।हम व्यक्तिगत पहलों की सफलता की गणना और चर्चा चाहे करें या ना करें। किंतु, देश की तेजी से सर्वांगीण प्रगति को नकारा नहीं जा सकता है।

सर्वांगीण और त्वरित प्रगति एक नए और जीवंत भारत के दृष्टिकोण से अवश्य ही पोषित है। एक दृष्टि जिसने निस्संदेह एक अरब से अधिक लोगों को प्रभावित किया है, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इसने देश और दुनिया भर में कई लोगों को प्रेरित किया है। एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य।

# आप की बात

## भ्रमित कांग्रेस

**कांग्रेस** का यह दावा कई सवाल खड़े करता है कि क्या नेहरू को उस समय दिए गए सैंगोल का सत्ता हस्तांतरण से कोई संबंध नहीं है? फिर पंडित नेहरू ने इसे स्वीकार ही क्यों किया एवं इसे इलाहाबाद में संग्रहालय में रखने का भी क्या कारण था? कांग्रेस सत्ता हस्तांतरण के इस प्रसंग की अनदेखी क्यों कर रही है ? कांग्रेस आज सेंगोल के इतिहास को झुठला रही है। कांग्रेस आजादी के बाद बने इस संसद भवन को आज स्वीकार क्यों नहीं कर पा रही है? जनता भी इसी बात से दुखी है कि देश को आजादी दिलाने वाली यह कांग्रेस क्यों कर अपना अच्छा कार्य छिपाकर अपने लिए आज अपमान कमा रही है? शायद उसे अपनी विरासत के साथ देश की संस्कृति एवं परंपराओं की उपेक्षा करने की आदत सी हो गई है। संसद भवन के शिलान्यास से लेकर उसके निर्माण व उद्घाटन तक कांग्रेस ने इसका जैसा अपमान किया है, उसे भी जनता आश्चर्य से देख रही है। नेहरूजी या इंदिरा जी अगर आज जीवित होते तो उन्हें भी वर्तमान कांग्रेस के इस तरह के बर्ताव को लेकर काफी दुख होता। शायद कांग्रेस को नौ साल में मोदी की लोकप्रियता बर्दाश्त नहीं हो रही है और इसी कारण वह मोदी का आंख बंद कर विरोध करने पर आमादा है।

– **एमएम राजावत राज,** शाजापुर

## लोकतंत्र का मंदिर

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने नया संसद भवन राष्ट्र को समर्पित किया। इसमें नंदी के साथ सेंगोल को स्थापित किया गया जिसे चोल साम्राज्य में सेवा, कर्तव्य और राष्ट्र के पथ के प्रतीक के रूप में देखा जाता था। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह केवल एक इमारत नहीं है बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा, यह हमारे लोकतंत्र का मंदिर है जो दुनिया को भारत के संकृप का संदेश देता है। भगवान बसवेश्वर का अनुभव मंटप्पा हम सभी के लिए गर्व की बात है। तमिलनाडु में पाए गए 900 ईस्वी के शिलालेखों पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह आज के दिन और युग में भी सभी को हैरान करता है। इस इमारत में विरासत, विरासत के साथ-साथ वास्तु, कला, कौशल, संस्कृति तथा इन सबके साथ-साथ संविधान के नोट्स भी हैं। लोकसभा की आंतरिक सज्जा राष्ट्रीय पक्षी मोर व राज्यसभा की थीम राष्ट्रीय फूल कमल पर है। संसद परिसर में राष्ट्रीय वृक्ष बरगद है। इस इमारत के कण-कण में एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना विद्यमान है। यह भवन एक नए, समृद्ध, मजबूत और विकसित भारत के निर्माण का आधार बनेगा।

– **रवि रंजन,** नई दिल्ली

## निर्मम हत्या

**दिल्ली** में एक और युवती की नशंस हत्या पूर्व में हुई ऐसी ही हत्याओं की अगली कड़ी है। जब यह भयानक हत्याकांड चल रहा था तब लोग सामान्य रूप से उस गली में से आ जा रहे थे। मगर उसे बचाना तो दूर किसी ने पुलिस को फोन करने तक का साहस नहीं किया। पुलिस प्रशासन को दोष देने के साथ-साथ हम लोगों की मानसिकता भी इसके लिए दोषी है। यदि कोई हत्यारे को रोकने का प्रयास करता या तत्काल पुलिस बुलाता तो शायद युवती आज जीवित होती। हैरानी है कि न तो युवतियों को यह इंद्रजाल नजर नहीं आता और न ही वह अपने साथ हो रही ज्यादती का किसी से जिक्र करती हैं। बेशक युवतियों को सभी प्रकार की स्वतंत्रता मिलनी चाहिए। मगर ऐसे वाकए यह भी बताते हैं कि हर युवती को अपने खुद की सुरक्षा करना आना चाहिए। उसे चली स्प्रे जैसे साधन अपने साथ रखने चाहिए। परिजनों को भी अपनी बेटियों की रक्षा का विशेष ध्यान रखना होगा और ध्यान रखना होगा कि कहीं वह किसी साजिश का शिकार तो नहीं हो रही है। इसके लिए नागरिकों में व्यापकतम सपर्क व संवाद जरूरी है।

–**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

## इजराइल का फैसला

**फिलिस्तीनी** श्रमिकों पर निर्भर रहने के बजाय इजराइल ने भारत से 10,000 श्रमिकों को बुलाने का निर्णय लिया है। भारत सरकार ने इस बारे में इजराइल के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इन श्रमिकों में से आधे निर्माण क्षेत्र के लिए नियत हैं, जबकि शेष आधे नर्सिंग भूमिकाओं के लिए नामित हैं। मगर क्या भारतीयों का वहां पर जाना और काम करना सुरक्षा दृष्टि से ठीक रहेगा? फिलिस्तीनियों के साथ इस्राइलियों का संघर्ष होता रहता है। ये टकराहट और बढ़ने की उम्मीद है क्योंकि इजराइल ने भारतीय कामगारों को वहां आमंत्रिक किया है। इससे भारतीय कामगारों व स्थानीय फिलिस्तीनियों व संभवत: अरब नागरिकों से टकराव की आशंका बढ़ सकती है। अब तक फिलिस्तीन में भारत, भारतीय नागरिकों व भारत सरकार का काफी सम्मान रहा है। विदेश मंत्रालय को सोचना होगा कि कहीं इससे भारत की छवि न खराब हो क्योंकि वह हमेशा इस्राइली विस्तारवाद के खिलाफ फिलिस्तीनी जनता के संघर्ष का समर्थन करता तथा न्याय का पक्ष लेता रहा है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# ड्यूटी टाइम पर किसी भी पटवारी का फोन नहीं रहे बंद : निर्मल चौधरी

## विधायक ने दिए निर्देश, पटवार खाना के बाहर पटवारी का नाम व मोबाइल नम्बर निश्चित तौर पर लिखवाया जाए

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



अधिकारियों, तहसीलदारों और पटवारियों की मीटिंग लेते गन्नौर विधायक निर्मल चौधरी।

**गन्नौर** विधायक निर्मल चौधरी ने लोगों की मांग पर गन्नौर लघु सचिवालय परिसर स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में पटवारियों की अनदेखी और उनके कामों को लेकर अधिकारियों, तहसीलदारों और पटवारियों की मीटिंग ली। मीटिंग में मौजूद सभी लोग पटवारियों की अनदेखी और उनके कामों से नाराज विधायक निर्मल चौधरी ने पटवारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि काम के मामले में लापरवाही बिलकुल भी बर्दास्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि पटवारियों को आदेश दिए कि ड्यूटी टाइम पर किसी भी पटवारी का फोन बंद नहीं रहना चाहिए। विधायक ने पटवारियों को हिदायत देते हुए कहा कि कोई पटवारी भ्रष्टाचार में लिप्त पाया गया तो मौके पर ही सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी और आदेश दिए कि सभी पटवारी फील्ड में जाने का समय भी निर्धारित करें। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वैध, अवैध कालोनी, नगरपालिका सीमा के अन्दर व बाहर किला नम्बरान की सूचि का नक्शा तहसील परिसर में आमजन की सुविधा के लिये लगाया जायेगा। उन्होंने आदेश दिए कि दस्तावेज, रजिस्टरी पंजीकृत होने के साथ इन्तकाल की फीस जमा की जायेगी व अगले दिन कम्प्यूटर ऑपरेटर, हल्का पटवारी पर्चा रजिस्टरी के आधार का इन्तकाल दर्ज कर समय सीमा के अन्दर मन्जूर कराकर रिकार्ड दुरुस्त करेंगे। प्रत्येक हल्का पटवारी जो भी दस्तावेज आमजन को देगा जैसे नकल जमाबन्दी, नकल इन्तकाल, नकल फर्द बदर, नकल एक्स शिजरा, नकल असमाये मालकान आदि सत्यापित कापी पर सरकारी फीस साफ अक्षरों में जो दिखाई दे सके अंकित करेगा।

विधायक ने कहा कि प्रत्येक हल्का पटवारी का आमजन के कार्य के लिये समय निर्धारित किया जायेगा व फील्ड कार्य का भी समय निर्धारित किया जायेगा, ताकि आमजन को अपना कार्य कराने के लिये परेशानी का सामना ना करने पडे। उन्होंने हल्का पटवारी के कार्यलय, पटवार खाना के बाहर पटवारी का नाम व मोबाईल नम्बर निश्चित तौर पर लिखवाया जाए और जो भी नम्बर पटवारियों द्वारा लिखवाया गया है, उस मोबाइल नम्बर को चालू अवश्य रखें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरल केन्द्र की प्रत्येक खिड़की पर जो भी कार्य किया जाता है, वह कार्य व उसकी फीस अवश्य लिखी होनी चाहिए। विधायक ने निर्देश देते हुए कहा कि तहसील कार्यालय से जो भी पंजीकृत दस्तावेज की नकल लेने के लिये नकल का सवाल दिया जाता है, उसका रजिस्टर मे इंद्राज किया जाए व समय सीमा के अन्दर सरकारी फीस लेकर नकल दी जाए। इसके अलावा जो भी कर्मचारी अपने कार्यालयों को छोड़कर लघु सचिवालय से बाहर जाता है तो वह अपने कार्यालय के मूवमेन्ट रजिस्टर, रोजनामचा में इंट्री करें ताकि कोई भी अधिकारी कर्मचारी के कार्यालय में ना होने की जानकारी प्राप्त कर सके व उच्च अधिकारी के पुछने पर उन्हें बता सके। उन्होंने पटवारियों को आदेश दिए कि प्रत्येक कार्य समय सीमा के अन्दर न करने पर व अवैध रूप से बिठाए व्यक्तियों के हाथों में सरकारी रिकार्ड देकर कार्य कराने पर विभागीय व कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

## हरियाणा में गर्मी की छुट्टियों में खाली नहीं बैठेंगे टीचर और स्टूडेंट्स

**चंडीगढ़।** हरियाणा में स्कूलों के छात्र गर्मी की छुट्टियों में खाली नहीं बैठेंगे। छात्रों को प्रति सप्ताह दो विषयों का होम वर्क दिया जाएगा। शिक्षा विभाग की ओर से टीचर्स की स्टूडेंट्स को होम वर्क देने की ड्यूटी लगाई है। हर हफ्ते दो विषयों का स्टूडेंट्स को होम वर्क देना जरूरी किया गया है।

हरियाणा के स्कूल एजुकेशन निदेशालय की ओर से इस बारे में आदेश सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी कर दिया गया है। आदेश में निदेशालय की ओर से कहा गया है कि गर्मियों की छुट्टी का सही उपयोग हो सके इसके लिए विभाग ने समर हीरो चैलेंज अभियान शुरू किया है। इस चैलेंज के तहत 5 जून से 30 जून तक वन स्कूल पीएएल एप्लिकेशन पर शिक्षकों और स्टूडेंट्स को काम करना होगा। टीचर्स को इस चैलेंज के तहत स्टूडेंट्स को दो सब्जेक्ट का होम वर्क देना होगा।

निदेशालय के आदेश में स्टूडेंट्स के लिए भी अलग से दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इन्हें हर हफ्ते मिलने वाले होम वर्क में से एक विषय का काम जरूर करना होगा। इसके साथ ही जरूरी विषयों की हर हफ्ते एक केंद्रित अभ्यास प्रश्नोत्तरी पर भी काम करना होगा। यह काम सीसीई के अंतर्गत आने वाले प्रोजेक्ट वर्क से अलग रहेगा। इसके सीसीई में अंक नहीं जोड़े जाएंगे।

# हलालपुर, जटौला, सोहटी में दो अवैध कालोनियों व औद्योगिक क्षेत्र में कई अवैध निर्माण किए ध्वस्त

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



अवैध निर्माण को ध्वस्त करती जेसीबी।

**जिला** नगर योजनाकार सोनीपत द्वारा वीरवार को गांव हलालपुर, जटौला, सोहटी की राजस्व सम्पदा में दो अवैध कालोनियों व व्यवसायिक, औद्योगिक अवैध निर्माणों में चार डीपीसी, दो बाउण्डरी वाल, दो व्यवसायिक अवैध निर्माण व औद्योगिक अवैध इकाइयों की तीन बाउण्डरी वाल व डीपीसी, लैबर क्वाटरों को जिला प्रशासन की मदद से तोड़फोड़ की कार्यवाही अमल में लाई गई।

उपायुक्त ललित सिवाच ने बताया कि गांव हलालपुर, जटौला, सोहटी की राजस्व सम्पदा में अवैध कालोनी, निर्माण प्रापर्टी डीलर द्वारा विकसित किया जा रहा था। प्रोपर्टी डीलर अवैध कालोनी काट कर उसमें प्लाट बेचते हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि इन प्रोपर्टी डीलरों से जमीन की किसी भी प्रकार की खरीद-फरोख्त न करें। इन अवैध कालोनियों में प्रोपर्टी डीलरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा भू-माफियाओं के खिलाफ एक अभियान चलाया हुआ है। जिससे सामान्य जनता में एक संदेश जा रहा है कि अवैध कालोनियों में प्लॉट खरीदना कितना नुकसानदायक साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा लगातार अभियान चलाकर शहर मे पनप रही अवैध कालोनियों व निर्माणों को शुरूआती दौर में ध्वस्त किया जा रहा है। यह कार्यवाही शहरी क्षेत्र व नियंत्रित क्षेत्र अधिनियम के तहत की गई है।

उपायुक्त ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में भू-माफियाओं के बहकावे में आकर प्लॉट ना खरीदें व अपनी मेहनत की कमाई को बर्बाद ना होने दें, क्योंकि अवैध कालोनी में सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती है। कोई भी अवैध कालोनी, व्यवसायिक एवं औद्योगिक अवैध निर्माण करने से पहले सरकार से नियमानुसार अनुमति लें। अवैध कालोनी, निर्माण को किसी भी समय अधिनियम के प्रावधान में गिराया जा सकता है। जिला नगर योजनाकार नरेश कुमार ने बताया कि विभाग द्वारा की जा रही तोड़फोड़ की कार्वाई में और सख्ती बरती जायेगी, ताकि अवैध कालोनी काटने व उसमें निर्माण करने वाले मंसूबे पूरे न हो सके। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यवाही का मुख्य उद्देश्य शहरी क्षेत्र व नियंत्रित क्षेत्र में पनप रहे अवैध निर्माण को समय खत्म करना है। उन्होंने बताया कि आमजन को जागरूक करने के लिए सभी अवैघ कालोनियों में चेतावनी बोर्ड भी लगाये जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस बारे में विस्तृत जानकारी के लिए जिला नगर योजनाकर कार्यालय सोनीपत, प्रथम तल, एचएसवीपी कॉम्पलैक्स, सैक्टर-15, सोनीपत में सम्पर्क करें। गांव हलालपुर, जटौला, सोहटी की राजस्व सम्पदा में तोड़फोड़ की कार्यवाही के दौरान अनिल कुमार, सहायक नगर योजनाकार-कम-ड्यूटि मजिस्ट्रेट एवं फील्ड स्टाफ व पुलिस बल मौजूद थे।

# धूम्रपान स्वास्थ्य के लिए हानिकारक: बीके मधु बहन

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



विद्यार्थियों को संबोधित करती बीके मधु बहन।

**ब्रह्मा** कुमारीज कुरुक्षेत्र सेक्टर 8 सेवा केंद्र के द्वारा तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष में पलवल के राजकीय राजकीय माध्यमिक विद्यालय में प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी विद्यार्थियों को तंबाकू निषेध दिवस के बारे में बीके मधु बहन ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा 31 मई को तंबाकू निषेध दिवस घोषित किया गया है।

ब्रह्माकुमारी बहन ने विद्यार्थियों को बताया कि भारत में तंबाकू और धूम्रपान की वजह से हर साल करीब 13.5 लाख लोग इस असमय नींद की गोद में सो जाते हैं। तंबाकू के सेवन से 40 तरह के कैंसर 25 तरह की बीमारियां होती है। कहा जाता है कि धूम्रपान करने वालों से ना करने वालों को ज्यादा नुकसान होता है क्योंकि हवा में घुलता धुआं, धूम्रपान करने वालों की सांस के माध्यम से नुकसान पहुंचाता है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 30 सालों में 58.9 लोगों की मृत्यु तंबाकू की वजह से हुई है। इसी तरह ब्रह्माकुमारी के मेडिकल विंग के द्वारा मेरा भारत स्वस्थ भारत अभियान 2013 से चलाया, जिसमें तंबाकू को रोकने के लिए अनेक प्रकार के अभियान चलाए गए। जितना आनंद और शांति किसी को तंबाकू के सेवन से प्राप्त होती है, तो उतना ही आनंद हमें मेडिटेशन करने से मिलता है। अगर हम अपने जीवन में राजयोग मेडिटेशन को अपनाएंगे, तो हमारे अंदर एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा और नकारात्मकता दूर होगी हमारा आत्मबल, इच्छा शक्ति बढ़ेगी और हम इस बुराई को छोड़ सकते हैं। प्रधानाचार्य मनवीर सिंह व स्टाफ के अन्य सदस्य मौजूद रहे और सभी विद्यार्थियों ने तंबाकू जैसे अभिशाप को दूर भगाने के लिए नशा मुक्ति की प्रतिज्ञा भी की।

## खंड कैथल में छह दिवसीय बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान प्रशिक्षण शुरू

**कैथल।** शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा शिक्षकों को ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान छह दिवसीय प्रशिक्षण के तहत खंड कैथल में प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डॉ सुभाष वर्मा ने किया। प्रशिक्षण में डॉ सुभाष वर्मा, जिला एफएलएन समवन्यक सुनील दत्त, खंड शिक्षा अधिकारी नरेश कुमार व बीआरसी गुलिंद्र कौर ने दीप प्रज्ज्वलित व रिबन काटकर विधिवत रुप से शुभारंभ किया।

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डॉ सुभाष वर्मा ने बताया कि कक्षा पहली से पांचवीं के शिक्षकों को 6 दिनों में हिंदी, अंग्रेजी व गणित विषय की नई-नई गतिविधियों को करवाया जाएगा ताकि शिक्षक प्रशिक्षण में प्रशिक्षित होकर अपनी-अपनी कक्षाओं में अच्छे से बच्चों को निपुण बना सकें। खंड शिक्षा अधिकारी नरेश कुमार व बीआरसी गुलिन्द्र कौर ने बताया कि खंड कैथल में 40-40 शिक्षकों के 16 बेंच चलाए जाएंगे। जिसमें लगभग 640 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। जिला एफएल समवन्यक सुनील दत्त ने शिक्षकों को कार्य पुस्तिका व शिक्षक संदर्शिका के आपसी सबन्ध और उनके उपयोग के बारे बताया।

# हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत गांवों में करेंगे अधिकारीगण रात्रि ठहराव : उपायुक्त

## ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के साथ सामाजिक मुद्दों के प्रति करेंगे ग्रामीणों को जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक लेते डीसी ललित सिवाच।

**हरियाणा** उदय कार्यक्रम के अंतर्गत जिला के अधिकारीगण गांवों में रात्रि ठहराव करते हुए ग्रामीणों की समस्याओं की प्रमुखता से सुनवाई कर उनका समाधान करवायेंगे। उपायुक्त ललित सिवाच ने कहा कि इसके लिए कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जा रही है। विशेष रूप से आईएएस तथा एचसीएस अधिकारी ग्रामीणों के बीच रहते हुए ही उनकी समस्याओं का निवारण करवाएंगे।

हरियाणा के मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रदेशभर में हरियाणा उदय शीर्षक के तहत कम्युनिटी आउटरिच प्रोग्राम करवाये जायेंगे। उपायुक्त ने यह निर्देश प्राप्त होने के साथ ही तुरंत प्रभाव से बुधवार को कैंप कार्यालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक का आयोजन कर कार्यक्रमों के आयोजन पर विस्तृत चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने कहा कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से आम जनमानस तथा जिला प्रशासन के मध्य मजबूत एवं बेहतरीन रिश्ते स्थापित होंगे। लोगों में सुरक्षा की भावना को दृढ़ता मिलेगी। साथ ही सामाजिक अभियानों की सफलता में भी लोगों की भागीदारी में बढ़ोतरी होगी। उपायुक्त सिवाच ने कहा कि रात्रि ठहराव के दौरान विशेष रूप से जनसंवाद स्थापित किया जाएगा। ग्रामीणों की मांगों व समस्याओं की सुनवाई उनके घरद्वार पर ही करते हुए समाधान दिया जाएगा। गांव में तालाबों को ग्रामीणों के सहयोग से ही स्वच्छ करवायेंगे, ताकि जल संरक्षण को मजबूती मिले। विद्यार्थियों के लिए कलात्मक-रचनात्मक-शैक्षणिक प्रतियोगिताओं व कार्यक्रमों का आयोजन भी करवायेंगे। ग्रामीणों के सहयोग से ही गांव में स्वच्छता अभियान चलायेंगे। कार्यक्रम के दौरान राजकीय विद्यालयों का विशेष रूप से निरीक्षण करते हुए आवश्यकताओं को पूर्ण करवायेंगे। उपायुक्त ललित सिवाच ने कहा कि हरियाणा उदय कार्यक्रम बेहतरीन रूप में आयोजित करवायेंगे, जिनके सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इन कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करें। शीघ्र ही पहला कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# शिविर में आधुनिक मशीन से की हड्डी रोगों की मुफ्त जांच



कैंप में चिकित्सक जानकारी देते आयोजक।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**मीरी** पीरी के मालिक धन-धन श्री गुरु हरगोबिंद साहिबजी के प्रकाश पर्व की खुशी में फ्री मेडिकल कैंप मॉडर्न पैथोलॉजी लेबोट्री पेशेंट केयर सेंटर सेक्टर-13 की और से गुरुद्वारा साहिब पातशाही 6वीं में लगाया गया।

लैब के संचालक लवप्रीत सिंह ने बताया कि यह कैंप आज से 3 जून तक लगेगा। उन्होंने बताया कि इस कैंप में शुगर, एचपी, हड्डियों में कैल्शियम की जांच व नसों की जांच फ्री की जा रही है। लवप्रीत सिंह ने बताया कि इस कैंप में नर्व कंडक्शन वेलोसिटी टेस्ट भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जांच की रिपोर्ट देख कर मरीजों को निःशुल्क परामर्श और दवाइयां भी दी जा रही हैं।

उन्होंने समूह संगत से अपील की कि इस कैंप में फ्री चेकअप कराने के लिए आए। इस मौके पर डॉक्टर यशिका सैनी, डॉ. ज्योति चौधरी, डॉक्टर साहिल रोहिल्ला, डॉक्टर काजल, डॉ पायल रोहिल्ला, दिलराज सिंह, मानिक कुमार, मनदीप कौर, सिमरनप्रीत कौर व अन्य स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे।

# अग्रसेन पब्लिक स्कूल में समर कैंप शुरू

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



समर कैंप में भाग लेते विद्यार्थी।

**विद्यार्थियों** में छिपी प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से अग्रसेन पब्लिक स्कूल में 1 जून से 10 जून तक दस दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में कला और शिल्प, वाद्य और गायन संगीत, सुलेख, लड़कियों के लिए मार्शल आर्ट्स, उभरते शेफ, कंप्यूटर प्रस्तुति और नृत्य जैसी विभिन्न गतिविधियां शामिल हैं। इन गतिविधियों में चौथी से आठवीं कक्षा के छात्र भाग ले रहे हैं। कक्षा नौवीं से लेकर 12वीं तक के छात्रों की अकादमी योग्यता को सुधारने हेतु अतिरिक्त कक्षा का आयोजन किया जा रहा है।

शिविर के पहले दिन की शुरूआत उत्साह और उल्लास के साथ हुई। बच्चे अपनी चुनी हुई गतिविधि में भाग लेकर अपने कौशल का पता लगाने और उसे निखारने के लिए उत्साहित थे। प्रधानाचार्या रीटा गोयल ने नवोदित शिक्षार्थियों को मस्ती के इन क्षणों के बीच अपनी प्रतिभा को खोजने और मजबूत करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि छुट्टी का समय मनोरंजन की अवधि है, जो आनंदमय और मजेदार है। इस मौज-मस्ती के समय को और अधिक रचनात्मक बनाने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# आदर्श महिला महाविद्यालय में अलका ने प्राचार्या पद का कार्यभार संभाला

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

**आदर्श** महिला महाविद्यालय में लंबे अंतराल के पश्चात स्थाई प्राचार्या पद पर महाराजा सूरजमल प्रबंधन संस्थान, दिल्ली में एसोसिएट प्राध्यापिका के पद पर कार्यरत रही डाक्टर अलका मित्तल की नियुक्ति हुई। महाविद्यालय में प्रबंधकारिणी समिति द्वारा उनका परिचय महाविद्यालय शिक्षक व गैर-शिक्षक परिवार से करवाया गया।

इसके पश्चात उन्होंने व्यक्तिगत रूप से महाविद्यालय परिवार के शिक्षक एवं गैर-शिक्षक वर्ग के साथ भेंट की। प्रबंधकारिणी समिति के महासचिव अशोक बुवानीवाला ने संस्था का विस्तृत परिचय देते हुए कहा कि आदर्श महिला महाविद्यालय छात्राओं की शिक्षा के लिए अपनी स्थापना के समय से ही सदा अग्रणी रहा है। महाविद्यालय को हरियाणा सरकार द्वारा सर्वश्रेष्ठ महाविद्यालय का दर्जा भी दिया जा चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि आज हम 14 वर्षों के बाद अपनी स्थाई प्राचार्या को पाकर अत्यधिक हर्षित है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि महाविद्यालय प्रबंधकारिणी समिति आधार स्तंभस्वरूप महाविद्यालय परिवार के साथ खड़ी है। उपाध्यक्ष कमलेश चौधरी और कोषाध्यक्ष प्रीतम अग्रवाल ने कहा कि जिस प्रकार महाविद्यालय आज उन्नति कर रहा है उसी प्रकार आगे भी करता रहे। प्राचार्या डाक्टर अलका मित्तल पद का कार्यभार सम्भालने के पश्चात कहा कि आज इस बड़े परिवार का हिस्सा बनकर वह अत्यधिक पुलकित है।

# कार्यकारिणी ने दो जुलाई को आम सभा की बैठक आहूत की

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

द अम्बेडकर एजुकेशनल सोसायटी सोनीपत की कार्यकारिणी की बैठक ककरोई रोड पर स्थित डॉ. अम्बेडकर भवन के कार्यालय में उपाध्यक्ष संजय कुमार अहलावत की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में आम सभा की बैठक आगामी दो जुलाई को अम्बेडकर भवन ककरोई रोड में बुलाने के संबंध में प्रस्ताव लाया गया। आम सभा की बैठक में वर्ष 2022-23 का आय-व्यय का ब्यौरा पेश किया जाएगा व अन्य प्रस्ताव अध्यक्ष की अनुमति से लाए जाएंगे। बैठक में कार्यकारिणी ने बहुमत से प्रस्ताव पारित किया की आम सभा की बैठक 2 जुलाई को प्रातः 9 बजे डॉ अंबेडकर भवन में बलाई जाए। पुस्तकालय को आधुनिक रूप देने के लिए चल रहे कार्य का भी निरीक्षण किया, जिसे सही पाया गया। आज की बैठक में सचिव जगमिंदर सरोहा, कोषाध्यक्ष महेन्द्र पाल सिंह, सहसचिव जवाहर सिंह, कार्यकारिणी के सदस्य सुल्तान सिंह भौरिया, सुरेंद्र कुमार, नरेंद्र राणा, जोगेंद्र भोरिया व कुलदीप राज भी मौजूद रहे।

# शैल लुब्रिकेंट्स ने भारत के मैकेनिक समुदाय को सशक्त बनाने के मकसद से लॉन्च किया 'सपने होंगे अपने'

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम /फरीदाबाद



**फिनिश्ड** लुब्रिकेंट्स के क्षेत्र में दुनिया की दिग्गज शैल ने मैकेनिक समुदाय के लिए 'सपने होंगे अपने' पहल शुरू करने की घोषणा की है जो उनके सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद पहुंचाएगी। इस पहल को, शैल लुब्रिकेंट्स इंडिया द्वारा हाल में कराए एक आंतरिक सर्वे का भी समर्थन हासिल है। जिससे यह खुलासा हुआ था कि अधिकांश मैकेनिक्स किसी ब्रैंड के साथ जुड़ाव के लिए कई भावनात्मक पहलुओं जैसे कि आमदनी (वर्कशॉप अपग्रेड), परिवार (बच्चों की पढ़ाई और घर-परिवार की जरूरतें), पहचान (मान्यता), और हुनर (उन्नत कौशल हासिल करना) से प्रेरित होते हैं। वे इन क्षेत्रों में ब्रैंड से सार्थक सहयोग की अपेक्षा रखते हैं।

शैल शेयर अप से जुड़े 80,000 से अधिक मैकेनिक्स तक पहुंचने का इरादा रखने वाली पहल सपने होंगे अपने भारत में मैकेनिक्स को वित्तीय रूप से सशक्त बनाते हुए उनके सपनों को पूरा करने तथा भविष्य मजबूत बनाने में मदद करेगी।

अमित घुघरे, ऑटोमोटिव सेल्स एंड मार्केटिंग मैनेजर, शैल लुब्रिकेंट्स इंडिया ने कहा, शैल में हमने पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारत के मैकेनिक समुदाय को सहयोग देने तथा सशक्त बनाने के प्रयास किए हैं। ये हर सफर को कामयाब बनाने के लिए अपने गहन अनुभवों, अपरिहार्य जानकारी और जबर्दस्त कार्य मूल्यों के चलते शैल के भरोसेमंद पार्टनर हैं। 'सपने होंगे अपने' उनके प्रयासों के प्रति हमारी सराहना है, और हमें उम्मीद है कि यह उन्हें और उनके परिवारों को जी-भरकर सपने देखने के लिए प्रेरित करेंगे। शैल लुब्रिकेंट्स इंडिया ने 'सपने होंगे अपने' पहल के पहले विजेता की घोषणा की है।

धर्मशाला के नितिन सूद का कहना है, मैं पिछले 6-7 वर्षों से शैल लुब्रिकेंट्स से जुड़ा हूं और मुझे उनकी टीम ने ही इस पहल से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। मैं अपने ग्राहकों की संख्या में बढ़ोतरी और अपनी दुकान में विस्तार कर अपनी आमदनी बढ़ाने का सपना देखता हूं। मेरे पिता का सपना है कि मैं अपनी दुकान को नई बुलंदियों पर पहुंचाऊं और अपने तथा अपने परिवार के लिए नाम कमाऊं।

# शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष ने उपलब्धियों को लेकर मुख्यमंत्री खट्टर से की मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

**हरियाणा** विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डाक्टर वीपी यादव ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल से शिष्टाचार मुलाकात करते हुए उनको बोर्ड की उपलब्धियों व गतिविधियों बारे अवगत करवाया। बोर्ड अध्यक्ष यादव ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड एवं इंटरनेशनल बैकलॉरिएट के मध्य हुए मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग बारे मुख्यमंत्री को विस्तार से अवगत करवाया तथा बताया कि इस एमएओ के तहत राजकीय तथा अराजकीय विद्यालयों में से मास्टर ट्रेनर चयनित कर उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा।

जिससे अध्यापन के स्तर में सुधार के साथ-साथ विद्यार्थियों को भी उत्तम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा सकेगी। इंटरनेशनल बैकलॉरिएट के साथ हुए समझौते के बाद आई.बी. द्वारा संचालित 4 प्रोग्राम के तहत 20 विद्यालयों में पायलेट स्टडी की जाएगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने शिक्षा में गुणात्मक सुधार करने के लिए सैम्पल पेपर, करिकुलम डॉक्यूमेंट, लेसन प्लान, मार्किंग स्कीम इत्यादि बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड कर दी गई है, जिससे विद्यालयों को स्पष्ट मार्गदर्शन मिलेगा और शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार आएगा तथा बेहतर परिणाम देने में विद्यालय सक्षम होंगे। यादव ने मुख्यमंत्री को बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा सभी परीक्षाओं के परिणाम एक रिकार्ड समय में दिए जा रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि विद्यार्थियों के भविष्य को देखते हुए वर्ष-2004 से मर्सी चांस दिया गया। उन्होंने बताया कि ऐसा पहली बार हुआ कि मार्च-2023 की परीक्षाओं से वंचित रहे खिलाडियों एवं मेडिकल कारणों से परीक्षा न देने वाले परीक्षार्थियों के लिए अप्रैल-2023 में एक विशेष परीक्षा का आयोजन करवाया गया।

# किरोवस्क स्की रिजॉर्ट में आयोजित फर्स्ट पावर ऑफ कलर फेस्टिवल में करीब 10,000 लोगों ने लिया हिस्सा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**मरमंस्क** क्षेत्र के किरोवस्क शहर के बिग वुड स्की रिजॉर्ट में आयोजित 'पावर ऑफ कलर फेस्टिवल' में करीब 10,000 लोगों ने हिस्सा लिया. साल 2021-23 की अवधि के लिए आर्कटिक काउंसिल की रूस की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रमों के तहत इस महोत्सव का आयोजन किया गया. इन कार्यक्रमों का प्रबंधन रॉसकांग्रेस फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है। इस महोत्सव का मुख्य मकसद आर्कटिक में पर्यटन को बढ़ावा देना है। इस महोत्सव के म्यूजिक वाले हिस्से में ओलगा सेरयाबकिना, मोया मिशेल और डीजे क्लबकिला मुख्य आकर्षण के केंद्र में रहे।

डीजे डीप टाउच, डीजे सिलिंस्की, डीजे टनीस्टॉय, डीजे गबुर और डीजे नो इजी जैसे स्थानीय सितारों एवं कवर बैंड नावेका बैंड ने भी त्योहार के मुख्य मंच पर अपनी प्रस्तुति दी। मरमस्क क्षेत्र के नौ सार्वजनिक कैटरिंग संस्थाओं और करेलिया ने महोत्सव के पाक कला से जुड़े हिस्से में अपने व्यंजन प्रस्तुत किए। टेस्ट ऑफ द आर्कटिक फूड कोर्ट का दौरा करने वाले लोगों ने स्ट्रीट फूड फॉर्मेट में पेश किए गए अनूठे रेस्तरां व्यंजनों के बारे में जानकारी हासिल की।

दो दिन में अतिथियों ने सर्व किए गए 5,200 व्यंजनों और 3300 बेवरेजेज का स्वाद चखा। प्रोजेक्ट मैनेजर येकातेरिना शापोवालोवा की भागीदारी के साथ ग्रैस्ट्रोनोमिक मैप ऑफ रशिया प्रोजेक्ट के संरक्षण में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रूस के सुदूर पूर्व और आर्कटिक के विकास से जुड़े मंत्रालय, मरमंस्क क्षेत्र की पर्यटन समिति, किरोवस्क शहर के प्रशासन, फॉसएग्रो कंपनी एवं किरोवस्क एजेंसी फॉर डेवलपमेंट ऑफ टूरिज्म एंड एंटरपेन्योरशिप ने ग्रैस्ट्रोनॉमिक मैप ऑफ रशिया, सिल्वेर नेकलेस ऑफ रशिया और मरमंस्क क्षेत्र के टूरिज्म इन्फॉर्मेशन सेंटर के सहयोग से 'द पावर ऑफ कलर फेस्टिवल का आयोजन किया। बिग वुड स्की रिजॉर्ट उत्तर पश्चिमी रूस का सबसे ऊंचा माउंटेन रिजॉर्ट है. यह रिजॉर्ट ऐकुएवेनचोर पर्वत के दक्षिणी एवं उत्तरी ढलान पर स्थित है।

# एचसीएस प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

## हाईकोर्ट ने कहा सरकार अभ्यर्थी व याचिकाकर्ताओं की सुनवाई कर समस्या का निपटारा करे

## नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा ने हरियाणा लोक सेवा आयोग को भंग करने की मांग जोरदार उठाई

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** में हाल में एचसीएस प्रारंभिक परीक्षा में पिछले पेपर के करीब 32 प्रश्न दोहराए जाने के कारण पेपर लीक का मुद्दा अब पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट पहुंच गया है। इस मामले में याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने इस परीक्षा के परिणाम पर रोक लगा दी है। मामले में सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने कहा है कि याचिकाकर्ताओं की बात को सरकार द्वारा सुना जाए और उनकी अर्जी पर फैसला लिया जाए।


जब तक याचिकाकर्ताओं की यह अर्जी लंबित है तब तक परिणाम घोषित नहीं किया जाएगा। उधर नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भी इस मामले में सरकार पर निशाना साधा और मांग की कि हरियाणा लोकसेवा आयोग को भंग किया जाए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सिविल सर्विस परीक्षा में पेपर लीक करने का सरकार ने नया तरीका निकाला है। हुड्डा ने कहा इस गठबंधन सरकार के दौरान हरियाणा में 30, भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हो गए है।

मामले की सुनवाई में हरियाणा सरकार की ओर से महाधिवक्ता पेश हुए थे इस परीक्षा में 32 सवाल पिछली बार के पेपर से कॉपी करने का आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट में इस मामले में दखल की मांग की गई है। जींद निवासी अंकुर कुमार व अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करते हुए सिविल सर्विस एप्टीट्यूड टेस्ट में एक तिहाई प्रश्न कॉपी करने का आरोप लगाते हुए परीक्षा रद्द करने की मांग की है। याचिका में बताया गया कि इस प्रकार प्रश्नों को कॉपी कर इस बार की परीक्षा में शामिल करना गलत है और यदि इस परीक्षा के परिणाम के आधार पर नियुक्तियां की गईं तो यह मेधावी आवेदकों के साथ अन्याय होगा। याचिका में हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के कई मामलों का हवाला दिया गया है।

याचिका में हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) द्वारा एचसीएस की भर्ती के लिए फरवरी में जारी विज्ञापन में विरोधाभासी निर्देश को लेकर भी सवाल खड़े किए हैं।

### अटैची कांड का दिया हवाला

**कांग्रेस** नेता और राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला ने इस मामले पर सवाल उठा चुके हैं। उन्होंने कहा था कि नौकरियों में भर्ती घोटालों के चलते एचएसएससी के 'अटैची कांड' का भंडाफोड़ हो जाने के बाद एचपीएससी ने पर्चा लीक करने की यह नई तकनीक ईजाद की है। खट्टर सरकार को उन 93,000 युवाओं से तुरंत माफी मांगनी चाहिए, जिन्होंने उनके पारदर्शिता के झूठे नारों पर विश्वास करके परीक्षा का फॉर्म भरा था। इस परीक्षा को तुरंत रद्द करके दुबारा पेपर करवाया जाए।




# सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र में समर कैंप का शुभारंभ

**कुरुक्षेत्र।** सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र शीला नगर में 10 दिवसीय समर कैंप वीरवार को शुरू हो गया। कैंप का शुभारंभ मुख्य अतिथि वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र के संस्थापक स्वामी हरिओम दास परिव्राजक ने किया।

स्वामी हरिओम परिव्राजक ने कहा कि समर कैंप बच्चों के लिए बहुत जरूरी होते हैं, क्योंकि इससे छात्रों का व्यक्तित्व विकास निखरता है। उनके भीतर छुपी प्रतिभा बाहर आती है। समर कैंप में बच्चे मन से, उत्साह पूर्वक और खुशी तथा समर्पित भाव से सभी कुछ करेंगे। उन्होंने बच्चों को अपने रूचि के अनुसार विधाओं को चयन करने के लिए कहा। प्रत्येक बच्चे को वास्तविक जीवन के अनुभवों की एक झलक देता है। सीखना विभिन्न स्तरों पर होता है, जो बच्चे के समग्र व्यक्तित्व विकास को दर्शाता है। यह व्यक्तिगत स्तर पर एक बहुत ही संतोषजनक प्रयास है। बच्चे बाहरी दुनिया के साथ अपने अनुभवों को सीमित करने वाली सीमाओं को तोड़ना सीखते हैं। वे अपने साथियों से जुड़ना और व्यक्तिगत संबंध बनाना सीखते हैं, जो उन्हें रचनात्मक अभिव्यक्ति में संलग्न होने का आत्मविश्वास देता है। इस अवसर पर ऐसे 5 बच्चों को सम्मानित भी किया गया जिन्होंने 25 मई तक रजिस्ट्रेशन करवाया था।

# साढ़े सात लाख नकदी छीन कर ले जाने के मामले में सीआईए-1 ने छह पकड़े

पायनियर समाचार सेवा। कैथल



**ढांड** क्षेत्र से नकदी छीन कर ले जाने के मामले में सीआईए-1 पुलिस प्रभारी सब इंस्पेक्टर रमेश चंद की अगुवाई में एएसआई मुकेश कुमार की टीम ने छह आरोपियों को काबू किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान नरेश उर्फ मुर्गा निवासी झांडली जिला फतेहाबाद, अक्षय निवासी झांडली जिला फतेहाबाद, सुशील उर्फ सिछी निवासी भुना, अजय उर्फ टिंकू निवासी भुना जिला फतेहाबाद, गुरचरण उर्फ बिल्ला निवासी सफीपुर जिला संगरूर पंजाब, प्रगट निवासी बगरौल जिला संगरूर पंजाब के रूप में हुई।

डीएसपी अमित कुमार ने प्रेस वार्ता के माध्यम से बताया कि करहाली जिला पटियाला निवासी ध्यानचंद द्वारा थाना ढांड में दी गई शिकायत के अनुसार वह ट्रक ड्राइवर है। ट्रक ड्राइवरों का एक व्हाट्सएप ग्रुप बना हुआ है। ग्रुप में 20-25 दिन पहले एक मैसेज आया कि गाड़ी खरीदने व बेचने के लिए संपर्क करें। उसने व्हाट्सएप कॉल करके संपर्क किया तो सामने से बात कर रहे व्यक्ति ने अपना नाम राजकुमार बताया। उसकी गाड़ी व बाइक खरीदने को लेकर बातचीत हुई। करीब 10-12 दिन पहले खुद को

## गाड़ी खरीदने के बहाने बुला कर दिया वारदात को अंजाम

राजकुमार बताने वाले व्यक्ति ने उसे क्रेटा गाड़ी दिखाने के लिए शंभू बैरियर पर बुलाया। वह शंभू बैरियर पहुंचा तो वहां एक व्यक्ति और था। तीनों ने बैठकर क्रेटा गाड़ी खरीदने के लिए बातचीत की। बातचीत के बाद 7 लाख 50 हजार रुपए में गाड़ी खरीदना तय हुआ। 29 मई को उनके बीच गाड़ी की डील फाइनल हो गई। तय हुआ कि 30 मई को वह पूरी पेमेंट देकर गाड़ी ले लेगा। मंगलवार को वह अपने दोस्त प्रगट सिंह, जसबीर सिंह, मनफूल व हरभजन सिंह के साथ साढ़े सात लाख रुपए लेकर कैथल पहुंचा। आरोपी ने उन्हें सोलू माजरा के पास बुलाया। वहां उन्हें राजकुमार राजस्थान नंबर की क्रेटा गाड़ी में अपने एक अन्य दोस्त के साथ मिला। आरोपी उन्हें पीछे आने की बात कहकर लिंक रोड पर ले गया। राजकुमार के कहने पर उसने बैग में रखे साढ़े सात लाख रुपये दिखाए। राजकुमार ने कहा कि गाड़ी में बैठ जाओ आज ही रजिस्ट्रेशन के कागजात तैयार करवा देते हैं। वह अपने दोस्त प्रगट सिंह के साथ गाड़ी में बैठ गया। उसी समय सोलूमाजरा की तरफ से होंडा सिटी गाड़ी आई। जिसमें पांच व्यक्ति सवार थे। इनमें से एक ने सब इंस्पेक्टर की वर्दी पहनी हुई थी। आरोपी डरा धमका कर उससे रुपये लूटकर फरार हो गए। डीएसपी ने बताया कि जांच के दौरान प्रगट सिंह को सीवन बाई पास कैथल से तथा इसके बाद गुरचरण को पातड़ा से व नरेश अक्षय, सुशील तथा अजय को टोहाना से होंडा सिटी गाड़ी सहित गिरफ्तार कर लिया गया।

# एक्रिडेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स के दल ने किया आयुष सेंटर का निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

**जिला** आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला ने बताया कि जिला कैथल में आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटरज के सर्टिफिकेशन के लिए संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण किए जा रहें हैं। जिला स्तर पर 18 आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की समीक्षा हेतु टीम को दो संयुक्त समितियों में गठित कर निरीक्षण किया जा रहा हैं।

केन्द्र से एक्रिडेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थ केयर की संयुक्त चार सदस्यीय टीम पहुंच चुकी है। उन्होंने बताया कि वीरवार को आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की समीक्षा के क्रम में तितरम, सोंगरी, गुलियाना, शिमला का निरीक्षण डॉ. वरुण गुप्ता तथा कुमारी पल्लवी मिश्रा द्वारा किया गया। निरीक्षण दौरान आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर तितरम में डॉ. शकुंतला दहिया ने समीक्षा टीम के साथ औषधीय पौधों का वृक्षारोपण किया। दूसरी समिति में डॉ. कुमार विवेकानंद तथा कुमारी अनुश्रुति सक्सेना संयुक्त समिति द्वारा गोहरा, गुहणा, प्योदा आयुष हेल्थ सेंटर एंड वैलनेस सेंटर का निरीक्षण किया एवं प्योदा मे डॉ. राजेंद्र कुमार आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी ने भी टीम सहित औषधीय पौधों का वृक्षारोपण किया। संयुक्त टीम द्वारा आयुष वैलनेस हेल्थ एंड वैलनेस सेंटरस द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं तथा उपलब्ध औषधियों, रोगी तथा योग एवं परामर्श का निरीक्षण कर बारीकी से जांच की।

उन्होंने बताया कि डॉ. वरुण गुप्ता तथा कुमारी पल्लवी मिश्रा की संयुक्त समिति द्वारा द्वारा बरसाना, सांच, फतेहपुर, नैना तथा डॉ. कुमार विवेकानंद तथा कुमारी अनुश्रुति सक्सेना संयुक्त समिति द्वारा सोगल, सिसमोर, कोटड़ा एवं भाणा के आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटरज में निरीक्षण किए गए। इसी क्रम में पीडल, रताखेड़ा, खनोदा एवं जडोला आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटरज के निरीक्षण किये जाएंगे।

# महाराष्ट्र में सिख बच्चों पर बेरहमी से हमला करने वालों को सख्त सजा दी जाए : भूपिंदर सिंह

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**हरियाणा** सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के वरिष्ठ उपप्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने महाराष्ट्र में शरारती तत्वों की भीड़ द्वारा सिख युवकों पर की गई बर्बरता की निंदा करते हुए महाराष्ट्र सरकार से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के मुख्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र के परभणी जिले में भीड़ ने सिख बच्चों पर बेरहमी से हमला किया, जिसमें एक बच्चे की मौत हो गई और दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए।

उन्होंने कहा कि शरारती तत्वों द्वारा विशेष तौर पर सिख समुदाय को सामने रख कर टारगेट किया जा रहा है। सिख धर्म सभी धर्मों का सम्मान करता है, लेकिन वर्तमान में सिखों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का दौर चल रहा है। उन्होंने चेतावनी



दी कि सिख जगत ऐसी घटनाओं को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए सबसे ज्यादा योगदान देने वाले सिखों ने महान बलिदान दिया है। भूपिंदर सिंह ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदायों के जान-माल की रक्षा करना और अल्पसंख्यकों को सुरक्षित रखना केंद्र और सभी राज्य सरकारों का कर्तव्य है।

इसलिए सिख युवकों पर हमला करके इस अमानवीय अत्याचार को अंजाम देने वाले दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। इसके साथ ही पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और उचित मुआवजा भी दिया जाए उन्होंने चेताया कि यदि इस मामले में गंभीरता से कार्रवाई नहीं की गई, तो हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल महाराष्ट्र भेजा जाएगा।

सहसचिव मोहनजीत सिंह पानीपत ने संगत से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक तादाद में गुरुद्वारा साहिब में पहुंच कर गुरु साहिब का आशीर्वाद लें। उन्होंने कहा कि हरियाणा कमेटी द्वारा प्रबंध को सुचारु ढंग से चलाने के लिए उचित कदम उठाए जा रहे हैं। निकट भविष्य में संस्था अपनी कार्यकुशलता के दम पर अलग पहचान बनाएगी। इससे पहले समागम में पहुंचे हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान बाबा कर्मजीत सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध, सहसचिव मोहनजीत सिंह पानीपत, कार्यकारिणी मैंबर गुरबख्श सिंह यमुनानगर, बीबी रविंदर कौर अजराना व जसवंत सिंह दुनियामाजरा ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के समक्ष शीश नवाया।

# पर्यावरण संरक्षण के बारे में किया जागरुक



पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेते विद्यार्थी व उनके अभिभावक।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**श्रीगुरु** नानक प्रीतम गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल शाहाबाद मारकंडा में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की और जागरूकता फैलाने का प्रयास किया।

प्रिंसिपल दीपांश कौर ने विद्यार्थियों को वन्य जीव संरक्षण, जल संरक्षण, विद्युत संरक्षण के बारे में अवगत कराया। उन्हें वन्य जीवों की खतरे में पड़ी हुई स्थिति पर जागरूक किया गया।

विद्यार्थियों ने वन्य जीव संरक्षण, जल संरक्षण, विद्युत संरक्षण विषयों पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पौधे लगाने की पहल की। विद्यार्थी अभिभावक मिलन कार्यक्रम में विद्यार्थियों व उनके माता-पिता द्वारा पर्यावरण को बचाने के लिए संकल्प लिया गया।

# तंबाकू का सेवन बेहद खतरनाक: सीजेएम




**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायधीश आराधना साहनी के दिशा-निर्देशानुसार विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर डीएलएसए द्वारा पुलिस विभाग के सहयोग से कोटपा के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस अभियान के तहत जानकारी आमजन को जानकारी प्रदान की गई कि शिक्षण संस्थान के 100 गज के दायरे में तंबाकू बेचने पर प्रतिबंध है। अगर कोई इस कानून का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ विशेष सजा का प्रावधान है। सीजेएम नितिन राज ने कहा कि तंबाकू का सेवन बेहद खतरनाक है, जो कैंसर को जन्म देता है, जिससे शरीर अंदर ही अंदर खोखला हो जाता है, इसलिए तंबाकू आदि का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

# बृजभूषण शरण सिंह को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर संगठनों ने किया प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**बृजभूषण** शरण सिंह को गिरफ्तार करवाने के लिए न्याय की लड़ाई लड़ रही महिला पहलवानों पर मोदी सरकार की बर्बरता के खिलाफ स्थानीय लघु सचिवालय पर किसान मजदूर जन संगठनों ने मोदी सरकार का पुतला दहन किया, जोरदार प्रदर्शन किया और जिला उपायुक्त के माध्यम से भारत की राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सीटीएम को सौंपा गया।

आज यह विरोध प्रदर्शन जन संघर्ष मंच हरियाणा, निर्माणकार्य मजदूर मिस्त्री यूनियन, मनरेगा मजदूर यूनियन, भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में किया गया। प्रदर्शनकारियों को जन संघर्ष मंच हरियाणा की महासचिव सुदेश कुमारी व चंद्र रेखा, जिला संयोजक डाक्टर लहना सिंह, उषा कुमारी, पूर्व जिला प्रधान संसार चंद्र, निर्माण कार्य मजदूर मिस्त्री यूनियन के प्रधान करनैल सिंह, मनरेगा मजदूर यूनियन के सोमनाथ, भारतीय किसान यूनियन के नेता संजीव आलमपुर, दिलबाग सिंह बारवा, संजू नंबरदार, धर्मपाल तथा भारतीय किसान यूनियन के कशान सिंह ने संबोधित किया। प्रदर्शनकारियों ने अपराधी सांसद बृजभूषण शरण सिंह को गिरफ्तार नहीं किए जाने और न्याय की मांग कर रही महिला पहलवान बेटियों का मोदी सरकार की शह पर दिल्ली पुलिस द्वारा क्रूर तरीके से दमन किए जाने के प्रति गहरा रोष है। अपराधी सांसद बृजभूषण शरण सिंह को गिरफ्तार करो और अपराधी सांसद को संरक्षण देने वाली मोदी सरकार नहीं चाहिए-महिलाओं का दमनकारी मोदी सरकार मुर्दाबाद। जन संघर्ष मंच हरियाणा की महासचिव सुदेश कुमारी ने कहा कि 28 मई को महिला पहलवानों के आह्वान पर दिल्ली में नई संसद भवन के पास महिला सम्मान महापंचायत में जाने से रोकने के लिए दिल्ली पुलिस ने बर्बर दमन किया।

### जाट धर्मशाला में आज होगी खापों की पंचायत

**किसान** नेताओं ने कहा कि बृजभूषण शरण सिंह जैसे यौन अपराधी को संरक्षण देने वाली भाजपा सरकार के मंत्री, सांसद और विधायकों का गांव गांव में विरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिला पहलवानों की न्याय की लड़ाई को मजबूत करने के उद्देश्य से शुक्रवार को जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में खाप पंचायतों सहित विभिन्न संगठनों की मीटिंग हो रही है। मीटिंग के निर्णयानुसार जिला कुरुक्षेत्र में भी आंदोलन चलाया जाएगा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि महिला पहलवानों के साथ कुश्ता के लिए जिम्मेदार पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। बृजभूषण शरण सिंह को गिरफ्तार कर तेजी से चार्जशीट दाखिल करने और अभियोजन के लिए उनकी हिरासत में पूछताछ की जाए। महिला पहलवानों और उनके समर्थकों पर बनाए गए केस रद्द किए जाएं। केंद्र सरकार महिला पहलवानों को दिल्ली के जंतर मंतर पर अपना धरना जारी रखने की अनुमति दे।

# नेशनल ह्यूमन राइट्स के सदस्यों ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय बाल संरक्षण दिवस



कार्यक्रम में उपस्थित ब्यूरो के सदस्य।

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

**नेशनल** ह्यूमन राइट्स और क्राइम कंट्रोल ब्यूरो की जिला कैथल और राज्य शाखा के सदस्यों ने जिला बाल संरक्षण अधिकारी के कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय बाल संरक्षण दिवस मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य के कार्यकारी अध्यक्ष महेंद्र धनिया ने की। कार्यक्रम में बाल संरक्षण के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बाल संरक्षण अधिकारी प्रदीप कुंडू ने बाल संरक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इसके साथ ही ब्यूरो के कैथल शाखा की ओर से संरक्षक श्याम बहादुर खुरानिया, जिले सिंह जांगड़ा, महासचिव सुभाष वर्मा, उप प्रधान हवा सिंह व जयदेव कटारिया ने बाल संरक्षण के बारे में अपने विचार रखे। इस मौके पर प्रोटेक्शन ऑफिसर कोमल, नीलिमा, सुरेश कुमार, राजवीर सिंह, सीडब्ल्यूसी की ओर से राजेश मोर, एडवोकेट प्रदीप सिंगला, कृष्ण लाल शर्मा भी उपस्थित थे।

# बाहर से आने वाली संगत के रात्रि विश्राम को 100 कमरों व एक दर्जन हाल का किया प्रबंध : धमीजा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**हरियाणा** सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के महासचिव गुरविंदर सिंह धमीजा ने बताया कि श्रीअकाल तख्त साहिब के सृजनहार श्रीगुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज के प्रकाश पर्व को आकर्षक ढंग से मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष में मंगलवार से शुरू हुई 105 श्रीअखंड पाठ साहिब की पहली लड़ी के आज समापन के साथ ही दूसरी लड़ी भी शुरू हो गई है। उन्होंने बताया कि एचएसजीएमसी के प्रधान महंत कर्मजीत सिंह सेवापंथी के मार्गदर्शन में पहली बार हो रहे इस विशाल कार्यक्रम में संगत के व्यापक उत्साह को देखते हुए प्रबंधों का और विस्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में हरियाणा के अलावा दिल्ली, राजस्थान, हिमाचल, यूपी, उत्तरांचल और चंडीगढ़ सहित देश के विभिन्न हिस्सों से भारी संगत आने की उम्मीद है। महासचिव गुरविंदर सिंह धमीजा ने बताया कि कार्यक्रम में दूर दराज के दूसरे शहरों से आने वाली संगत के रात्रि विश्राम हेतु गुरुद्वारा साहिब और नजदीकी धर्मशालाओं में कमरों की विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी कुरुक्षेत्र में 5 कमरे निःशुल्क, श्री गुरु रामदास निवास कुरुक्षेत्र में 30 कमरे निःशुल्क, श्रीगुरु रविदास धर्मशाला में पाठी सिंहों के लिए दो हॉल निःशुल्क, श्रीकृष्णाधाम धर्मशाला में भी पाठी सिंहों के लिए दो हॉल निःशुल्क, ब्राह्मण धर्मशाला में 35 कमरे निःशुल्क, पंजाबी धर्मशाला में 5 कमरे कूलर सहित निःशुल्क, सैनी समाज धर्मशाला में 17 कमरे एसी, सैनी समाज धर्मशाला में 8 हॉल कक्ष निःशुल्क और निर्मल पंचायती अखाड़ा में 8 कमरे निःशुल्क रखे गए हैं। जहां पर संगत को ठहराया जाएगा। महासचिव धमीजा ने शहर के गुरु नानक नाम लेवा परिवारों और गणमान्यजनों से भी आह्वान किया गया है कि वह भारी संख्या में आने वाली संगत के ठहरने के लिए अपने घरों और कोठियों में कमरों की व्यवस्था करें, ताकि बाहर से आने वाली किसी भी संगत को रात्रि रुकने में कोई परेशानी न हो।

**एचएसजीएमसी के सभी सदस्य एकजुट, नहीं कोई मतभेद**

**महासचिव** गुरविंदर सिंह धमीजा ने दावा किया कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के सभी सदस्य और पदाधिकारी एकजुट हैं और उनमें कोई मतभेद नहीं है। उन्होंने बताया कि 4 जून के नगर कीर्तन और 5 जून के प्रकाश उत्सव के मुख्य समागम में सभी सदस्य एवं पदाधिकारी शिरकत करेंगे और अपनी-अपनी ड्यूटी संभालेंगे।


# भारत में महाधमनी धमनीविस्फार की बढ़ती घटना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**जैसे-जैसे** लोगों की आयु बढ़ती है, वैसे-वैसे भारत में प्रमुख रक्त वाहिका (महाधमनी) रोगों की घटनाओं में वृद्धि हो रही है। इस प्रकार शीघ्र निदान और उपचार के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना महत्वपूर्ण है।

एक महाधमनी धमनीविस्फार शरीर में मुख्य धमनी का फूला हुआ हिस्सा है जो छाती और पेट से होकर गुजरती है। जब भी इन धमनियों का व्यास सामान्य व्यास के 1.5 गुना से अधिक हो जाता है तो यह धमनीविस्फार बन जाता है। जैसे-जैसे धमनीविस्फार का आकार बढ़ता है, यह फट सकता है और खून बह सकता है जो घातक हो सकता है।

इस विषय के बारे में डॉ. राजीव पारख, अध्यक्ष - पेरिफेरल वैस्कुलर



एंड एंडोवास्कुलर साइंसेज, मेदांता मेडिक्लिनिक डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली और मेदांता-द मेडिसिटी, गुरुग्राम ने कहा, अनियंत्रित उच्च रक्तचाप, किसी भी रूप में तंबाकू का सेवन, धूम्रपान और उच्च कोलेस्ट्रॉल महाधमनी धमनीविस्फार के सामान्य कारण हैं, जो परिवारों में चलते हैं। महाधमनी धमनीविस्फार आमतौर पर स्पर्शोन्मुख होते हैं और समय के साथ धीरे-धीरे बढ़ते हैं। आमतौर पर, पहला लक्षण पेट या पीठ में दर्द होता है, जो आकार में वृद्धि का संकेत देता है जो फटने या फटने के कारण हो सकता है। अन्य लक्षण आकार के कारण आस-पास के अंगों के दबने के कारण हो सकते हैं, जैसे आवाज का कर्कश होना, निगलने में कठिनाई, पेट में गांठ हिलना, छाती या पेट में थपथपाना। विभिन्न दिशानिर्देशों में बुजुर्गों और उच्च जोखिम वाले रोगियों के लिए समय-समय पर जांच की सिफारिश की गई है। प्रकाशित एक अध्ययन कहता है कि किसी भी कोरोनरी हस्तक्षेप [स्टेंटिंग या बाईपास] से गुजरने के 10 साल बाद 10 फीसद रोगियों में महाधमनी धमनीविस्फार विकसित होने का खतरा होता है। चेस्ट एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड पेट कुछ मामलों में धमनीविस्फार लेने में सक्षम हैं। छाती और पेट की सीटी एंजियोग्राफी अधिक पुष्टिकारक है।

# मुख्यमंत्री भावांतर व बागवानी बीमा योजना का लाभ उठाएं किसान : डीसी


पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर

**किसानों** की आय में वृद्धि करने व फसल विविधीकरण के तहत लगाई गई बागवानी फसलों में होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री भावान्तर भरपाई योजना व बागवानी बीमा योजना का लाभ दिया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से जिला के बागवानी खेती करने वाले किसान फसल की खेती के दौरान व उसके उत्पादन के बाद होने वाले जोखिमों को कम कर सकते हैं।

डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा शुरू की गई भावांतर भरपाई योजना व बागवानी बीमा योजना बागवानी किसानों के लिए एक अभूतपूर्व योजना है। यह योजना किसानों को सब्जियों व फलों के भाव से जोखिम मुक्त कर उन्हें फसल का उचित दाम दिलाने में कारगर साबित हो रही है।

डीसी ने बताया की कई बार यह देखने में आया है कि किसान जब अपनी बागवानी की फसल को मंडी में बेचने जाता है तो उसको फसल का सही दाम नहीं मिल पाता। जिससे किसान हतोत्साहित होकर फिर से पारंपरिक खेती करने का विचार करता है। ऐसे किसानों को प्रोत्साहन देने के लिए राज्य सरकार फसल में लगने वाले घाटे (नुकसान) को कम करने के लिए भावांतर भरपाई योजना के अंतर्गत मुआवजा व मूल्य के रूप में

**योजना के तहत सूचीबद्ध फसलों के उत्पादकों को दिया जाएगा लाभ**



प्रोत्साहन धनराशि प्रदान करेगी।

जिला बागवानी अधिकारी डॉ कृष्ण कुमार सोलंकी ने बताया कि इस योजना के तहत निम्नलिखित फसलों आलू, फूल गोभी, गाजर, मटर, टमाटर, प्याज, शिमला मिर्च, बैंगन भिंडी मिर्च, करेला, बंदगोभी, मूली, किन्नू, अमरूद, चीकू,आड़ू, आलूबुखारा, आम, नाशपाती, लीची, आंवला, बेर, लहसुन व हल्दी आदि को सूचीबद्ध किया गया है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त सभी फसलों के संरक्षित मूल्य सरकार द्वारा पहले से निर्धारित किए गए है। इस योजना के तहत सरकार द्वारा निर्धारित संरक्षित मूल्यों से कम बिक्री होने पर जो नुकसान होगा उसकी भरपाई प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को की जाएगी। उत्पादन से पूर्व होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना के तहत उत्पादक किसान उपरोक्त फसलों का बीमा भी करवा सकते हैं। डॉ. कृष्ण कुमार सोलंकी ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत सब्जियों व मसालों पर 30000 प्रति एकड़ का बीमा किया जाएगा जिसके लिए किसान को 750 रुपये प्रति एकड़ भुगतान करना होगा। वहीं फलों की खेती पर 1000 प्रति एकड़ की प्रीमियम देखकर किसान 40000 प्रति एकड़ का बीमा करवा सकता है। योजना का लाभ लेने के लिए उत्पादक का मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पर रजिस्ट्रेशन होने अनिवार्य है। जिला में इस योजना का लाभ उठाने के इच्छुक किसान इस विषय में और अधिक जानकारी के लिए किसी भी अधिकारी के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### डेक्कन क्वीन ने परिचालन के 93 वर्ष पूरे किए

# अनूठी पहल: रेल प्रेमियों ने केक काटकर मनाया ट्रेन का जन्मदिन

एजेंसी। मुंबई

**भारतीय** रेलवे की पहली डीलक्स ट्रेन डेक्कन क्वीन ने बृहस्पतिवार को पुणे और मुंबई के बीच संचालन के 93 वर्ष पूरे कर लिए। मध्य रेलवे ने यह जानकारी दी। डेक्कन क्वीन के पुणे रेलवे स्टेशन से मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस की तरफ रवाना होने से पहले रेल प्रेमियों और अधिकारियों ने बेहद उत्साह के साथ दो बड़े केक काटकर ट्रेन का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर महाराष्ट्र सरकार के मंत्री चंद्रकांत पाटिल भी पुणे रेलवे स्टेशन पर मौजूद थे।

मध्य रेलवे ने कहा, 93 वर्षों के अपने गौरवशाली इतिहास में यह ट्रेन दोनों शहरों को जोड़ने वाली एक परिवहन सेवा से ऊपर उठकर वफादार यात्रियों की एक पीढ़ी को आपस में बांधने वाले संस्थान के रूप में उभरी है। इस खास दिन के लिए डेक्कन क्वीन को रंग-बिरंगे फूलों की मालाओं से सजाया गया था, वहीं ट्रेन जिस प्लेटफॉर्म से रवाना हुई, उसके प्रवेश द्वार पर आकर्षक रंगोली उकेरी गई थी और संगीत की भी व्यवस्था की गई थी।

मध्य रेलवे की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, डेक्कन क्वीन एक जून 1930 को पटरी पर उतरी थी, जो ग्रेट इंडियन पेनिनसुला (जीआईपी) रेलवे के इतिहास में



एक बड़ा मील का पत्थर था। विज्ञप्ति में कहा गया है कि डेक्कन क्वीन, क्षेत्र के दो अहम शहरों-पुणे और मुंबई को जोड़ने वाली पहली डीलक्स ट्रेन थी और इसका नाम पुणे के नाम पर रखा गया था, जिसे दक्खन की रानी के नाम से भी जाना जाता है। विज्ञप्ति के अनुसार, शुरुआत में सात डिब्बों वाली दो ट्रेन (रेक) पेश की गई थीं, जिनमें से एक सिल्वर रंग की थी, जिस पर लाल धारियां उकेरी गई थीं, जबकि दूसरी नीले रंग की थी और उस पर सुनहरे रंग की धारियां बनी हुई थीं। विज्ञप्ति में कहा गया है, मूल रेक का निचला हिस्सा इंग्लैंड में बनाया गया था, जबकि इसके डिब्बे मुंबई में जीआईपी रेलवे के माटुंगा कारखाने में तैयार किए गए थे।

#### 1966 में बने एंटी-टेलीस्कोपिक इंटीग्रल कोच

**विज्ञप्ति** में कहा गया है कि 1966 में मूल रेक को तमिलनाडु के पेरम्बुर स्थित इंटीग्रल कोच फैक्टरी में निर्मित इस्पात (स्टील) के आवरण वाले एंटी-टेलीस्कोपिक इंटीग्रल कोच से बदल दिया गया, जो यात्रा के लिहाज से ज्यादा आरामदायक और सुविधाजनक थे।

## ओवैसी ने की अमेरिका में राहुल गांधी के भाषण की आलोचना

एजेंसी। हैदराबाद

**ऑल** इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अमेरिका में दिए गए भाषण की बुधवार को आलोचना की। ओवैसी ने अमेरिका में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी की आलोचना करते हुए 1980 के दशक में मुसलमानों के खिलाफ हिंसा की कथित घटनाओं का जिक्र किया जब कांग्रेस उत्तर प्रदेश और केंद्र में सत्ता में थी।

ओवैसी ने दावा किया कि राजनीतिक धर्मनिर्पेक्षता ने देश में मुस्लिमों को बर्बाद कर दिया और इसका इस्तेमाल संसद और विधानसभाओं में मुस्लिमों का प्रतिनिधित्व खत्म करने के लिए किया गया।

अमेरिका में राहुल गांधी के उस बयान पर जिसमें, उन्होंने कहा था मुसलमान, ईसाई, दलित और आदिवासी यह महसूस कर रहे हैं कि उन्हें निशाना बनाया जा रहा है , ओवैसी ने कहा, यह अनुचित है। आप से भारतीय मुस्लिमों पर सवाल पूछा गया था, लेकिन आपने कहा कि 1980 के दशक में दलितों और सिखों के साथ भी ऐसा ही हुआ था। ओवैसी ने कहा, आप को बताना चाहिए था कि मुस्लिमों के साथ क्या हो रहा है। उन्हें (राजस्थान के मुख्यमंत्री) अशोक गहलोत को सिखाना चाहिए।

## जम्मू-कश्मीर के सांबा में बीएसएफ ने पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बुधवार देर रात एक संदिग्ध पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना सांबा सेक्टर में मंगू चक सीमा चौकी (बीओपी) के पास देर रात करीब दो बजकर 50 मिनट पर हुई।

सीमा सुरक्षा बल के एक प्रवक्ता ने कहा, आज तड़के बीएसएफ के जवानों ने सांबा इलाके में पाकिस्तान की तरफ से अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने वाले एक व्यक्ति की संदिग्ध गतिविधि देखी। बल ने उसे रोकने की कोशिश की लेकिन वह सीमा पर बाड की ओर बढ़ता रहा, इसके बाद सैनिकों को गोलियां चलानी पड़ी जिसमें उसकी मौत हो गई।

### प्रधानमंत्री ने अपने नेपाली समकक्ष पुष्पकमल दाहाल प्रचंड के साथ वार्ता की, कहा

# हम अपने रिश्तों को हिमालय जितनी ऊंचाई देने के लिए काम करते रहेंगे : मोदी

#### मोदी और प्रचंड ने की कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की शुरुआत

एजेंसी। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को अपने नेपाली समकक्ष पुष्पकमल दाहाल प्रचंड के साथ व्यापक वार्ता के बाद कहा कि भारत और नेपाल अपने द्विपक्षीय संबंधों को हिमालई ऊंचाइयों पर ले जाने और सीमा मुद्दे सहित सभी मामलों को इसी भावना के साथ हल करने का प्रयास करेंगे।

बैठक के बाद मीडिया को दिए बयान में मोदी ने कहा कि उन्होंने और प्रचंड ने भविष्य में दोनों देशों के बीच साझेदारी को सुपर हिट बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। वार्ता के बाद मोदी और प्रचंड ने संयुक्त रूप से कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की शुरुआत की। उन्होंने कई योजनाओं का उद्घाटन और कुछ का शिलान्यास भी किया। दोनों पक्षों ने सीमा पार पेट्रोलियम पाइपलाइन के विस्तार, एकीकृत जांच चौकियों के विकास और पनबिजली में सहयोग बढ़ाने सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए सात समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए। दोनों नेताओं ने भारत के रुपईडीहा और नेपाल के नेपालगंज में एकीकृत जांच चौकियों का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन किया।



उन्होंने बिहार के बथनाहा से नेपाल कस्टम यार्ड के लिए एक मालवाहक रेलगाड़ी को भी हरी झंडी दिखाई। प्रचंड की मौजूदगी में मोदी ने कहा, हम अपने संबंधों को हिमालय की ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास जारी रखेंगे। और इसी भावना के साथ हम सभी मुद्दों का समाधान करेंगे, चाहे वह सीमा से जुड़ा हो या कोई अन्य मुद्दा। हस्ताक्षरित प्रमुख समझौतों में से एक ट्रांजिट की संशोधित भारत-नेपाल संधि थी। इसमें नेपाल के लोगों के लिए नए रेल रेल मार्गों के साथ ही भारत की अंतरदेशीय जलमार्ग सुविधा का भी प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि हमने नए रेल लिंक स्थापित कर भौतिक संपर्क बढ़ाने का निर्णय किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि तीन आईसीपी (इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट) के निर्माण से संपर्क सुदृढ़ होगा। उन्होंने कहा, पिछले वर्ष हमने बिजली क्षेत्र में सहयोग के लिए एक ऐतिहासिक दृष्टिपत्र दस्तावेज अपनाया था। इसे आगे बढ़ाते हुए आज भारत और नेपाल के बीच दीर्घकालीन बिजली व्यापार समझौता किया गया है। इसके अंतर्गत हमने आने वाले 10 वर्षों में नेपाल से 10,000 मेगावाट बिजली का आयात करने का लक्ष्य रखा है।

उन्होंने कहा कि मोतिहारी अमलेहगंज पाइपलाइन के सकारात्मक प्रभाव को देखते हुए इस पाइपलाइन को चितवन तक ले जाने का निर्णय किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, सिलीगुड़ी से पूर्वी नेपाल में झापा तक और एक नई पाइपलाइन भी बिछाई जाएगी।

#### संपर्क को दो पुल बनाए जाएंगे

**साथ** ही भारतीय रेल संस्थानों में नेपाल के रेलकर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान करने का भी निर्णय किया गया है। नेपाल के सुदूर पश्चिमी क्षेत्र से संपर्क को बढ़ावा देने के लिए शिरशा और जुलाघाट में और दो पुल बनाए जाएंगे।

#### संबंधों में प्रगति की व्यापक समीक्षा

**प्रचंड** ने अपनी टिप्पणियों में कहा कि उन्होंने और मोदी ने संबंधों में प्रगति की व्यापक समीक्षा की। संबंधों एवं सहयोग को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। नेपाली प्रधानमंत्री ने कहा कि वह मोदी की पड़ोस पहले की नीति की सराहना करते हैं।

## गुजरात: अच्छे कपड़े और चश्मा पहनने पर दलित मां-बेटे की पिटाई

**पालनपुर।** गुजरात के बनासकांठा जिले के एक गांव में एक दलित व्यक्ति के अच्छे कपड़े पहनने और चश्मा लगाने से ऊंची जाति के कुछ लोग नाराज हो गए और उन्होंने कथित तौर पर उस व्यक्ति और उसकी मां पर हमला कर दिया।

पुलिस ने बताया कि घटना मंगलवार रात पालनपुर तालुका के मोटा गांव में हुई। उन्होंने बताया कि पीड़ित और उसकी मां का वर्तमान में एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ति की मां पर भी आरोपियों द्वारा हमला किया गया। उन्होंने बताया कि पीड़ति जिगर शेखालिया द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर सात लोगों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गई। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने उसकी और उसकी मां की पिटाई की क्योंकि वे उसके अच्छे कपड़े पहनने और चश्मा लगाने से नाराज थे।

शिकायत में कहा गया है कि मंगलवार सुबह जब पीड़ित अपने घर के बाहर खड़ा था तो सात आरोपियों में से एक उसके पास आया। उसने पीड़ित को गाली दी और जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि वह इन दिनों बहुत ऊचा उड़ रहा है। पुलिस ने बताया कि उसी रात जब शिकायतकर्ता गांव के एक मंदिर के बाहर खड़ा था तो समुदाय के छह आरोपी (राजपूत उपनाम) उसकी ओर आए। हाथ में लाठी लिए हुए आरोपियों ने उससे पूछा कि उसने कपड़े क्यों पहने और चश्मा क्यों लगाया। फिर उन्होंने उसकी पिटाई की और उसे डेयरी पार्लर के पीछे खींच कर ले गए।

# मणिपुर हिंसा की जांच के लिए न्यायिक आयोग गठित होगा, बनेगी शांति समिति : अमित शाह

#### गृहमंत्री ने मृतकों के परिजनों के लिए मुआवजे के साथ ही राहत और पुनर्वास पैकेज की घोषणा की

एजेंसी। इम्फाल




**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि मणिपुर में हुई जातीय हिंसा की जांच के लिए उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश स्तर के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक न्यायिक आयोग का गठन किया जाएगा।

लगातार तीन दिनों तक राज्य के विभिन्न हिंसाग्रस्त इलाकों का दौरा करने और राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों से चर्चा के बाद यहां संवाददाता सम्मेलन में शाह ने मणिपुर की राज्यपाल अनुसुईया उइके की अध्यक्षता में एक शांति समिति के गठन और हिंसा में मारे गए लोगों के परिजनों के लिए मुआवजे के साथ ही राहत और पुनर्वास पैकेज की भी घोषणा की। शाह ने हिंसा के लिए मणिपुर उच्च न्यायालय की ओर से जल्दबाजी में लिए गए फैसले को दोषी ठहराया और कहा, मणिपुर में जारी संकट का एकमात्र समाधान बातचीत है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा, हिंसा एक अस्थाई चरण था, गलतफहमियां दूर हो जाएंगी... स्थिति जल्द ही सामान्य हो जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान ना देने और राज्य में शांति बनाए रखने की अपील की और साथ ही उग्रवादी समूहों को चेतावनी दी कि वे अगर संचालन का निलंबन (एसओओ) संधि का किसी भी प्रकार से उल्लंघन करते हैं तो उनके खिलाफ कठोर कार्वाई की जाएगी। उन्होंने कहा, किसी भी प्रकार का विचलन होने पर सख्ती से संज्ञान लिया जाएगा और इसे संधि भंग करना माना जाएगा। समझौते की शर्तों का पालन कीजिए। उन्होंने कहा कि राज्य में हथियारों की जब्ती के लिए पुलिस शुक्रवार से जांच अभियान चलाएगी। शाह ने कहा, हिंसा होने के कारण क्या हैं और इसके लिए कौन जिम्मेदार है...इन सभी की जांच के लिए उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश स्तर के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में आयोग गठित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसकी जांच भारत सरकार की ओर से कराई जाएगी।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार मणिपुर के राज्यपाल की अध्यक्षता में एक शांति समिति का गठन भी करेगी, जिसमें कुकी और मेइती समुदायों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के अलावा सभी राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि होंगे। शाह ने कहा कि मणिपुर में सुरक्षा की दृष्टि से काम कर रही विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस के सेवानिवृत्त महानिदेशक कुलदीप सिंह की अध्यक्षता में एक इंटर एजेंसी यूनिफाइड कमांड की व्यवस्था की जाएगी।

गृह मंत्री ने यह भी घोषणा की कि मणिपुर में हिंसा के पीछे पांच आपराधिक साजिशों और एक सामान्य साजिश की जांच के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की जांच शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा, मैं सभी मणिपुर वासियों को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि किसी भी पक्षपात और भेदभाव के बगैर हिंसा के मूल तक जाकर जांच और दोषियों को दंडित करने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि आगे इस तरह की हिंसा न हो। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री ने घोषणा की कि हिंसा में जान गंवाने वालों के परिजनों को भारत सरकार की ओर से पांच-पांच लाख रुपये और राज्य सरकार की ओर से पांच-पांच लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी।

## जयशंकर ने दक्षिण अफ्रीका में रूसी विदेश मंत्री लावरोव से मुलाकात की

एजेंसी। केपटाउन

**विदेश** मंत्री एस. जयशंकर ने अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव से मुलाकात की और द्विपक्षीय एवं वैश्विक हितों के मुद्दों पर चर्चा की।



पांच देशों के समूह ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका) के एक सम्मेलन में भाग लेने के लिए यहां पहुंचे जयशंकर ने ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर लावरोव के साथ बातचीत की। जयशंकर ने ट्वीट कर कहा, सुबह केपटाउन में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मिलकर अच्छा लगा। हमारी चर्चा में द्विपक्षीय मामले, ब्रिक्स, जी-20 और एससीओ शामिल थे। भारत जुलाई और सितंबर में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) और जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। पिछले कुछ महीनों में भारत रूस से रियायती कच्चे तेल का प्रमुख आयातक बन गया है जबकि पश्चिम में यूक्रेन पर रूसी हमले के मद्देनजर इस खरीद को लेकर बेचैनी बढ़ रही है। रूस के साथ भारत के आर्थिक संबंध पिछले एक साल में और मजबूत हुए हैं, जिसका मुख्य कारण रूस से रियायती तेल की खरीद है। भारत ने अभी तक यूक्रेन पर रूसी हमले की निंदा नहीं की है और वह वार्ता एवं कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के समाधान पर जोर दे रहा है।

## राहुल गांधी ने एआई विशेषज्ञों और स्टार्टअप उद्यमियों के साथ की बातचीत

एजेंसी। वाशिंगटन

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने बुधवार को सिलिकॉन वैली के स्टार्टअप उद्यमियों के साथ बातचीत की। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा और भारत से राहुल के साथ यात्रा कर रहे कुछ अन्य प्रमुख सहयोगियों के साथ प्लग एंड प्ले सभागार की अग्रिम पंक्ति में राहुल बैठे थे और इस दौरान वह कृत्रिम मेधा (एआई), बिग डेटा, मशीन लर्निंग के विभिन्न पहलुओं और मानव जाति पर उनके प्रभाव के साथ ही शासन, सामाजिक कल्याण के उपायों आदि पर चर्चा करते नजर आए। कैलिफोर्निया के सनीवेल में स्थित प्लग एंड प्ले टेक सेंटर को स्टार्टअप्स का उद्भव स्थल माना जाता है।

इसके मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एवं संस्थापक सईद अमिदी के अनुसार, प्लग एंड प्ले में 50 प्रतिशत से अधिक स्टार्टअप के संस्थापक भारतीय या भारतीय अमेरिकी हैं। अमिदी ने कार्यक्रम के बाद बताया कि राहुल की आईटी क्षेत्र में गहरी समझ दिखी और नवीनतम तथा अत्याधुनिक तकनीकों के बारे में उन्हें काफी कुछ पता है। अमिदी और फिक्सनिक्स स्टार्टअप के संस्थापक शॉन शंकरन के साथ बातचीत के दौरान राहुल ने तकनीक को भारत के दूरदराज गांवों के लोगों से जोड़ने और उसके प्रभावों के बारे में भी चर्चा की।

#### बोले, भारत और चीन के बीच संबंध मुश्किल होते जा रहे हैं

**कैलिफोर्निया।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि चीन भारत पर कुछ थोप नही सकता और भारत तथा चीन के संबंध आसान नहीं हैं, ए मुश्किल होते जा रहे हैं। कांग्रेस नेता तीन अमेरिकी शहरों की यात्रा पर हैं और उन्होंने कैलिफोर्निया में




स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय परिसर में बुधवार रात छात्रों के एक प्रश्न के उत्तर में यह बात कही। छात्रों ने राहुल से पूछा था, अगले पांच से दस वर्षों में भारत और चीन के बीच संबंध कैसे होंगे, आप इसे कैसे देखते हैं। इसके उत्तर में कांग्रेस नेता ने कहा, ये अभी मुश्किल हैं। मेरा मतलब है कि उन्होंने हमारे कुछ क्षेत्र पर कब्जा कर रखा है। ये मुश्किल हैं, ये इतने आसान नहीं हैं। उन्होंने कहा, भारत पर कुछ थोपा नहीं जा सकता। ऐसा कुछ नहीं होने वाला।

## अभिनेता डैनी मास्टर्सन बलात्कार के दो मामलों में दोषी करार

एजेंसी। लॉस एंजिलिस

**अभिनेता** डैनी मास्टर्सन को लॉस एंजिलिस की एक अदालत ने बलात्कार के तीन में से दो मामलों में दोषी ठहराया। अभिनेता मास्टर्सन (47) को फैसला सुनाए जाने के बाद हथकड़ी पहनाकर अदालत परिसर से ले जाया गया। उन्हें इस मामले में 30 साल की सजा हो सकती है।

सात महिलाओं और पांच पुरुषों वाली ज्यूरी ने दो सप्ताह में सात दिन तक विचार-विमर्श करने के बाद यह फैसला सुनाया। हालांकि मास्टर्सन की पूर्व प्रेमिका द्वारा लगाए आरोपों से जुड़े मामले पर ज्यूरी फैसले पर नहीं पहुंच पाई। मास्टर्सन को सजा सुनाए जाने तक जमानत नहीं मिल पाएगी। अभी तक सजा सुनाए जाने के लिए कोई तारीख निर्धारित नहीं की गई है, लेकिन न्यायाधीश ने मास्टर्सन और उनके वकीलों को सुनवाई के लिए



चार अगस्त को अदालत आने का निर्देश दिया है। फैसला सुनाए जाने के समय मास्टर्सन की पत्नी एवं अभिनेत्री बिजोउ फिलिप्स अदालत में मौजूद थीं।

मास्टर्सन को हिरासत में लेते समय उनकी आंखे नम नजर आईं। सुनवाई के दौरान मौजूद परिवार के अन्य सदस्य और दोस्त भी फैसला सुनकर स्तब्ध नजर आए।

## चार वर्षों में औसत विकास दर 3.4 प्रतिशत रही है: गौरव वल्लभ

**नई दिल्ली।** कांग्रेस प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रहने से जुड़े आंकड़े जारी होने के बाद बृहस्पतिवार को दावा किया कि पिछले चार वर्षों के दौरान स्थिर मूल्य पर जीडीपी की औसत विकास दर सिर्फ 3.4 प्रतिशत रही है।

उन्होंने यह भी कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था को प्रयोग का अड्डा नहीं बनने दिया जा सकता और देश के युवा बेहतर आर्थिक विकास दर के हकदार हैं। उल्लेखनीय है कि कृषि, विनिर्माण, खनन और निर्माण क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन से देश की आर्थिक वृद्धि दर बीते वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में 6.1 प्रतिशत रही। इसके साथ पूरे वित्त वर्ष के दौरान जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत पर पहुंच गई। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

# चालक का लाइसेंस अवैध होने पर भी बीमाकर्ता मुआवजा देने का जिम्मेदार : अदालत

### न्यायमूर्ति एसजी डिगे की एकल पीठ ने लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी को मुआवजा देने का दिया निर्देश

#### कहा, बीमा कंपनी मुआवजे की राशि दुर्घटना में शामिल वाहन के मालिक से बाद में वसूल ले

एजेंसी। मुंबई

**बंबई** उच्च न्यायालय ने कहा है कि बीमा कंपनी दुर्घटना के शिकार व्यक्ति के परिवार को मुआवजा देने के लिए जिम्मेदार होती है, भले ही दुर्घटना में शामिल वाहन चालक के लाइसेंस की अवधि समाप्त हो चुकी हो और इसका नवीनीकरण नहीं हुआ हो क्योंकि लाइसेंस की अवधि समाप्त हो जाने से वह अकुशल चालक नहीं बन जाता।

न्यायमूर्ति एसजी डिगे की एकल पीठ ने अप्रैल में पारित एक आदेश में आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को उस महिला के परिवार को मुआवजा देने का निर्देश दिया था। जिसकी नवंबर 2011 में एक दुर्घटना में मौत हो गई थी। आदेश की प्रति बृहस्पतिवार को मुहैया हुई। अदालत ने कहा कि बीमा कंपनी मुआवजे की राशि दुर्घटना में शामिल वाहन के मालिक से बाद में वसूल सकती है। अदालत महिला के परिवार की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई कर रही थी। जिसमें



मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण द्वारा पारित आदेश को चुनौती की गई थी। इस आदेश में बीमा कंपनी को मुआवजे का भुगतान करने से छूट दी गई थी क्योंकि दुर्घटना में शामिल वाहन के चालक का ड्राइविंग लाइसेंस समाप्त हो गया था। न्यायाधिकरण ने ट्रक के मालिक को मुआवजा देने के निर्देश दिए थे। महिला आशा बाविस्कर नवंबर 2011 में मोटरसाइकिल पर पीछे बैठ कर पुणे में हदपसर की ओर जा रही थी तभी तेज रफ्तार से जा रहे एक ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। आशा जमीन पर गिर गईं और उनकी मौत हो गई।

अदालत ने अपने आदेश में कहा, दुर्घटना के वक्त चालक का लाइसेंस नवीनीकृत नहीं था। इसका यह मतलब नहीं है कि वह कुशल चालक नहीं है। अदालत ने कहा कि मोटरसाइकिल को ट्रक ने टक्कर मार दी थी जिससे आशा की मौत हो गई। अदालत के अनुसार, घटना के दौरान ट्रक का बीमा कंपनी से बीमा था इसलिए अनुबंध के अनुसार, मुआवजा देना बीमा कंपनी की जिम्मेदारी बनती है।

#### कंपनी मुआवजा देकर मालिक से वसूले: कोर्ट

**बंबई** उच्च न्यायालय ने कहा है कि न्यायाधिकरण ने इस पर विचार नहीं किया और दावे को खारिज करते हुए आदेश दे दिया। इसके साथ ही अदालत ने बीमा कंपनी को मृतक के परिवार को छह सप्ताह के भीतर मुआवजा देने और यह राशि वाहन के मालिक से वसूलने का आदेश दिया।
इंसेट बाक्स

#### दावेदारों को मुआवजे से मतलब : बीमा कंपनी

**बीमा** कंपनी ने याचिकाकर्ता की अपील का विरोध करते हुए दावा किया था कि याचिकाकर्ता दावेदारों को केवल मुआवजे का हक होता है। उन्हें यह नहीं देखना चाहिए कि मुआवजा कौन दे रहा है।

## केरल खाड़ी देशों के लिए यात्री जहाज सेवा की योजना बना रहा

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नीत वाम लोकतांत्रिक मोर्चे (एलडीएफ) की सरकार मलयाली प्रवासियों को सस्ती यात्रा उपलब्ध कराने के लिए राज्य के तटीय इलाके और खाड़ी देशों के बीच एक यात्री समुद्री जहाज सेवा शुरू करने की योजना बना रही है। खाड़ी देशों से केरल की यात्रा करने वाले लोगों को अत्यधिक हवाई यात्रा शुल्क का भुगतान करना पड़ता है।

राज्य के बंदरगाह मंत्री अहमद देवरकोविल ने कहा कि बुधवार को यहां हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में केरल और खाड़ी देशों के बीच एक समुद्री जहाज सेवा शुरू करने की योजना तैयार करने का फैसला किया गया। मंत्री ने कहा कि एयरलाइन कंपनियां त्योहारी सीजन में यात्रा के लिए आम प्रवासियों से अत्यधिक पैसा वसूलती हैं। देवरकोविल ने कहा कि लोगों को केरल की यात्रा करने के लिए अपनी बचत का एक बड़ा हिस्सा अलग रखने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

मंत्री ने कहा कि इस परियोजना की योजना मालाबार विकास परिषद और केरल समुद्री बोर्ड द्वारा आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में बनाई गई थी। सरकार अनिवासी केरलवासी मामलों के विभाग के सहयोग से यह जहाज सेवा शुरू करने की योजना बना रही है। मंत्री ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा कि एलडीएफ सरकार ने प्रवासियों की यात्रा समस्याओं को हल करने के लिए इस साल के बजट में 15 करोड़ आवंटित किए हैं।

# सिग्नेचर ब्रिज का काम लगभग पूरा पांच लाख लोगों को होगा फायदा

● नोएडा में 81 करोड़ की लागत से तैयार हुआ है ब्रिज



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**नोएडा** में बन रहे पहले सिग्नेचर ब्रिज का काम पूरा कर लिया गया है। फीनिशिंग का काम किया जा रहा है। नोएडा वासी कब से इस पर वाहन चला सकेंगे इसका काउंट डाउन शुरू हो गया है। हालांकि प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक प्रवीण सलोनिया ने बताया कि एक सप्ताह में बाकी बचा हुआ काम पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद फ्लाई ओवर को नोएडा वासियों के लिए खोला जा सकता है।

इसके लिए आज प्राधिकरण की एक टीम ने पुलिस के साथ ब्रिज और एप्रोच रोड का निरीक्षण कर ट्रैफिक कंजेक्शन को देखा। थोड़ी खामी मिली जिसे एक से दो दिन में दूर कर लिया जाएगा। मास्टर प्लान रोड नंबर-3 पर यह फ्लाई ओवर बनाया जा रहा है। यह फ्लाई ओवर सेक्टर-72 बाबा बालकनाथ मंदिर से ग्रेनो वेस्ट के किसान चौक की ओर आने.जाने के लिए बन रहा है। इसके बनने से नोएडा से ग्रेनो वेस्ट की तरफ जाने वालों का सफर आसान हो जाएगा। यह परियोजना करीब एक साल देरी से चल रही है। इसके बनने से रोजाना करीब 5 लाख वाहन चालकों को फायदा होगा। यहां सेक्टर-71 अंडरपास बन चुका है।

ऐसे में दिल्ली के कॉलिंदी कुंज से आकर ग्रेनो वेस्ट तक आने-जाने वालों को जाम में नहीं फंसना पड़ेगा। पूरे ब्रिज को करीब 220 गर्डर और 3 पिलर पर खड़ा किया गया है। यह ब्रिज 28 केबिल पर लटका नजर आने लगा है। बीच वाला पिलर जमीन से 49 मीटर ऊंचाई पर है। किसान चौक की ओर रैंप बनाने के बाद उस पर सड़क बनाने का काम भी शुरू कर दिया गया है। सिग्नेचर ब्रिज का 97 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। इस परियोजना का काम दिसंबर 2021 तक पूरा हो जाना चाहिए था। अब अप्रैल में इसकी शुरुआत होगी। ऐसे में करीब डेढ़ साल देरी से इसका काम पूरा होगा। लेकिन नोएडा प्राधिकरण व कंपनी के बीच हुए विवाद के कारण पिछले साल चार.पांच महीने काम बंद पड़ा रहा। इसके अलावा कोरोना और बढ़ते प्रदूषण के चलते एनजीटी के नियमों की वजह से भी काम में अटकाव आया। इस फ्लाई ओवर के बनने से सेक्टर.51, 52, 61,70, 71, 72, 73, 74, 75, 76, 77, 78, 79, 121, 122 और किसान चौक की ओर जाने वालों का सफर आसान हो जाएगा। दिल्ली से गाजियाबाद और हापुड़ की ओर आने-जाने वालों को भी काफी फायद मिलेगा। अभी यहां वाहन चालक लंबे जाम में फंसते हैं।

# नोएडा में 86.43 किलोमीटर बांध की मरम्मत शुरू

● डीएम ने अधिकारियों संग किया निरीक्षण, बोले- बाढ़ से कोई गांव प्रभावित न हो

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यूपी में इस बार समय से पहले बारिश हो रही है साथ ही मानसून भी नजदीक है। ऐसे में तटबंध ये जुड़े गांवों में बाढ़ की स्थिति न बने। वहां के लोगों के सुरक्षित रहे। इसके लिए डीएम मनीष कुमार वर्मा ने तटबंध एरिया का निरीक्षण किया। साथ ही अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

डीएम मनीष कुमार वर्मा मकनपुर गांव पहुंचे। यहां यमुना नदी पर सुरक्षा के लिए कराए जा रहे बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों का निरीक्षण किया। अधिशासी अभियंता हैंड वर्क खंड आगरा नहर ओखला ने जिलाधिकारी को बताया कि यमुना नदी कटान करते हुए ग्राम के बहुत नजदीक आ गई है। ग्राम के कटान का खतरा बना हुआ था। इसलिए ग्राम वासियों की सुरक्षा के लिए 5 नए स्टडो का निर्माण और 3 पुराने स्टडो की दोबारा से निर्माण कराया जा रहा है।

ये काम 15 जून तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्य से ग्राम मकनपुर को यमुना नदी के बाढ़ से पूरी तरह से सुरक्षा मिलेगी। सिंचाई विभाग हैंड वर्क खंड द्वारा जनपद के अंतर्गत 7 तटबंध जिनकी लंबाई 86.43 किलोमीटर की मरम्मत कराकर पूरी तरह से सुरक्षित कर लिया गया है। वहीं प्राधिकरण भी डूब क्षेत्र में निरीक्षण करेगा।

हालांकि यहां करीब 900 से ज्यादा फॉर्म हाउस बने हुए है। इनको ध्वस्त किया जाना है। इससे पहले यमुना से जुड़े गांवों को बाढ़ से भी बचाना है। ऐसे में जल्द ही सिंचाई विभाग के साथ जॉइंट निरीक्षण किया जाएगा।

## जीडीए की टीम ने तोड़ीं कई अवैध कॉलोनियां

**गाजियाबाद।** जीडीए ने अवैध निर्माण के खिलाफअभियान को और तेज कर दिया है। इसी के चलते ही जीडीए की प्रवर्तन जोन-8 की टीम ने प्रवर्तन प्रभारी प्रशांत गौतम की अगुवाई में अवैध कॉलोनी को निशाना बनाया।

जीडीए की टीम ने सबसे पहले गांव असालतपुर के पास काटी जा रही अवैध कॉलोनियों को निशाना बनाया। यहां जीडीए की टीम ने हिंडन एयर फोर्स स्टेशन के पास बन रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। यहां गांव के कई खसरों की जमीन में अवैध रूप से कॉलोनी काटने का कार्य किया जा रहा था। इसके बाद जीडीए की टीम का बुल्डोजर हिंडन के किनारे काटी जा रही अवैध कॉलोनी पर चला। यहां कई लोग मिलकर अवैध कॉलोनी को काटने का कार्य कर रहे थे।

# पुलिस ने अगवा शिशु को खोज निकाला

● ईएसआईसी अस्पताल का मामला आरोपी महिला गिरफ्तार



बच्चे को उसकी मां को सुपर्द करतीं पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह।

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**नोएडा** के सेक्टर 24 थाना क्षेत्र में स्थित कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) अस्पताल से करीब सप्ताह भर पहले अगवा किए गए नवजात शिशु को पुलिस ने बुधवार को देर रात बरामद कर लिया।

पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) हरीश चंदर ने बताया कि खोड़ा कॉलोनी की रहने वाली इशरत 25 मई को सेक्टर 24 स्थित ईएसआईसी अस्पताल में प्रसव के लिए भर्ती हुई थी। इशरत ने एक बच्चे को जन्म दिया था और इसके बाद एक महिला 26 मई की तड़के उनके बच्चे को अगवा करके अस्पताल से ले गई।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि पुलिस ने बच्चे को अगवा करने वाली रानी नामक महिला को भंगेल गांव से गिरफ्तार कर उसके पास से शिशु को बरामद कर लिया है। नवजात शिशु को उसके परिजनों को सौंप दिया है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपी महिला रानी ईएसआईसी अस्पताल में इलाज कराने आती थी और उसका पूर्व में दो बार गर्भपात हो चुका है।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि आरोपी महिला के अनुसार, उसके ससुराल के लोग बच्चा न होने के कारण उसे प्रताड़ित कर रहे थे और इस वजह से उसने शिशु को अगवा कर लिया ताकि वह उसे अपना बच्चा बताकर ससुराल वालों को दे सके।

# राजधानी में सौ सोसाइटी कचरा मुक्त बनीं

## आरडब्ल्यूए और लोगों की मदद से सफल हुआ प्रयास, लैंड साइटों पर दबाव होगा कम: शैली



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**एमसीडी** ने दिल्ली को हराभरा और कचरा मुक्त बनाने के लिए अनूठा प्रोत्साहन आधारित कार्यक्रम शुरू किया है। निगम ने शाहदरा साउथ जोन क्षेत्र की 100 से अधिक ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी-संस्थानों को सौ फीसदी जीरो वेस्ट कॉलोनी घोषित किया है। उसने स्रोत पर ही कचरे का पृथकीकरण और निस्तारण करने पर बृहस्पतिवार को एक कार्यक्रम में प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों, स्कूलों और गैर सरकारी संगठनों को सम्मानित करने के पीछे निगम का मकसद कचरे के बेहतर प्रबंधन में इन कॉलोनियों के योगदान को आम लोगों तक पहुंचना है। आभार व्यक्त करना था। महापौर शैली ओबरॉय ने कहा कि निगम द्वारा शुरू की गई इस अनूठी पहल से घरों से निकलने वाले कचरे के प्रसंस्करण की समस्या का हल करने में मदद मिलेगी। तीनों लैंडफिल साइटों पर कचरे का दबाव भी कम होगा। एमसीडी दिल्ली में अब नए कूड़े के पहाड़ पहाड़ नहीं बनने देगी। अब हम घरों में ही कूडे का निस्तारण करेंगे। वर्तमान में मौजूद कूडे के पहाड़ों पर दिन रात काम चल रहा है। आरडब्ल्यूए और लोगों की मदद से निगम की आप सरकार दिल्ली को कचरा मुक्त बनाने में सफल होगी। भविष्य में और भी सोसाइटी जीरो वेस्ट कॉलोनी बनेंगी। सामुदायिक प्रतिभागियों के बिना कोई काम नहीं हो सकता है। कचरे की समस्या के समाधान के लिए युद्धस्तर पर हर संभव प्रयास कर रहा है।

सभी नागरिकों से कूड़े के खिलाफ लड़ाई में शामिल होने का आह्वान किया। मेयर ने कहा कि दिल्ली नगर निगम उन सोसायटियों या संस्थानों को सहभागिता कॉलोनी के रूप में प्रमाणित करती है जो स्रोत पर ही 100 फीसदी कचरे का पृथकीकरण और निस्तारण करते हैं। इस प्रक्रिया के तहत कॉलोनी में ही गीले कूड़े से खाद बनाने, रिसाइकिल योग्य सूखे कचरे का 100 फीसदी पुनर्चक्रण करने और शेष सूखे कचरे को अधिकृत एजेंसी को सौंपत हैं। सहभागिता कॉलोनी प्रमाण-पत्र हासिल करने वाली ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी को निगम द्वारा संपत्ति कर में प्रोत्साहन राशि या छूट प्रदान की जाती है।

## फोर्टिस अस्पताल ग्रे. नोएडा ने निकाली वॉकाथॉन

**नोएडा।** धूम्रपान और तंबाकू के दुष्प्रभावों को उजागर करने और तंबाकू से संबंधित बीमारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर आज 5 किलोमीटर की वॉकाथन का आयोजन किया। वॉकाथॉन को अस्पताल के गेट नंबर 1 से सुबह 6;30 बजे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ये वॉकाथॉन होंडा क्रॉसिंग और पी3 राउंडअबाउट से होते हुए अस्पताल पर खत्म हुई। फोर्टिस अस्पताल ग्रेटर नोएडा में पल्मोनोलॉजी के एडिशनल डायरेक्टर डॉक्टर राजेश गुप्ता ने कहा कि इस विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर हमें तम्बाकू के सेवन से जुड़े कई जोखिम कारकों के बारे में जागरूक होने की आवश्यकता है। 13 से 15 साल की आयु के 14 मिलियन से अधिक युवा इसका हिस्सा हैं। धूम्रपान छोड़ने और धूम्रपान.मुक्त नीतियां अपनाने से धूम्रपान न करने वाले लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा करने में मदद मिलती है। धूम्रपान का असर खांसी और गले में जलन के साथ सांसों की दुर्गंध और कपड़ों से दुर्गंध के साथ शुरू होता है।

## ट्यूबवैल में गिरने से दस साल की बच्ची की मौत

**गाजियाबाद।** मोदीनगर निवाड़ी थानाक्षेत्र के गांव अबूपुर में ट्यूबवैल पर नहाते समय दस साल की बच्ची की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस नहाते समय दौरा पड़ने से मौत होने की बात बता कह रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव अबूपुर में लालचंद सिंह मजदूरी करके परिवार का लालन पालन करते है।

दोपहर दो बजे उनकी दस वर्षीय पुत्री काजल अपनी छोटी बहन के साथ खेत में गई थी। बताया जा रहा है कि खेत में चल रही टयूबवैल में नहाने लगी। बताया जा रहा है कि काजल टयूबवैल की होद की दीवार पर खड़ी थी। इसी बीच वह अचानक टयूबवैल के अंदर गिर गई। उसके गिरते ही छोटी बहन एलिस की चीख निकल गई।

# वैशाली मेट्रो स्टेशन पर फास्ट फूड की दुकान में लगी आग

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**गाजियाबाद** के वैशाली मेट्रो स्टेशन पर बुधवार देर रात फास्ट फूड की दुकान में भीषण आग लग गई। चार दमकल गाड़ियों ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। फायर फाइटर्स ने समय रहते बाकी दुकानों को आग की चपेट में आने से बचा लिया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया, रात करीब साढ़े 12 बजे फायर स्टेशन कोतवाली को सूचना मिली कि वैशाली मैट्रो स्टेशन के भूतल पर स्थित फास्ट फूड की दुकान में आग लग गई है।

तुरंत फायर स्टेशन वैशाली से दो फायर टैंकर मय यूनिट घटनास्थल के लिए रवाना हुए। घटनास्थल पर जाकर देखा कि आग तेजी से फैल रही थी। आग की तेजी को देखते हुए फायर स्टेशन वैशाली से 2 और फायर टैंकरों को घटनास्थल पर बुलाया गया। फायर की कुल चार गाड़ियों ने शीघ्रता से होज लाइन फैलाकर फायर फाइटिंग शुरू करके कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझा दिया।

दुकान के मालिक मोंटी सिंह और रूबल सिंह हैं। इनकी दुकान में रखा फास्ट फूड आदि रखा सामान क्षतिग्रस्त हो गया।

बगल में इरफान की दुकान है, जिसे फायर फाइटर्स ने बचा लिया। इस अग्निकांड में कोई जनहानि नहीं हुई है। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। हालांकि मामले की जांच जारी है।

# धोबीघाट आरओबी पर बकायेदारी को लेकर शुरू हुआ विवाद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

धोबीघाट आरओबी बनकर तैयार हो गया है। इसे बनाने के लिए पहले 110 करोड़ रुपये का इस्टीमेट बनाया गया था। अब यह इस्टीमेट बढ़कर करीब 125 करोड़ के आसपास हो गया है। इस आरओबी को बनाने के लिए उत्तर रेलवे और जीडीए के बीच पैसे को लेकर पहले ही अनुबंध हो गया था। अब उत्तर रेलवे अपना अतिरिक्त पैसा जीडीए से मांग रहा है। जीडीए ने अभी धोबी घाट आरओबी के लिए केवल पन्द्रह करोड़ रुपये ही उत्तर रेलवे को दिया है। हालांकि, धोबीघाट आरओबी का कार्य पैसे के कारण बीच में नहीं रुका। दरअसल, धोबीघाट आरओबी को तेजी से बनाने की कोशिश थी।

उत्तर रेलवे और जीडीए ने पहले प्रोजेक्ट को पूरा करना ही उचित समझा। उत्तर रेलवे ने अधिक पैसा इस प्रोजेक्ट पर खर्च कर दिया। अब उत्तर रेलवे बकाया की मांग कर रहा है जिसके लिए वह जीडीए को अभी तक कई पत्र लिख चुका है।

## दुजाना गिरोह के सदस्य की एक करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नोएडा।** धूम मानिकपुर में कुख्यात बदमाश अनिल दुजाना के गिरोह के सक्रिय सदस्य के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। गैंगस्टर राजू पंडित के करीब एक करोड़ के वेअरहाउस को कुर्क कर लिया और वेअरहाउस पर नोटिस लगाकर पुलिस के द्वारा मुनादी कर यह कार्रवाई की गई है।

कुख्यात बदमाशों के खिलाफ गौतमबुद्ध नगर में पुलिस का अभियान लगातार जारी है। कुख्यात बदमाश अनिल दुजाना के एनकाउंटर के बाद से लगातार उसके गिरोह के सदस्यों के खिलाफ पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

# साहिल खान की हिरासत तीन दिन बढ़ी

साक्षी हत्याकांड



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दिल्ली** की एक अदालत ने शाहबाद डेरी इलाके में एक किशोरी की निर्मम हत्या करने के आरोपी युवक की हिरासत की अवधि बृहस्पतिवार को तीन दिन के लिए बढ़ा दी।

अदालत के सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा कारणों से आरोपी साहिल (20) को ड्यूटी मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट के आवास पर पेश किया गया। साहिल ने पिछले रविवार की शाम को उत्तर-पश्चिम दिल्ली के शाहबाद डेरी इलाके में 16 वर्षीय साक्षी की चाकू से 20 से अधिक वार कर और फिर पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी थी। इस दौरान, पास से गुजर रहे राहगीर तमाशबीन बने रहे थे। पुलिस के मुताबिक, साक्षी के शरीर पर जख्म के 34 निशान थे और उसकी खोपड़ी भी टूट गई थी।

साहिल को सोमवार को उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में उसकी बुआ के घर से गिरफ्तार कर दिल्ली लाया गया था। ड्यूटी मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट ज्योति नयन ने मंगलवार को पुलिस को साहिल को दो दिन तक हिरासत में लेकर पूछताछ करने की अनुमति दी थी। पुलिस ने इस आधार पर साहिल की हिरासत की मांग की थी कि वारदात में इस्तेमाल हथियार बरामद नहीं किया जा सका है और आरोपी बार-बार अपना बयान बदल रहा है।

# सिसोदिया ने किया कोर्ट परिसर में मारपीट का दावा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया ने आरोप लगाया है कि आबकारी मामले की सुनवाई के दौरान सुरक्षाकर्मियों ने 23 मई को उनसे मारपीट की, जिसके बाद दिल्ली की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को अधिकारियों को उस दिन की अदालत परिसर की सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखने का निर्देश दिया।

वहीं, सिसोदिया के आरोप के बाद पुलिस ने आवेदन दायर कर उन्हें केवल वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पेश करने के लिए अदालत की अनुमति मांगी। पुलिस ने सिसोदिया को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पेश करने का समर्थन करते हुए कहा कि उन्हें अदालत में लाने से परिसर में आम आदमी पार्टी के समर्थकों और मीडिया की मौजूदगी के कारण अराजकता पैदा होती है।

विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल ने दोनों आवेदनों पर फैसला लंबित रहने तक सिसोदिया को वीडियो कांफ्रेंस के जरिए पेश करने का निर्देश दिया। सिसोदिया को बृहस्पतिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पेश किया गया। सिसोदिया को आबकारी नीति के निर्माण एवं कार्यान्वयन से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार किया गया था।

## लोहा मंडी से नगर निगम ने हटाया अतिक्रमण

**गाजियाबाद।** नगर निगम की टीम ने भी अतिक्रमण के खिलाफबड़ी कार्रवाई की। नगर निगम की टीम ने पुलिस की मदद से लोहा मंडी और इसके आसपास के एरिया में अतिक्रमण के खिलाफअचानक बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान काफी लोगों ने इस कार्रवाई का विरोध भी किया। अतिक्रमण हटाओ अभियान की अगुवाई कविनगर जोनल प्रभारी सुनील राय कर रहे थे। दरअसल, लोहा मंडी के पास ही काफी लोगों ने यहां सरकारी सडक और पार्क की जमीन पर अवैध कब्जा किया हुआ है, साथ ही कुछ लोग यहां मुर्गा मार्केट बनाकर चला रहे हैं। यह मार्केट भी नगर निगम की सरकारी जमीन पर ही लगाकर अतिक्रमण किया गया था। हाल ही में इसकी शिकायत भी नगर निगम को की गई थी। नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ के निर्देश पर नगर निगम प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। नगर निगम प्रशासन ने कल दोपहर बाद अतिक्रमण के खिलाफयह कार्रवाई की, लेकिन आज भी अतिक्रमण हटाने का कार्य किया गया। जानकारी के अनुसार इस दौरान करीब 150 अतिक्रमण हटाए गए।

# आनंद विहार स्टेशन पर पैदल यात्रियों के लिए बनेगा पुल

रैपिडएक्स परियोजना

● टैक्सी और निजी वाहन भी प्रवेश कर सकेंगे



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस गलियारे के आनंद विहार रैपिडएक्स स्टेशन पर पैदल यात्रियों के लिए एक पुल का निर्माण करेगा।

अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को कहा कि वाहनों के प्रवेश करने और निकासी के लिए भी अलग से दो पुल बनाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आनंद विहार रैपिडएक्स स्टेशन और चौधरी चरण सिंह मार्ग के बीच से गुजरने वाले गाजीपुर नाले पर एनसीआरटीसी द्वारा पुलों का निर्माण किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि तीन पुलों में से दाहिनी ओर के पुल का उपयोग आनंद विहार रैपिडएक्स स्टेशन पर वाहनों के प्रवेश के लिए किया जाएगा जबकि बाईं ओर के पुल का उपयोग वाहनों की निकासी के लिए किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बीच वाले पुल का उपयोग पैदल चलने वाले स्टेशन परिसर में आने-जाने के लिए कर सकेंगे। एनसीआरटीसी के अधिकारियों ने बताया कि आनंद विहार रैपिडएक्स स्टेशन में वाहनों के प्रवेश के लिए बन रहा पुल करीब 10 मीटर चौड़ा है। उन्होंने कहा, टैक्सी और निजी वाहन इस पुल से प्रवेश कर सकेंगे और यात्रियों को स्टेशन के द्वार पर उतार सकेंगे।

अधिकारियों ने कहा कि वाहनों की निकासी का पुल 13 मीटर चौड़ा होगा जबकि पैदल यात्रियों के लिए पुल पांच मीटर चौड़ा होगा। आनंद विहार से रोजाना लाखों यात्री विभिन्न परिवहन साधनों से सफर करते हैं। अक्सर ऐसा देखा गया है कि परिवहन के विभिन्न साधन बदलने के लिए यात्रियों को तमाम परेशानियों से जूझना पड़ता है। भीड़भाड़, अव्यवस्थित ट्रैफिक से जूझते हुए दूसरे साधन तक पहुंचने के लिए एक लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। इसे देखते हुए छब्ज्ब् उनके लिए पैदल पुल बना रहा है। आनंद विहार रैपिड एक्स स्टेशन से कुल 6 ट्रांसपोर्ट गतिविधियां इंटीग्रेटेड होंगी। जिसमें आनंद विहार अंतरराज्यीय बस अड्डा, सिटी बस अड्डा, कौशांबी रोडवेज डिपो, मेट्रो की पिंक और ब्लू लाइन तथा आनंद विहार रेलवे स्टेशन शामिल हैं। इन सभी को आपस में मर्ज किया जा रहा है, ताकि यात्री कहीं भी आसानी से पहुंच सकें।

अधिकारियों ने यह भी कहा कि उनका लक्ष्य 2025 तक पूरे 82 किलोमीटर लंबे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ गलियारे को चालू करना है। एनसीआरटीसी 2023 में गलियारे के 17 किलोमीटर लंबे प्राथमिकता वाले खंड पर सेवा शुरू कर देगा।

# भारी यातायात से मध्य दिल्ली में लगा जाम


● भैरों मार्ग पर चलाया गया अतिक्रमणरोधी अभियान



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी में आईटीओ सहित मध्य दिल्ली में बृहस्पतिवार सुबह भारी यातायात जाम के कारण लोगों को अपने गंतव्य तक समय पर पहुंचने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

यातायात पुलिस ने कहा कि उन्हें आईटीओ, राजघाट और दिल्ली गेट के निकट यातायात जाम की शिकायत को लेकर कई लोगों के फोन आए। उसने कहा कि भैरों मार्ग पर अतिक्रमण रोधी अभियान चलाया जा रहा है। राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न हिस्सों में यातायात जाम की शिकायत करने के लिए लोगों ने कई ट्वीट किए। एक व्यक्ति ने बताया कि वह भारी यातायात जाम के कारण लगभग एक घंटे तक आईटीओ पर फंसा रहा। एक अन्य व्यक्ति ने भी शिकायत की कि लक्ष्मी नगर से आईटीओ तक एक ही मार्ग पर लगभग एक घंटे तक इंतजार करना पड़ा। दिल्ली में बृहस्पतिवार को जिन अन्य मार्गों पर भारी यातायात जाम की स्थिति देखी गई, उनमें लिबासपुर अंडरपास, सोनिया विहार और महात्मा गांधी मार्ग शामिल हैं।




# ब्लड क्लॉटिंग के शुरुआती संकेतों को न करें नजरअंदाज

ब्लड क्लॉटिंग या खून के थक्के बन जाना इस अनहेल्दी लाइफस्टाइल के कारण लोगों में बढ़ता जा रहा है। ब्लड क्लॉटिंग का मतलब है शरीर में खून का एक जगह जम कर इकट्ठा हो जाना। जब आपकी नसों में खून थक्का बनने लगता है, तो धीरे-धीरे ये आपके जीवन स्थितियों को प्रभावित करने लगता है। आम तौर पर ये जिन लोगों में शुरुआती तौर पर हो रहा होता है, उन्हें इसका खास नुकसान नहीं हो रहा होता है, पर धीरे-धीरे ये आपके शरीर को किसी मेडिकल इमरजेंसी की ओर धकेल रहा होता है। ऐसे में जरूरी है आप शरीर में हो रहे ब्लड क्लॉटिंग के शुरुआती संकेतों को पहचानना सीखें। वहीं ब्लड क्लॉटिंग के शुरुआती संकेत इसके प्रकारों यानी कि टाइप्स को ब्लड क्लॉटिंग पर निर्भर करता है।

## धमनी का थक्का

**हमारा** सर्कुलेटरी सिस्टम नसों और धमनियों नामक वाहिकाओं से बनी होती है, जो आपके पूरे शरीर में रक्त का परिवहन करती है। इन्हीं नसों या धमनियों में रक्त के थक्के बन सकते हैं। जब रक्त का थक्का एक धमनी में होता है, तो इसे धमनी का थक्का कहा जाता है। इस प्रकार का थक्का तुरंत निम्न लक्षणों

- का कारण बनता है जैसे कि
- धमनी के गंभीर दर्द
- शरीर के कुछ हिस्सों में अटैक महसूस होना

दिल का दौरा या स्ट्रोक हो सकता है।

## वेन्स के थक्के

**वहीं** वेन्स में होने वाले ब्लड के थक्के को वेनोस का थक्का कहा जाता है। इस प्रकार के थक्के समय के साथ और अधिक धीरे-धीरे बन सकते हैं, लेकिन वे अभी भी जानलेवा हो सकते हैं।

## डिप वेन्स थ्रोमबॉसिस

डिप वेन्स थ्रोमबॉसिस में शरीर में गहरी नसों में से एक में एक थक्का बनता है। यह आपके पैरों में होने के लिए सबसे आम है, लेकिन यह आपकी बाहों, श्रोणि, फेफड़ों या आपके मस्तिष्क में भी हो सकता है। इसमें बिना किसी स्पष्ट लक्षण के रक्त का थक्का बनना संभव है। जब लक्षण दिखाई देते हैं, तो उनमें से



कुछ अन्य बीमारियों के लक्षणों के समान होते हैं। यहां पैर या हाथ, हृदय, पेट, मस्तिष्क और फेफड़ों में रक्त के थक्के के शुरुआती चेतावनी के संकेत और लक्षण हैं। वहीं इन जगहों पर आपको शुरुआत से कुछ ऐसा महसूस हो सकता है

- थक्के की जगह पर गर्मी
- प्रभावित पैर या बांह में कोमलता या दर्द
- प्रभावित पैर और हाथ में सूजन
- त्वचा का लाल या बैंगनी होना

## पैर या बांह में ब्लड क्लॉटिंग के शुरुआती संकेत

- सूजन
- दर्द
- क्रैंप्स

## दिल में ब्लड क्लॉटिंग के संकेत

दिल में खून का थक्का बनने से दिल का दौरा पड़ता है। दिल रक्त के थक्के के लिए एक कम आम स्थान है और ये कभी भी हो सकता है। दिल में खून का थक्का आपकी छाती को चोट पहुंचा सकता है या भारी महसूस कर सकता है। इसके शुरुआती लक्षण हैं

- सांस की तकलीफ
- धड़कनों का तेज दौड़ना
- सोने पर सांस लेनी की तेज आवाज आना

## पेट में ब्लड क्लॉटिंग

गंभीर पेट दर्द और सूजन आपके पेट में कहीं रक्त के थक्के के लक्षण हो सकते हैं। ये पेट के वायरस या फूड पॉइजनिंग के लक्षण भी हो सकते हैं।

## मस्तिष्क में ब्लड क्लॉटिंग या स्ट्रोक

मस्तिष्क में एक रक्त का थक्का भी एक स्ट्रोक के रूप में जाना जाता है। आपके मस्तिष्क में रक्त का थक्का अचानक और गंभीर सिरदर्द का कारण बन सकता है, साथ ही कुछ अन्य लक्षण जैसे कि अचानक बोलने या देखने में कठिनाई आदि इसमें शामिल है। इस तरह आप इन तमाम संकेतों की मदद से शरीर के किसी भी अंग में ब्लड क्लॉटिंग की पहचान कर सकते हैं।

# ये टिप्स रखेंगे आपके पाचन को एकदम फिट

**हाईड्रेटेड रहें:** शरीर में पानी व नमी की कमी न होने पाए। पानी खूब पीएं क्योंकि यह जहरीले तत्वों को बाहर करता है और पाचन क्रिया को बेहतर बनाता है। पानी के नाम पर शुगरी ड्रिंक आदी न पीएं। नींबू पानी, नारियल पानी या ताजा फल व सब्जी का जूस लें।

**प्रोबायोटिक्स जरूरी है:** हेल्दी बैक्टीरिया पाचन तंत्र को स्वस्थ रखते हैं और पाचन क्रिया को बेहतर बनाते हैं। आप प्रोबायोटिक्स के प्राकृतिक स्रोतों को अपने भोजन में शामिल करें। खमीर वाले प्रोडक्ट्स, दही, छाछ व रेडीमेड प्रोबायोटिक्स ड्रिंक्स का सेवन करें।

**फाइबर शामिल करें:** खाने में फाइबर जितना अधिक होगा पेट उतना ही स्वस्थ होगा क्योंकि आपको कब्ज की शिकायत नहीं होगी। फाइबर हमारे कोलोन की कोशिकाओं को स्वस्थ रखता है। आपका पेट साफ रखता है। अपने भोजन में साबूत अनाज, गाजर, ब्रोकोली, नट्स, मकई, बींस, ओट्स, दालें व छिलके सहित आलू को शामिल करें।

**क्रियाशील रहें, कसरत व योगा करें:** आप भले ही कितना भी हेल्दी खा लें पर जब तक शरीर को क्रियाशील नहीं रखेंगे तब तक कहीं न कहीं कोई कमी रह ही जाएगी। रोजाना 30 मिनट कसरत करें, चहल कदमी करें, लिफ्ट की बजाए सीढ़ियों का इस्तेमाल करें। योगा करना चाहें तो वो करें। यह रूटीन आपकी मांसपेशियों को लचीला बनाएगा और पाचन को बेहतर। वरना शारीरिक गतिविधियों की कमी से कब्ज जैसी समस्या होने लगेगी।

**तनाव न लें:** तनाव पूरे शरीर व खासतौर से पाचन तंत्र पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। इस से गैस, ऐसिडिटी, कब्ज जैसी समस्या हो सकती है। दरअसल तनाव के कारण पेट में रक्त व ऑक्सीजन का प्रवाह कम हो जाता है जिससे पेट में ऐंठन, जलन जैसी समस्या होने लगती है, साथ ही पेट में मौजूद हेल्दी बैक्टीरिया में भी असंतुलन आने लगता है। इसके अलावा तनाव से नींद भी नहीं आती और नींद पूरी न होने से पाचन तंत्र ठीक से काम नहीं कर पाता। बेहतर होगा तनाव को खुद पर हावी न होने दें।

# पंजाब: कैंसर और दांत संबंधी घातक बीमारियों की जद में आ रहे ग्रामीण



**पंजाब** के लुधियाना जिले के गौंसपुर निवासी स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं। ग्रामीण अपनी बीमारी का कारण उनके आस-पास हो रही औद्योगिक गतिविधि को मानते हैं, जिसने उनकी आबोहवा को प्रदूषित कर दिया है। किसान सुखविंदर सिंह और उनके परिवार पर प्रदूषण की मार पड़ी है। उनकी मां को लगभग पांच साल पहले त्वचा कैंसर का पता चला था। सुखविंदर के बेटे गुरनूर सिंह भी पीड़ित हैं-पांच साल के बच्चे के दूध के दांत छोटे-छोटे टुकड़ों में टूट रहे हैं।

सुखविंदर का परिवार अकेला नहीं है। लुधियाना में ही एक निजी अस्पताल में काम करने वाले ने नाम न उजागर करने की शर्त पर कहा पिछले महीने ही गांव में कैंसर के पांच नए मामले सामने आए हैं। कई लोग दंत और त्वचा की समस्याओं का सामना कर रहे हैं। यह सब प्रदूषित पानी के कारण हो रहा है। एक अन्य ग्रामीण इंदु ने कहा कि उनका 17 वर्षीय बेटा बीमार पड़ता रहता है और उसे हर छह महीने में अस्पताल जाना पड़ता है। उसके दांत भी गुरनूर की तरह टूट रहे हैं। इंदु उत्तर प्रदेश की रहने वाली है।

लगातार बीमारियों ने भी कई ग्रामीणों को समय से पहले बूढ़ा कर दिया है। हरवंश सिंह (55) और जगजीत सिंह (45) के सारे दांत टूट चुके हैं और जगजीत अपनी उम्र से काफी बड़े दिखते हैं। गौंसपुर गांव में लगभग 450 घर हैं और निवासी भूजल पर निर्भर हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इलाके में चल रही पेपर मिलों से पानी दूषित हो रहा है। सुखविंदर ने कहा कि उद्योगों के जरिए रिवर्स बोरिंग किए जाने की आशंका है, जहां औद्योगिक अपशिष्टों को भूजल में पंप किया जाता है। प्रदूषित सतही जल भी भूजल में रिस कर उसे दूषित कर सकता है। सतलज की 40 किलोमीटर लंबी सहायक नदी गौंसपुर में बुड्ढ़ा नाला पहुंचने से पहले लुधियाना शहर से होकर गुजरती है। लुधियाना जिले के वलीपुर गांव के पास, मौसमी जलधारा थोड़ी और नीचे सतलुज नदी में गिरती है।

लंबे समय से औद्योगिक, कृषि, घरेलू और नगर निगम के कचरे को ले जाने वाले नाले बुड्ढ़ा नाले में प्रवेश कर रहे हैं। 2010 में, केंद्रीय पर्यावरण और वन मंत्रालय ने बुड्ढ़ा नाला को गंभीर रूप से प्रदूषित क्षेत्र घोषित किया है।

आम आदमी पार्टी के पंजाब प्रवक्ता अहाब सिंह ग्रेवाल ने इस मामले पर डीटीई को बताया कि पूरी धारा काली है और इसमें से अनचाही और बेचैन करने वाली बदबू उठती है। औद्योगिक ईकाइयां रसायनों से भरे डिस्चार्ज को नगरपालिका के सीवरों में भेजते हैं, जो अंत में नाले तक पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी रवायत है जो खुले रहस्य की तरह है।

2021 के एक अध्ययन के अनुसार डाई उद्योग धातु युक्त रसायनों और जटिल रंगों का उपयोग करता है। इलेक्ट्रोप्लेटिंग उद्योग पीतल, जस्ता, चांदी, सोना, निकल, तांबा, लोहा, एल्यूमीनियम, सीसा, टिन, प्लैटिनम और क्रोमियम का उपयोग करता है। अध्ययनों ने बुड्ढ़ा नाला में भारी धातुओं का दस्तावेजीकरण किया है। आर्सेनिक, क्रोमियम, लेड और आयरन जैसी भारी धातुएं चिंता का विषय हैं क्योंकि ये लंबे समय तक पर्यावरण में रहती हैं। एक अध्ययन के अनुसार बुड्ढ़ा नाला के छह किलोमीटर के दायरे में एकत्र किए गए भूजल के कई नमूने पीने के लिए अनुपयुक्त थे।सुखविंदर ने अपने घर में रिवर्स ऑस्मोसिस वॉटर फिल्ट्रेशन सिस्टम (आरओ) लगाया है। उन्होंने कहा, लेकिन हमें हर 20 दिनों में फ़िल्टर बदलना पड़ता है। वह बताते हैं जो लोग महंगे वाटर प्यूरीफायर नहीं खरीद सकते वे गैरउपचारित भूजल पीते हैं।

प्रदूषण की इस भीषण मार के बीच इलाज का भी संकट लोगों के लिए भारी पड़ रहा है। सुखविंदर बताते हैं। पड़ोसी गांव में सरकारी डिस्पेंसरी अच्छी नहीं है। उनके पास अक्सर दवाओं का स्टॉक नहीं होता है। इसलिए कई लोग निजी क्लिनिक या अस्पताल में इलाज करवाना पसंद करते हैं। लुधियाना में दयानंद मेडिकल कॉलेज हमें मुफ्त इलाज प्रदान करता है। सुखविंदर अनुमान लगाते हैं कि ग्रामीणों को उम्मीद है कि सरकार गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाएगी। यह उन बीमारियों को पकड़ने में मदद करेगा जो रडार के अधीन हैं। यदि प्रत्येक ग्रामीण का परीक्षण किया जाता है, तो गांव में बीमारी का बोझ और भी अधिक हो सकता है।

ग्रामीणों ने पेपर मिल उद्योगों से फ्लाई ऐश की भी शिकायत की। इंदु कहती हैं। यह हमारी आंखों में प्रवेश करता है। हम कभी-कभी इसे निकलवाने के लिए डॉक्टर के पास जाते हैं। उसका घर एक पेपर मिल फैक्ट्री और बुड्ढ़ा नाले के ठीक सामने है। इंदु ने कहा, हम कारखाने से निकलने वाली दुर्गंध के साथ जीने को मजबूर हैं। कुछ परिवारों ने खतरे से निपटने के लिए दूसरे रास्ते की तलाश की है। सुखविंदर ने कहा, पिछले पांच सालों में चार-पांच परिवारों ने अपनी जमीन बेच दी और विदेश चले गए। अधिकांश निवासियों के पास परिस्थितियों को सहने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है।

साभार- डीटीई

# विश्व दुग्ध दिवस 2023: दुनिया के सबसे बड़े दूध उत्पादक देशों में से एक है भारत

**हर साल** एक जून को विश्व दुग्ध दिवस मनाया जाता है। यह डेयरी उद्योग का जश्न मनाने और दुनिया भर में भोजन के रूप में दूध के महत्व को उजागर करने का दिन है। विश्व दुग्ध दिवस, दुनिया भर में कितना पौष्टिक, सस्ता और सुलभ दूध है इस सब का उल्लेख करने और बातचीत शुरू करने का दिन है।



2001 में, संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन द्वारा दुनिया भर में भोजन के रूप में दूध के महत्व को पहचानने और डेयरी क्षेत्र का जश्न मनाने के लिए विश्व दुग्ध दिवस की स्थापना की गई थी। डेयरी क्षेत्र से भारत सहित दुनिया के अरबों लोगों की आजीविका जुड़ी हुई है। दूध के महत्व को एफएओ के आंकड़ों से समझा जा सकता है जो दिखाता है कि दुनिया भर में एक अरब से अधिक लोगों की आजीविका डेयरी क्षेत्र से जुड़ी है। दुनिया भर में छह अरब से अधिक लोगों द्वारा डेयरी उत्पादों का उपभोग किया जाता है। भारत, संयुक्त राष्ट्र के सदस्य राज्यों में से एक होने के नाते, यहां हर साल दुग्ध दिवस मनाया जाता है। 2021 में 199 मिलियन टन से अधिक उत्पादन के साथ भारत वर्तमान में शीर्ष दूध उत्पादक है, जो इसे विश्व दुग्ध दिवस में एक जिम्मेदार खिलाड़ी बनाता है। भारत दुनिया में दूध के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है। 1955 में, भारत का मक्खन आयात प्रति वर्ष 500 टन था और 1975 तक दूध और दूध से बने उत्पादों के सभी आयात बंद कर दिए गए थे क्योंकि भारत दूध उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर हो गया था। दुग्ध उत्पादन में भारत की सफलता की कहानी डॉ.वर्गीज कुरियन द्वारा लिखी गई थी, जिन्हें भारत में श्वेत क्रांति के जनक के रूप में जाना जाता है। आज विश्व दुग्ध दिवस पर कई लोग डॉ. वर्गीज कुरियन को याद कर रहे हैं। भारत में श्वेत क्रांति डॉ. वर्गीज कुरियन के दिमाग की उपज थी। उन्हें भारत को दूध की कमी वाले देश से आज दुनिया में दूध का सबसे बड़ा उत्पादक देश बनाने के अपने जबरदस्त प्रयासों के लिए जाना जाता है। उनके अधीन गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ लिमिटेड और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड जैसे कई महत्वपूर्ण संस्थान स्थापित किए गए। इन दोनों निकायों ने देश भर में डेयरी सहकारी आंदोलन को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सहकारी डेयरी का आनंद मॉडल प्रसिद्ध हुआ और पूरे देश में प्रचलित हुआ।

## विश्व दुग्ध दिवस का इतिहास

**लोगों** ने दूध पीना तब शुरू किया जब लगभग 9000-7000 ईसा पूर्व नवपाषाण युग में जानवरों को पालतू बनाया गया था। लेकिन इस उम्र से पहले मानवता के पूरे इतिहास में वयस्कों में लैक्टोज को पचाने की क्षमता गायब थी।

जब तक एक बाद के आनुवंशिक उत्परिवर्तन ने हमें दूध पीने की अनुमति नहीं दी, तब तक शुरुआती लोग ज्यादातर किण्वित डेयरी उत्पाद खाते थे, जो अधिक आसानी से पचने योग्य थे। दूध कई संस्कृतियों में आध्यात्मिक और तार्किक दोनों कारणों से महत्वपूर्ण हो गया। उदाहरण के लिए, प्राचीन मिश्रवासियों, यूनानियों और सुमेरियों के लिए, पौराणिक कथाओं में दूध एक प्रमुख तत्व था। पश्चिमी अफ्रीका में कुछ लोगों का मानना था कि ब्रह्मांड की शुरुआत दूध की एक बूंद से हुई है। मंगोलियाई सूखे घोड़े के दूध के साथ यात्रा करते थे जिसे पुनर्गठित किया जाता और जो लंबी यात्राओं में पोषण प्रदान करता था। दूध की जितनी पूजा होती थी, उतनी ही उसकी खिल्ली भी उड़ाई जाती थी। जबकि शुरुआती जापानी बौद्ध मक्खन का सेवन करने वालों का मजाक उड़ाते थे, उत्तरी यूरोपीय लोगों को हिरण के दूध का सेवन करने के लिए घृणित माना जाता था।

रोम में, दूध को एक निम्न श्रेणी का पेय माना जाता था, केवल किसानों द्वारा इसका सेवन किया जाता था, जिनके पास और कोई विकल्प नहीं थे। दूध के इतिहास में अगला अध्याय औद्योगीकरण के साथ आता है। जबकि अधिकांश देशों और संस्कृतियों ने दूध को अपनाया था। लंदन और पेरिस जैसी जगहों पर अचानक दूध की शहरी मांग आसमान छू छूने लगी।

-साभार- डीटीई

## विश्व दुग्ध दिवस 2023 थीम

**विश्व** दुग्ध दिवस संगठन हर साल एक जून के लिए एक नई थीम की घोषणा करता है। विश्व दुग्ध दिवस 2023 की थीम डेयरी का आनंद लें है। संगठन अपने वार्षिक सोशल मीडिया अभियानों में लोगों की भागीदारी को प्रोत्साहित करता है। पिछले साल विश्व दुग्ध दिवस 2022 की थीम डेयरी नेट-जीरो थी। इस विषय ने जलवायु कार्रवाई में तेजी लाने और डेयरी उद्योग के पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने पर था।

# 15 सालों में शहरी यातायात के उत्सर्जन में 22 फीसदी की कटौती संभव है, कैसे यहां जानें

**लोगों** पर अत्यधिक दबाव डाले बिना दुनिया के बड़े शहरों में यातायात को जलवायु के अधिक अनुकूल कैसे बनाया जा सकता है? दुनिया भर के 120 प्रमुख शहरों का एक मॉडल-आधारित अध्ययन से पता चलता है कि इन दो प्रमुख लक्ष्यों को कैसे समेटा जा सकता है। इसमें इस बात की शर्त होगी कि इनमें से किसी भी शहर में जीवन की गुणवत्ता में कमी नहीं आने दी जाएगी। यातायात में अनुकूल जलवायु नीति 15 वर्षों में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को 22 फीसदी तक कम कर सकती है।

यह अध्ययन बर्लिन स्थित जलवायु अनुसंधान संस्थान, मर्केटर रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑन ग्लोबल कॉमन्स एंड क्लाइमेट चेंज (एमसीसी) की मदद से किया गया है। अध्ययनर्ताओं ने बताया कि उन्होंने इसके लिए एनईडीयूएम नामक गणना मॉडल का इस्तेमाल किया, जो क्षेत्रीय अर्थशास्त्र में अच्छी तरह से स्थापित है। उन्होंने इसे प्रत्येक शहर के लिए जनसंख्या घनत्व, भूमि उपयोग, आवास के आकार, किराए और यातायात पर होने वाले खर्च के आंकड़ों के आधार पर विश्लेषण किया। फिर उन्होंने शहरी यातायात में जलवायु नीति के लिए चार चीजें लागू की, अर्थात ईंधन कर, कुशल कार, सार्वजनिक परिवहन में निवेश या जलवायु-अनुकूल शहरी विकास, उन्हें अलग से और साथ-साथ लागू करना इसमें शामिल है।

इसके परिणामस्वरूप हर शहर और प्रत्येक परिदृश्य के लिए दो मुख्य चीजें मिली, शहरी यातायात से गैसों का उत्सर्जन और यहां रहने वाले लोगों के कल्याण की अहमियत। जीवन के प्राकृतिक मानकों के अलावा, इसमें यातायात से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों की कीमत भी शामिल है, जिसमें शोर, गाड़ियों से निकलने वाला धुवां, दुर्घटनाएं, साथ ही चलने या साइकिल चलाने से शरीर को स्वस्थ रखना शामिल है। 120 से अधिक बड़े शहरों को अध्ययन में शामिल किया गया, 15 वर्षों के दौरान गैस उत्सर्जन में 4 से 12 फीसदी के बीच की गिरावट देखी गई। जो शहरी जलवायु नीति के दृष्टिकोण पर निर्भर करता है, इसे 31 फीसदी तक कम किया जा सकता है, बशर्ते सभी चार दृष्टिकोणों का एक साथ सही से पालन किया जाए।



अध्ययन के इस पहले चरण में यह परिणाम मोटे तौर पर शोध साहित्य में मौजूदा अनुमानों के अनुरूप है। कल्याण के लिए मध्यवर्ती परिणाम ठीक नहीं हैं, इसमें औसतन तीन फीसदी की गिरावट देखी गई है। लेकिन नए अध्ययन की बात यह है कि एक दूसरे चरण में, अध्ययनकर्ताओं ने इस चीज का निर्माण किया जिससे प्रत्येक शहर में वहां रहने वाले लोगों का कल्याण मामूली रूप से बढ़ता है। इस शर्त के तहत, यानी राजनीतिक इच्छा शक्ति की दृष्टि से, गणना मॉडल ने प्रत्येक शहर के लिए सबसे बड़े जलवायु संरक्षण प्रभाव वाले नीतियों का निर्धारण किया। परिणाम यह था कि अधिकतम 31 फीसदी तक उत्सर्जन से बचा जा सकता है। एमसीसी वर्किंग ग्रुप लैंड यूज, इंफ्रास्ट्रक्चर एंड ट्रांसपोर्ट के प्रमुख और सह-अध्ययनकर्ता फेलिक्स क्रुत्जगि कहते हैं, इसलिए ऐसा लगता है कि प्रत्येक शहर में कल्याणकारी तरीके से उत्सर्जन को कम करना संभव है, जबकि दुनिया भर के अधिकांश उत्सर्जन में कमी लाना जरूरी है। हालांकि, स्थानीय विशेषताओं के मद्देनजर, प्रत्येक मामले में एक सही रणनीति की जरूरत होती है। जब जलवायु संरक्षण की बात आती है तो इसे लागू करने में आखिर में नगर पालिकाओं को लचीले ढंग से कार्य करने में मदद मिलेगी। मुख्य अध्ययनकर्ता चार्लोट लिओटा कहते हैं, हमारा काम पहली बार ऐसी रणनीतियों को विकसित करने के लिए एक विश्लेषणात्मक ढांचा प्रदान करता है।

यह दुनिया भर में बढ़ते तापमान के खिलाफ मुकाबले में शहरी यातायात नीतियों के महत्व पर भी प्रकाश डालता है। दुनिया भर में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग आठ फीसदी के लिए शहरी यातायात जिम्मेवार है। अब तक, क्षेत्रीय अर्थशास्त्र पर शोध में शायद ही उन पर विचार किया गया है। संकट से बाहर निकलने का रास्ता खोजने के लिए जलवायु कूटनीति में उपयोग किए जा रहे राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित तरीकों में शहर की नीतियों की भी काफी हद तक उपेक्षा की गई है।

साभार- डीटीई

# राशिद खान श्रीलंका के खिलाफ पहले दो वनडे से हुए बाहर

**एजेंसी। काबुल**

**अफगानिस्तान** के स्पिनर राशिद खान श्रीलंका दौरे के शुरुआती दो वनडे मैचों में नहीं खेलेंगे। अफगानिस्तान की टीम श्रीलंका दौरे पर है। उसे वहां पर तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलनी है। पहला मुकाबला दो जून को हंबनटोटा में है। वहीं आखिरी मैच सात जून को है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अनुसार राशिद खान चोट की वजह से शुरुआती दो वनडे मैच से बाहर है। उम्मीद है कि वह तीसरे मुकाबले से पहले टीम के साथ जुड़ जाएंगे।

## अफगानिस्तान को दो जून से खेलना है ओडीआई सीरीज

## आईपीएल के दौरान हुए थे इंजर्ड

दरअसल राशिद खान आईपीएल के 16वें सीजन में गुजरात टाइटंस टीम के हिस्सा थे। राशिद ने 30 मई को गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच अहमदाबाद में खेले गए फाइनल मैच के बाद कमर में दर्द की शिकायत की थी। फाइनल में राशिद को कोई सफलता नहीं मिली थी। उन्होंने 3 ओवर में 44 रन दिए थे। राशिद आईपीएल के 16वें सीजन के तीसरे सफल गेंदबाज रहे हैं। वह गुजरात टाइटंस के भी तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं। राशिद ने 17 मैचों में 8.23 की इकोनॉकी रेट से 27 विकेट लिए थे। वहीं आईपीएल के सबसे सफल गेंदबाज मोहम्मद शमी रहे। उन्होंने 17 मैचों में 8.03 की इकोनॉमी रेट से 28 विकेट लिए। उसके बाद दूसरे नंबर पर मोहित शर्मा रहे। उन्होंने 14 मैचों में 8.17 की इकोनॉमी रेट से 27 विकेट लिए। दोनों ही गुजरात टाइटंस से हैं।

### श्रीलंका के लिए यह सीरीज महत्वपूर्ण

**इस** साल अक्टूबर-नवंबर में भारत में वनडे वर्ल्ड कप खेला जाना है। वर्ल्ड कप से पहले श्रीलंका और अफगानिस्तान दोनों के लिए ही तीन मैचों की वनडे सीरीज बेहद ही अहम है। अफगानिस्तान पहले ही वर्ल्ड कप के लिए टॉप आठ टीमों में जगह बना चुकी है। जबकि श्रीलंका को क्वालिफायर्स खेलना है। क्वालिफायर्स 16 जून से जिम्बाब्वे में होना है।




# भारत के किरण जॉर्ज थाईलैंड ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी। बैंकॉक**

**भारत** के किरण जॉर्ज ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को यहां चीन के दुनिया के 26वें नंबर के खिलाड़ी वेंग होंगे एंग को सीधे गेम में हराकर थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।



दुनिया के 59वें नंबर के खिलाड़ी किरण ने अपने से बेहतर रैंकिंग वाले चीन के खिलाड़ी को प्री क्वार्टर फाइनल में 39 मिनट में 21-11, 21-19 से हराया। किरण पहली बार बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 500 प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं।ओडिशा ओपन 2022 के विजेता किरण शुक्रवार को अंतिम आठ के मुकाबले में हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस और फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे। हालांकि महिला एकल में अश्मिता चालिहा को पूर्व ओलंपिक और तीन बार की विश्व चैंपियन स्पेन की कैरोलिना मारिन के खिलाफ 18-21 13-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

डब्ल्यूटीसी फाइनल को लेकर पोंटिंग ने कहा

# पुजारा और कोहली के बारे में बात करेगा ऑस्ट्रेलिया

**एजेंसी। लंदन**

**पूर्व** कप्तान और दिग्गज क्रिकेटर रिकी पोंटिंग का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया को अगर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में भारत से निपटना है तो चेतेश्वर पुजारा और विराट कोहली को जल्दी आउट करना होगा। भारत के टेस्ट बल्लेबाज पुजारा इंग्लैंड काउंटी चैंपियनशिप में ससेक्स की ओर से लंबे समय तक खेलने के कारण टीम के साथियों को बहुमूल्य सुझाव दे सकते हैं जबकि कोहली हाल ही में संपन्न इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के लिए दो शतक और छह अर्धशतक लगाकर शानदार फॉर्म में हैं।






पोंटिंग ने द आईसीसी रिव्यू में कहा, इसमें कोई शक नहीं कि ऑस्ट्रेलियाई टीम विराट के बारे में बात करेगी और वे पुजारा के बारे में बात करेंगे। पुजारा को ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की चुनौतियों का आनंद लेने के लिए जाना जाता है जिन्होंने किसी भी अन्य टीम की तुलना में उनके खिलाफ अधिक टेस्ट रन और शतक बनाए हैं और उनका प्रदर्शन भारत के दूसरे प्रयास में डब्ल्यूटीसी ट्रॉफी जीतने की संभावनाओं के लिए महत्वपूर्ण होगा। पोंटिंग ने कहा, पुजारा ने अतीत में ऑस्ट्रेलिया में काफी परेशान किया है और यह विकेट संभावित रूप से ऑस्ट्रेलियाई पिच की तरह होगा। वे जानते हैं कि उन्हें उसे जल्दी आउट करना होगा। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले पुजारा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 24 टेस्ट में पांच शतक की मदद से 2,033 रन बनाए हैं और भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को उम्मीद होगी कि वह डब्ल्यूटीसी फाइनल में टीम के लिए कुछ और महत्वपूर्ण योगदान देंगे। कोहली ने आईपीएल में अपनी जबर्दस्त फॉर्म के अलावा मार्च में बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट में 186 रन की पारी खेली थी और वह पैट कमिंस की अगुआई वाली टीम के खिलाफ खेलने के लिए बेताब होंगे।

पोंटिंग ने कहा, वे यह भी जानते हैं कि पिछले कुछ हफ्तों में विराट शायद अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापस आ गया है, हालांकि टी-20 क्रिकेट में। उसने मुझे बताया कि वह महसूस कर रहा है कि वह अपनी लगभग सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापस आ गया है और एकमात्र मैच से पहले यह ऑस्ट्रेलिया के लिए चेतावनी है।

### ऑस्ट्रेलिया को द ओवल में खराब रिकॉर्ड की चिंता

**मेलबर्न।** भारत के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की तैयारी कर रही ऑस्ट्रेलिया की टीम द ओवल पर अपने पिछले खराब रिकॉर्ड को भुलाकर नई शुरुआत करना चाहेगी। इंग्लैंड में 140 से अधिक वर्षों के टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ऑस्ट्रेलिया का रिकॉर्ड द ओवल में सबसे खराब रिकॉर्ड में से एक है। यही मैदान सात से 11 जून तक भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच डब्ल्यूटीसी फाइनल की मेजबानी करेगा। इंग्लैंड में 1880 में पहला टेस्ट मेजबान और ऑस्ट्रेलिया के बीच द ओवल में ही खेला गया था। ऑस्ट्रेलिया की टीम दक्षिण लंदन के इस मैदान पर 38 टेस्ट में केवल सात ही जीत दर्ज कर पाई है। इस मैदान पर टीम की सफलता का प्रतिशत 18.42 है जो पूरे इंग्लैंड में सबसे खराब है।

### गिल के प्रदर्शन से काफी प्रभावित हैं पोंटिंग

**पोंटिंग** आईपीएल और बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी दो टेस्ट में 23 वर्षीय बल्लेबाज शुभमन गिल के प्रदर्शन से भी काफी प्रभावित हैं। गिल ने आईपीएल में गुजरात टाइटंस के लिए तीन शतक लगाए। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने कहा, वह शानदार युवा खिलाड़ी है। उसमें थोड़ी अकड़ भी है और वह स्तरीय खिलाड़ी भी है। वह तेज गेंदबाजों के खिलाफ फ्रंट-फुट पुल शॉट खेलता है और उसे शायद इस ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ इस शॉट की जरूरत पड़ेगी। डब्ल्यूटीसी फाइनल में तेज गेंदबाजों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी और पोंटिंग का मानना है कि अनुभवी मोहम्मद शमी को ऑस्ट्रेलिया के मजबूत बल्लेबाजी क्रम के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा क्योंकि चोट के कारण जसप्रीत बुमराह टीम का हिस्सा नहीं हैं।

# कलाई की चोट के कारण फ्रेंच ओपन से हटे मोनफिल्स

**पेरिस।** पहले दौर के मुकाबले में पांच सेट में मिली जीत का असर गेल मोनफिल्स पर पड़ा है और वह बाईं कलाई में चोट के कारण फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए। मोनफिल्स के हटने से छठे नंबर के खिलाड़ी होल्गर रूने ने तीसरे दौर में प्रवेश किया।

फ्रांस के 36 साल के मोनफिल्स ने बताया कि उनकी बाईं कलाई में चोट है और वह टूर्नामेंट में आगे नहीं खेल सकते।

मोनफिल्स ने बुधवार को पहले दौर में अर्जेन्टीना के सबेस्टियन बेइज को लगभग चार घंटे चले मुकाबले में 3-6, 6-3, 7-5,1-6, 7-5 से हराया था। एड़ी की सर्जरी के बाद वापसी कर रहे मोनफिल्स की टूर स्तर पर यह पहली जीत थी। मोनफिल्स ने कहा, असल में शारीरिक तौर पर मैं काफी बेहतर हूं। लेकिन मेरी कलाई में समस्या है।

डॉक्टर का कहना है कि इस तरह की चोट के साथ खेलना अच्छा नहीं है। कल काफी जोखिम था और फिर आज मुझे निश्चित तौर पर रुकना पड़ा।

# धोनी के घुटने की सर्जरी हुई, आईपीएल के पहले मैच में लगी थी चोट

## पंत और नीरज चोपड़ा का ऑपरेशन हो चुका है

**एजेंसी। मुंबई**

**इंडियन** प्रीमियर लीग 2023 (आईपीएल) के दौरान चोटिल हुए महेंद्र सिंह धोनी की गुरुवार को घुटने की सर्जरी की गई। सर्जरी मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में हुई है। 5वीं बार चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को आईपीएल का खिताब दिलाने वाले धोनी को टूर्नामेंट के पहले ही मैच में चोट लग गई थी। धोनी का ऑपरेशन सुबह आठ बजे हुआ है। डॉक्टर दिनशॉ पारदीवाला ने यह ऑपरेशन किया। वो ऋषभ पंत और टोक्यो ओलिंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा का ऑपरेशन हो चुका है।



धोनी गुजरात के खिलाफ आईपीएल-2023 के पहले ही मैच में चोटिल हो गए थे। गुजरात की पारी के19वें ओवर में दीपक चाहर की गेंद को रोकने के लिए धोनी ने डाइव लगाई, जिसके बाद धोनी कराहते नजर आए। उन्होंने तुरंत ही अपना पैर पकड़ लिया था। वह किसी तरह खड़े हो गए। कुछ देर धोनी परेशान नजर आए। उसके बाद उन्होंने विकेट कीपिंग जारी रखी।

मैच के बाद सीएसके के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने धोनी की चोट पर अपडेट दिया। फ्लेमिंग ने कहा कि टूर्नामेंट से पहले धोनी के घुटने में दर्द हो रहा था। उसके बाद धोनी बाद के मैचों में बाएं घुटने पर पट्टी बांधकर खेलते नजर आए थे। यही नहीं वह घुटने की चोट की वजह से बल्लेबाजी करने भी अधिकांश मैचों में निचले क्रम पर ही आए। पिच पर भी वह दौड़ कर रन लेने के बजाय बड़े शॉट ज्यादा खेलते नजर आए। धोनी ने भी आईपीएल सीजन के बीच में कहा था कि वह ज्यादा दौड़ नहीं सकते हैं। इसलिए वह निचले क्रम पर आकर बड़े शॉट खेलने की कोशिश करते हैं।

# टीम इंडिया की नई जर्सी लॉन्च, तीनों फॉर्मेट के लिए अलग-अलग डिजाइन

**एजेंसी। श्रीनगर**

**टीम** इंडिया की नई जर्सी लॉन्च कर दी गई है। स्पोर्ट्स ब्रांड एडिडास टीम इंडिया का नया किट स्पॉन्सर है। कंपनी ने ही वीडियो जारी करके तीनों फॉर्मेट के लिए तीन अलग-अलग डिजाइन की जर्सी जारी की।

टीम इंडिया सात जून से खेले जाने वाले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल (डब्ल्यूटीसी) में इसी जर्सी में नजर आएगी। पिछले ही महीने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने एडिडास के




साथ 2028 तक के लिए कॉन्ट्रैक्ट साइन किया था। इंडियन मेंस क्रिकेट टीम के अलावा एडिडास विमेंस सीनियर नेशनल क्रिकेट टीम, इंडिया ए, इंडिया बी और अंडर-19 मेंस और विमेंस क्रिकेट टीम की जेर्सी को भी स्पॉन्सर करेगा। टी-20 इंटरनेशनल मैचों के लिए टीम इंडिया डार्क ब्लू कॉलरलेस जर्सी पहनकर मैदान पर उतरेगी।

वहीं वनडे के लिए जर्सी में हल्के नील रंग का इस्तेमाल किया गया है, जिसमें कॉलर लगा है। वहीं, टेस्ट मैचों की जर्सी सफेद रंग की है। तीनों जर्सी के कंधे पर एडिडास की 3-3 पट्टियां बनीं हैं। इन जर्सियों को कश्मीर के डिजाइनर आकिब वानी ने डिजाइन किया है। वहीं, इस समय भारतीय क्रिकेट टीम का स्लीव स्पॉन्सर अनाउंस होना बाकी है।

# इटली, नाइजीरिया और ब्राजील अंडर-20 विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी। अर्जेन्टीना**

**इटली,** नाइजीरिया, कोलंबिया और ब्राजील ने बुधवार को यहां अंडर-20 फुटबॉल विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मेजबान अर्जेन्टीना को सेन जुआन में बुधवार को लगभग 30 हजार दर्शकों के सामने नाइजीरिया के खिलाफ 0-2 से हार का सामना करना पड़ा जिससे टूर्नामेंट में टीम का अभियान थम गया।



## अर्जेन्टीना और इंग्लैंड की टीम बाहर

इटली ने पेनल्टी किक पर अंतिम लम्हों में दागे गोल की मदद से इंग्लैंड को 2-1 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। दूसरे हाफ में पूरे समय 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद ब्राजील ने ट्यूनीशिया को 4-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। कोलंबिया भी चार मिनट में दागे तीन गोल की बदौलत स्लोवाकिया को 5-1 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाने में सफल रहा। क्वार्टर फाइनल में ब्राजील का सामना इजराइल से होगा जबकि कोलंबिया की टीम इटली से भिड़ेगी। नाइजीरिया को दक्षिण कोरिया या फिर इक्वाडोर के खिलाफ खेलना होगा।

# सेविला ने रोमा को हराकर यूरोपा लीग का खिताब जीता

**बुडापेस्ट।** विश्व कप फाइनल में अर्जेन्टीना की ओर से निर्णायक पेनल्टी को गोल में बदलने के बाद गोंजालो मोंटिएल ने बुधवार को यहां एक बार फिर पेनल्टी पर गोल दागकर सेविला को यूरोपा लीग फुटबॉल फाइनल में रोमा पर जीत दिलाई। सेविला का यह सातवां यूरोपा लीग खिताब है। बुडापेस्ट में अतिरिक्त समय के बाद भी मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहने के बाद पेनल्टी शूट आउट में सेविला ने 4-1 से जीत दर्ज की। रोमा के लिए जियानलुका मेनसिनी और रोजर इबानेज गोल करने में नाकाम रहे। मोंटिएल पहले प्रयास में गोल करने से चूक गए थे, लेकिन विरोधी गोलकीपर रुई पैट्रिशियो के फाउल के कारण उन्हें दोबारा मौका मिला, जिसका उन्होंने फायदा उठाते हुए गोल दागा।

# जोकोविच फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**पूर्व** चैंपियन नोवाक जोकोविच और वर्ल्ड नंबर-1 कार्लोस अल्कारेज अपने-अपने मुकाबले जीतकर फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गए हैं। जोकोविच फिलिप-चैटरियर कोर्ट में बुधवार को हंगरी के मार्टन फुकसोविक्स को दूसरे दौर में 7-6 (2), 6-0, 6-3 से हराकर फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में पहुंचे। जोकोविच और फुकसोविक्स के बीच पहला सेट एक घंटा, 30 मिनट तक चला।

इससे पहले, कोर्ट फिलिप-चैटरियर पर ही खेलते हुए अल्कारेज ने लगातार तीसरे साल फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में जगह बनाया। शुरुआती सेट जीतने के बाद टॉप सीड खिलाड़ी अल्कारेज को टैरो डेनियल के खिलाफ दूसरे सेट में हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, 20 साल के खिलाड़ी ने वापसी करते हुए जापानी स्टार को 6-1, 3-6, 6-1, 6-2 से हराया। वहीं पांचवीं वरीयता प्राप्त ग्रीस के स्टेफानोस सितसिपास ने स्पेन के रॉबटरे कारबॉल्स बेना पर 6-3, 7-6, 6-2 से जीत के साथ तीसरे दौर में पहुंच गए।



## वर्ल्ड नंबर-1 कार्लोस अल्कारेज भी जीते

## लगातार तीसरे साल थर्ड राउंड में

पहले दौर के मुकाबले में पांच सेट में मिली जीत का असर गेल मोनफिल्स पर पड़ा है और वह बाईं कलाई में चोट के कारण फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए। मोनफिल्स के हटने से छठे नंबर के खिलाड़ी होल्गर रूने ने तीसरे दौर में प्रवेश किया।

फ्रांस के 36 साल के मोनफिल्स ने बताया कि उनकी बाईं कलाई में चोट है और वह टूर्नामेंट में आगे नहीं खेल सकते।



# इंग्लैंड के लिए कई स्वार्थी खिलाड़ी खेलते थे: हार्मिसन

**एजेंसी। लंदन**

**इंग्लैंड** के पूर्व तेज गेंदबाज स्टीव हार्मिसन ने संकेत दिया है कि टीम के कुछ सीनियर खिलाड़ियों ने 90 के दशक के अंत और 2000 के दशक की शुरुआत में टीम भावना में योगदान नहीं दिया, लेकिन 2005 की एशेज श्रृंखला के दौरान सब कुछ बदल गया, जिसे टीम ने 2-1 से जीता। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी ने कहा था कि उन्होंने 2005 की एशेज के दौरान इंग्लैंड की टीम में एक बड़ा बदलाव देखा था, जिसके जवाब में उस टीम के सदस्य रहे हार्मिसन ने कहा, उस टीम और 2003, 2001, 1999 तथा 1997 के बीच का अंतर यह था कि 2005 में हम एक टीम थे।

गिलेस्पी ने कहा था कि उन्होंने दोनों टीमों के बीच इससे पहले की श्रृंखलाओं में इंग्लैंड की टीम में ऐसा भाईचारा कभी नहीं देखा था। गिलेस्पी ने गुरुवार को कहा, मैंने 2005 एशेज में इंग्लैंड की टीम में एक बड़ा अंतर देखा है...ऑस्ट्रेलियाई टीम के रूप में हमने इससे पहले कभी ऐसा महसूस नहीं किया था। उन्होंने कहा, इंग्लैंड के खिलाड़ी सामान्य रूप से मैदान पर छोटे समूहों में जाते थे। (लेकिन इस बार) यह वास्तव में ध्यान देने योग्य था कि जैसे ही अंपायर मैदान पर पहुंचे, (इंग्लैंड के कप्तान) माइकल वॉन सीधे मैदान पर पहुंच गए, सभी सीधे मैदान पर पहुंच गए, जल्दी से बात हुई और फिर वे भागकर क्षेत्ररक्षण करने पहुंच जाते थे। गेंदबाज दौड़कर अपनी कैप अंपायर को सौंप देता था और इससे पहले कि हमारे बल्लेबाज मैदान पर आधे रास्ते में आते, पूरी इंग्लैंड की टीम खेलने के लिए तैयार रहती थी। इंग्लैंड के लिए 63 टेस्ट में 226 विकेट चटकाने वाले 44 वर्षीय हार्मिसन ने कहा कि कुछ स्वार्थी खिलाड़ियों ने इंग्लैंड की खराब संस्कृति में योगदान दिया।

# अक्षर ने कहा, आईपीएल के दौरान ड्यूक गेंद से अभ्यास की आदत

**एजेंसी। पोर्ट्समाउथ**

**भारतीय** ऑलराउंडर अक्षर पटेल का मानना है कि टी-20 प्रारूप में खेलकर सबसे लंबे प्रारूप में अनुरूप ढलना मुश्किल है, लेकिन इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान लाल गेंद से अभ्यास करने से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में सामंजस्य बैठाने में मदद मिलेगी। भारतीय टीम के अधिकतर खिलाड़ी दो महीने से अधिक समय तक आईपीएल में टी-20 क्रिकेट खेलने के बाद डब्ल्यूटीसी फाइनल में उतरेंगे।

इसके अलावा भारत में जहां टेस्ट क्रिकेट में एसजी गेंदों का उपयोग होता है तो वहीं डब्ल्यूटीसी फाइनल में ड्यूक गेंद का इस्तेमाल किया जाएगा। भारत हालांकि दोहरी चुनौतियों के लिए अच्छी तरह से तैयार है। इंग्लैंड में इस्तेमाल होने वाली ड्यूक गेंदों से सामंजस्य बैठाने पर भारतीय टीम ने काम किया है। अक्षर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा, हम इसके बारे में आईपीएल शुरू होने से पहले ही जानते थे इसलिए आईपीएल के दौरान भी चर्चा होती थी कि हम लाल गेंद से गेंदबाजी करेंगे। उन्होंने कहा, हमारे पास लाल गेंदें थीं इसलिए हम उनका इस्तेमाल कर रहे थे। आप जानते हैं कि कब और कैसे खेलना है, आपके पास कितना समय है। सफेद गेंद से लाल गेंद की ओर मानसिक रूप से बदलाव करना स्पष्ट रूप से कठिन है लेकिन हमारे पास पर्याप्त समय है। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने हालांकि कहा कि गेंद की परवाह किए बगैर महत्वपूर्ण यह है कि सही लाइन और लेंथ से गेंदबाजी पर ध्यान दिया जाए। अक्षर ने कहा, हम सफेद गेंद से लाल गेंद में बदलाव कर रहे हैं। यह एसजी से ड्यूक गेंद में बदलाव करने के समान ही है। आपको अपनी प्रतिभा और कौशल का उपयोग करना होगा। आपको अपनी योजना को लागू करना होता है और गेंदबाजी लय हासिल करनी होती है। गेंद चाहे कोई भी हो, अगर आप सही लाइन और लेंथ के साथ गेंदबाजी करते हैं तो यह काम करता है। उन्होंने कहा, हम यही कर रहे हैं। मैच इंग्लैंड में है, जहां के हालात भारत से अलग हैं, तो हम योजना बना रहे हैं कि यहां कौन सी लाइन और लेंथ काम करेगी। भारतीय खिलाड़ियों का पहला दल पिछले हफ्ते की शुरुआत में लंदन पहुंचा था जिसमें विराट कोहली और अक्षर जैसे खिलाड़ी शामिल थे। टीम फाइनल की तैयारी कर रही जो सात से 11 जून तक द ओवल में होगा।

## दो महीने से ज्यागा आईपीएल में खेलने के बाद डब्ल्यूटीसी फाइनल में उतरेंगे

### भारत और इंग्लैंड की स्थिति अलग

**भारत** की स्पिन की अनुकूल पिचों के विपरीत इंग्लैंड की परिस्थितियां स्विंग गेंदबाजी के अधिक अनुकूल हैं। अक्षर ने कहा, जाहिर है, भारत और इंग्लैंड में स्थितियां अलग हैं। तेज गेंदबाजों की यहां अधिक भूमिका है। भारत में स्पिनर अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा, दोनों टीमों के लिए परिस्थितियां समान हैं। इंग्लैंड में हवा स्विंग गेंदबाजी में मदद करती है और अगर आप सही जगह पर गेंदबाजी करते हैं तो अच्छा उछाल मिलता है।

### अक्षर बोले, तैयारी के लिए पर्याप्त समय

**अक्षर** ने कहा, जो लोग (आईपीएल प्ले ऑफ के लिए) क्वालीफाई नहीं कर पाए उन्हें अधिक समय मिला। इसलिए मुझे नहीं लगता कि कोई समस्या होगी क्योंकि हमारे पास तैयारी के लिए पर्याप्त समय है। उन्होंने कहा, अंतर यह है कि ड्यूक गेंद अधिक समय तक चमकदार रहती है लेकिन आईपीएल के दौरान हमने गेंद मंगवाई थी इसलिए हम इसके साथ अभ्यास कर रहे थे और इसके आदी हो गए थे। भारतीय टीम को तेज गर्मी में आईपीएल खेलने के बाद इंग्लैंड की अपेक्षाकृत ठंडी परिस्थितियों से जल्दी से सामंजस्य बैठाना होगा। अक्षर ने कहा, हम आईपीएल खेलकर आए थे जहां भारत में तापमान 40-45 डिग्री था। उसके बाद यहां बहुत अच्छा लग रहा है।



# ओडिशा के मुख्यमंत्री पटनायक ने तीन फुटबॉल ट्रेनिंग केंद्रों का उद्घाटन किया

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने आगामी इंटरकॉन्टिनेंटल कप से पहले गुरुवार को भुवनेश्वर में तीन आधुनिक फुटबॉल ट्रेनिंग केंद्रों का उद्घाटन किया जिससे राज्य में खेल के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा मिलेगा। इन तीन केंद्रों ओडिशा फुटबॉल अकादमी, भुवनेश्वर फुटबॉल अकादमी और कैपिटल फुटबॉल एरेना के विकास में 90 लाख रुपए का खर्च आया है और इनमें खेल की वैश्विक संस्था फीफा से प्रमाणित छह टर्फ होंगे।